हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • मंगलवार • 11.02.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 200 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### मोदी फ्रांस और अमेरिका की यात्रा पर रवाना

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फ्रांस और अमेरिका की चार दिन की यात्रा पर सोमवार को रवाना हो गए। श्री मोदी ने रवाना होने के पहले अपने वक्तव्य में कहा, राष्ट्रपति मैक्रों के निमंत्रण पर, मैं 10 से 12 फरवरी तक फ्रांस की यात्रा करूंगा। पेरिस में, मैं एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता के लिए तत्पर हूं, जो विश्व के नेताओं और वैश्विक तकनीकी मुख्य कार्यकारी अधिकारियों का सम्मेलन है, जहां हम समावेशी, सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके से नवाचार और बड़े सार्वजनिक भलाई के लिए एआई प्रौद्योगिकी के लिए सहयोगी दृष्टिकोण पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, मेरी यात्रा का द्विपक्षीय खंड मेरे मित्र राष्ट्रपति मैक्रों के साथ भारत-फ्रांस रणनीतिक साझीदारी के लिए 2047 होराइजन रोडमैप पर प्रगति की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगा। हम फ्रांस में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने के लिए ऐतिहासिक फ्रांसीसी शहर मार्सिले की भी यात्रा करेंगे और अंतर्राष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का भी दौरा करेंगे, जिसमें भारत वैश्विक भलाई के लिए ऊर्जा का उपयोग करने के लिए फ्रांस सहित साझीदार देशों के संघ का सदस्य है।

# वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को किसानों के लाभ के लिए तत्पर रहना चाहिए : राज्यपाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल-सह-कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि किसी भी कृषि विश्वविद्यालय अथवा कृषि अनुसंधान केंद्र का दायित्व है कि वे किसानों के हित की सोचें। वैज्ञानिक और शोधकर्ताओं को सदैव किसानों के लाभ के लिए तत्पर तथा सक्रिय रहना चाहिए। कहा गया है कि अन्नदाता सुखी भवः। इसलिए जब अन्नदाता सुखी होंगे, तभी हम सभी भी सुखी रह सकेंगे। राज्यपाल सोमवार को रांची के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित तीन दिवसीय 'एग्रोटेक किसान मेला-2025' के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड एक कृषि प्रधान राज्य है, जहां 70 प्रतिशत से अधिक आबादी गांवों में निवास करती है और कृषि उनकी आजीविका का मुख्य साधन है। उन्होंने कहा कि वे किसानों की कठिनाइयों और चुनौतियों से भली-भांति अवगत हैं। वह अथक परिश्रम करते हैं, लेकिन कई बार उन्हें उनके श्रम का उचित मूल्य नहीं मिल पाता, जो हम सभी के लिए चिंता का विषय है। किसानों को उनकी






फसल एवं उपज का उचित मूल्य मिले और उनकी आय में वृद्धि हो, इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत हैं।

राज्यपाल ने कहा कि हमें एक-फसली तक सीमित न रहकर बहुफसली खेती की ओर ध्यान देना होगा। किसानों की आय बढ़ाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमें प्राथमिक कृषि से माध्यमिक कृषि की ओर बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे किसान आत्मनिर्भर बनें तथा हमारा राज्य कृषि के मामले में न केवल आत्मनिर्भर बनें, बल्कि अन्य राज्यों को निर्यात भी करें। कृषि वैज्ञानिकों को पूरी निष्ठा एवं लगन से कार्य करना होगा। उन्हें किसानों के बीच खेतों में जाना होगा तथा यह जानकारी देनी होगी कि कौन-सा भू-भाग किस प्रकार की खेती एवं फसल के लिए उपयोगी है। हमारे कृषि वैज्ञानिकों एवं विद्यार्थियों को केवल प्रयोगशाला में अनुसंधान तक सीमित नहीं रहना है, बल्कि उन्हें विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर किसानों के बीच रहकर कार्य करना होगा।

राज्यपाल ने कहा कि झारखंड की भूमि सब्जी उत्पादन, वानिकी एवं फूल उत्पादन के लिए भी उपयुक्त है। यहाँ के किसान यदि इन क्षेत्रों में कृषि करें तो उन्हें अच्छी आमदनी हो सकती है। उन्होंने कहा कि गर्व की बात है कि झारखंड को दलहन की अच्छी पैदावार के लिए कई बार कृषि कर्मण पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के जरिये किसानों की स्थिति में सुधार के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। 'पीएम किसान सम्मान निधि योजना' एवं 'किसान क्रेडिट कार्ड योजना' के माध्यम से देश के किसानों को सहायता पहुंचाने हेतु उल्लेखनीय प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री के जरिये वर्ष 2023 को 'अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष' के रूप में मनाया गया, जिससे मोटे अनाजों की महत्ता को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली। राज्यपाल ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इस मेले के माध्यम से किसानों को वैज्ञानिक उपकरणों और कृषि विशेषज्ञों से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ होगा। इसके साथ ही, उन्हें एक-दूसरे से उन्नत कृषि तकनीकों पर विचार-विमर्श करने का भी अवसर मिला होगा।

# जैक बोर्ड : मैट्रिक और इंटर की परीक्षा आज से, तैयारी पूरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2025 आज से 03 मार्च तक पूर्वाह्न 09:45 बजे से अपराह्न 01:05 बजे तक विभिन्न 86 परीक्षा केन्द्रों पर होना है। इन परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त-सह- जिला दंडाधिकारी, रांची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा में संलग्न छात्र एवं उनके अभिभावक द्वारा परीक्षा केन्द्र पर भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं, इस आशंका के मद्देनजर अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है, जो निम्न है :-

- पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना।
- किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना।
- परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में साइबर कैफे, फोटोकॉपी एवं प्रिंटिंग की दुकानें परीक्षा के दिनों में बंद रखना सुनिश्चित करना।
- किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे-बंदुक, राईफल, रिवाल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलना।
- किसी प्रकार का हरवे हथियार जैसे-लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर चलना।
- किसी प्रकार की बैठक या आमसभा का आयोजन करना।

## दिशोम गुरु की तबीयत बिगड़ी, एयर एंबुलेंस से दिल्ली ले जाया गया



**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष शिबू सोरेन की तबीयत बिगड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार, सांस लेने में तकलीफ महसूस होने के बाद उन्हें तुरंत एयर एंबुलेंस के जरिए दिल्ली अस्पताल ले जाया गया। यहां दिशोम गुरु को चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। साथ ही डॉक्टरों द्वारा लगातार उनकी सेहत पर ध्यान दिया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, शिबू सोरेन को सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए एयर एंबुलेंस के माध्यम से दिल्ली भेजा गया। फिलहाल, डॉक्टरों की टीम लगातार शिबू सोरेन की सेहत के बारे में अपडेट दे रही है।

# झारखंड में 28 हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव : मुख्य सचिव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य में निवेश को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का प्रयास रंग पकड़ने लगा है। पिछले सप्ताह कोलकाता में संपन्न इंवेस्टर मीट में मुख्यमंत्री और उद्योगपतियों के साथ बैठक के बाद झारखंड को 28 हजार 306 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। निवेशक झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्पादन इकाई लगाने के लिए इच्छुक हैं। इन प्रस्तावों से राज्य में परोक्ष और अपरोक्ष रूप से 17 हजार 823 लोगों को रोजगार मिलेगा।



मुख्य सचिव अलका तिवारी ने उद्योग निदेशालय को राज्य में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को बेहतर माहौल देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि सिंगल विंडों सिस्टम को ज्यादा कारगर और पारदर्शी बना कर हम झारखंड में जहां नये उद्योगों को आकर्षित कर सकते हैं, वहीं पहले से चल रहे उद्योगों को नई उर्जा दे सकते हैं। उद्योग निदेशालय को अपनी क्षमता में वृद्धि करने और कमियों को दूर करने पर बल देते हुए उन्होंने राज्य के संसाधन आधारित उद्योगों पर फोकस करने का निर्देश दिया। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि देश का 80 प्रतिशत तसर का उत्पादन करने वाला झारखंड आज भी ज्यादातर ककून बेच रहा है, जबकि राज्य में ही ककून का वैल्यू एडिशन कर तैयार माल का वितरण और विपणन किया जा सकता है।

## सड़क हादसे में 3 महिलाओं की मौत, 5 घायल

**हजारीबाग :** चरही में सोमवार सुबह करीब 8:00 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें रांची के बेड़ो की रहने वाली 3 महिलाओं की मौत हो गई। जबकि 5 लोग घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त सभी लोग कुंभ स्नान कर बेड़ो वापस लौट रहे थे।मिली जानकारी के अनुसार, सभी मृतक और घायल एक ही परिवार के हैं। अब तक दुर्घटना की असल वजह का पता नहीं चल पाया है। सभी घायलों को आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल, हादसे में घायल होने वाले या जान गंवाने वाले किसी भी व्यक्ति के नाम की पुष्टि नहीं हुई है।

# परीक्षा पर चर्चा : प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा- खुद को दें चुनौती और तय करें लक्ष्य

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नयी दिल्ली की प्रतिष्ठित सुंदर नर्सरी में परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) के 8वें संस्करण के दौरान देशभर के विद्यार्थियों से बातचीत की। उन्होंने व्यक्तित्व में सुधार और खामियों को दूर करने में चुनौती को अहम बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी खुद को चुनौती दें और एक लक्ष्य निर्धारित करें। लक्ष्य को प्राप्त करने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि परीक्षाएं ही सब कुछ नहीं हैं। उन्होंने ज्ञान और परीक्षा को दो अलग चीज बताया। उन्होंने कहा कि किसी को भी परीक्षा को अंतिम लक्ष्य नहीं समझना चाहिए। उन्होंने लोगों से प्रौद्योगिकी को समझने और उसका अधिकतम उपयोग करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों के साथ अनौपचारिक बातचीत में कई विषयों पर चर्चा की। उन्होंने तिल से बनी मिठाइयां बांटीं।



प्रधानमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को हर समय अच्छी तरह से तैयार रहना चाहिए और स्वयं को चुनौती देते रहना चाहिए। उदाहरण के लिए यदि आप पिछली बार किसी परीक्षा में 30 अंक लाए थे तो अगली बार 35 अंक लाने हैं। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोग खुद से खुद की लड़ाई लड़ते ही नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने इसके लिए मन को स्थिर कर स्वयं की क्षमताओं और लक्ष्य को पहचाने की सलाह दी। उन्होंने लोगों से बार-बार खुद से पूछने का आग्रह किया कि वे क्या बन सकते हैं, क्या हासिल कर सकते हैं और कौन से काम उन्हें संतुष्टि देंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी का ध्यान अखबार या टीवी जैसे दैनिक बाहरी प्रभावों से प्रभावित नहीं होना चाहिए, बल्कि समय के साथ लगातार विकसित होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने बताया कि बहुत से लोग अक्सर अपने दिमाग को बिना दिशा के भटकने देते हैं। प्रधानमंत्री ने उन्हें सलाह दी कि वे अपने निर्णयों में लापरवाही न बरतें और किसी ऐसी चीज पर शांति पाने के लिए अपना मन बनाएं जो उन्हें चुनौतियों से निपटने में मदद करेगी। मोदी ने कहा कि ज्यादातर लोग खुद से नहीं बल्कि दूसरों से प्रतिस्पर्धा करते हैं, अक्सर अपनी तुलना उन लोगों से करते हैं जो शायद कम सक्षम हों। उन्होंने कहा कि खुद से प्रतिस्पर्धा करने से अटूट आत्मविश्वास पैदा होता है, जबकि दूसरों से खुद की तुलना करने से निराशा होती है।

असफलता से उबरने के सवाल पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगर 30-40 प्रतिशत छात्र 10वीं या 12वीं कक्षा में फेल भी हो जाएं, तो भी जीवन खत्म नहीं हो जाता। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जीवन में सफल होना है या सिर्फ पढ़ाई में। उन्होंने असफलताओं को अपना शिक्षक बनाने की सलाह दी। क्रिकेट का उदाहरण देते हुए कहा कि खिलाड़ी अपनी गलतियों की समीक्षा करते हैं और सुधार के लिए प्रयास करते हैं। प्रधानमंत्री ने जीवन को सिर्फ परीक्षा के नजरिए से नहीं, बल्कि समग्र रूप से देखने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि दिव्यांग व्यक्तियों में अक्सर असाधारण ताकत होती है और हर किसी की क्षमताएं अद्वितीय होती हैं। उन्होंने सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय इन ताकतों पर काम करने के महत्व पर जोर दिया।

परिवार कल्याण दिवस
प्रत्येक माह की 11 तारीख को
आयुष्मान आरोग्य मंदिर/शहरी स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन की सेवाएं
अवकाश की स्थिति में आगामी कार्य दिवस पर
परिवार कल्याण के लक्षित समूह-
- नव विवाहित दम्पत्ति
- एक बच्चे वाले योग्य दम्पत्ति
- जटिल गर्भावस्था वाली महिलाएं
- दो या दो से अधिक बच्चों वाले योग्य दम्पत्ति
- युवक–युवती

गतिविधियाँ
- परिवार नियोजन पर परामर्श
- अस्थाई विधियों का वितरण एवं अन्य परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता
- धात्री माता एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य संबंधी सलाह
- पोस्टर पेंटिंग एवं स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता
- आदर्श दम्पत्ति का सम्मान

जोड़ी जिम्मेदार जो प्लान करे परिवार
"विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पति की शान !"
परिवार नियोजन की विधियाँ
स्थायी विधियाँ: पुरुष नसबंदी, महिला बंध्याकरण
अस्थायी विधियाँ: इंजेक्शन एम.पी.ए, आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली, गर्भ निरोधक गोलियाँ, कॉपर 375 380 A, कंडोम
फिक्स डे एप्रोच के तहत प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार या शुक्रवार को परिवार नियोजन की स्थायी विधियां उपलब्ध हैं।
अधिक जानकारी के लिए जिला अस्पताल अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/ए.एन.एम./सी.एच.ओ./सहिया से सम्पर्क करें।
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
PR- 345997 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25

## एक नजर

### बिजली की आपूर्ति से ग्रामीणों में हर्ष

**विष्णुगढ़** : हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बकसपुरा पंचायत के रखवा (बीच टोला) में जेएलकेएम कार्यकर्ताओं के सौजन्य से 00 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन ग्रामीणों की उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना करते हुए फीता काटकर किया गया। ट्रांसफार्मर खराबी की सूचना जेएलकेएम युवा नेता मुकेश कुमार महतो को दी गई थी। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से वार्ता कर ग्रामीणों को 100केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया । उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुकेश कुमार महतो ने कहा की ट्रांसफार्मर नहीं रहने की वजह से ग्रामीणों को विभिन्न बिजली संबंधित कार्य करने में काफी परेशानी हो रही थी, बच्चों का पठन पाठन के कार्य बाधित होने के साथ-साथ अन्य गतिविधियां भी प्रभावित हो रही थी। अब ट्रांसफार्मर के लगने से गांव में उजाला रहेगा और विभिन्न परेशानियों से छुटकारा मिल पाएगा। मौके पर मुखिया नन्हकू महतो, कोलेश्वर महतो, सुरेश कुमार, नागेश्वर महतो, पोखी महतो, युगल महतो, अनूप महतो, तालो महतो, सचिन कुमार, मुकेश कुमार इत्यादि गण मान्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### कौटिल्या महिला महाविद्यालय ने मनाया 11वां स्थापना दिवस

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखण्ड के कौटिल्या महिला महाविद्यालय का 11वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मौके पर बतौर उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य अवध कुमार व संचालन रामचरित्र प्रसाद ने किया। कार्यक्रम की महाविद्यालय में प्रबंधन समिति द्वारा 11वीं स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि को छात्राओं के द्वारा अंग वस्त्र बुके स्वागत गीत गाकर स्वागत किया गया। विधायक ने कहा की बड़कागांव प्रखण्ड मे बालिकाओं के लिए यह पहला कॉलेज है जो केवल बेटियों को ध्यान मे रखकर इस महाविद्यालय का संचालन किया गया था। संसाधनों की कमी के बावजूद 11वॉ स्थापना दिवस मनाना अहम है, महाविद्यालय प्रबंधन कमिटी से में अपील करता हूँ की इस कॉलेज के गरिमा को बनाये रखे और छात्राओं को उच्च शिक्षा के साथ - साथ सामाजिक शिक्षा देकर उनके उज्जवल भविष्य के निर्माण करने मे अपना अहम योगदान दें। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी विशिष्ट अतिथि एसआई सावित्री कश्यप, उप प्रमुख वचन देव कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर प्रसाद ,मुखिया अनिकेत कुमार नायक, मुखिया सुलेखा कुमारी, झमन प्रसाद, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, तपेश्वर कुमार तापस, गिन्नी वर्मा, महाविद्यालय के अध्यक्ष सुधांशु कुमार शेखर, प्राचार्य अवध कुमार,राधा कुमारी सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

### ब्रह्म विद्या विहंगम योग सत्संग गोष्ठी का हुआ आयोजन

**बरही:** ब्रह्म विहंगम योग सत्संग गोष्ठी का आयोजन सोमवार को शकुंतला पैलेस के निवास आवास पर बड़े धूमधाम से किया गया। इस सत्संग गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ महेश प्रसाद मेहता व संचालन कृष्णा गुप्ता ने किया। इस दौरान कृष्णा गुप्ता ने श्रद्धालुओं को सत्संग के महत्व और उसके जीवन में सकारात्मक प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे, जिनमें सत्संग प्रभारी कृष्णा कुमार गुप्ता, किशोर उर्फ सत्येंद्र सिंह, कैलाश प्रसाद केशरी, डॉ महेश प्रसाद, रामचन्द्र दास, राजेश कुमार समेत अन्य श्रद्धालु शामिल थे।

# तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार 14 दिनों के न्यायिक हिरासत में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग के तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार को कड़ी सुरक्षा के बीच हजारीबाग कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें 14 दिनों का न्यायिक हिरासत में लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा भेज दिया गया। सबसे पहले उन्हें शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां उनका शारीरिक जांच किया गया। जांच करने के बाद उन्हें कोर्ट लाया गया। तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार के ऊपर उनकी पत्नी अनीता देवी को जिंदा जलाकर मारने का आरोप है। आरोप लगने के बाद पहली बार अशोक कुमार ने कहा कि जो भी आरोप लगाया गया है वह सभी निराधार है। सिक्के के दो पहलू होते हैं। पहले पहलू पर बहुत अधिक दुष्प्रचार हो चुका है। वहीं उन्होंने अपनी पत्नी अनीता देवी पर कहा कि दिवंगत आत्मा के शांति के लिए मैं कुछ भी नहीं कहना चाहता हूं। अशोक कुमार के अधिवक्ता राजकुमार राजू ने कहा 14 दोनों का न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस जिसे गिरफ्तार करती है उसे कोर्ट में पेश करना होता है। इसी के तहत उन्हें कोर्ट में पेश किया गया है। अशोक कुमार चाहेंगे तो जमानत के लिए अर्जी दिया जाएगा। हजारीबाग के तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। पिछले 41 दिनों से वह फरार चल रहे थे। अंततः हजारीबाग लोहसिंघना थाना और उनकी टीम ने उन्हें जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। देर रात तक पूरी टीम चरही गेस्ट हाउस में रुकी। सोमवार सुबह लगभग 10:00 बजे के आसपास उन्हें मेडिकल टेस्ट के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। वहां से कड़ी सुरक्षा के बीच हजारीबाग कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें 14 दिनों की न्याय हिरासत में जेल भेज दिया। 31 जनवरी को हजारीबाग व्यवहार न्यायालय ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद से ही यह कयास लगाया जा रहा था कि कभी भी उनकी गिरफ्तारी हो सकती है। इस मामले में हजारीबाग पुलिस ने कोर्ट में पुलिस डायरी भी जमा कर चुकी है। ज्ञात हो कि 26 दिसंबर को झील रोड स्थित एसडीओ के सरकारी आवास में सुबह करीब 6:30 से 7:00 बजे एसडीएम की पत्नी अनीता देवी गंभीर रूप से झुलस गई थीं। हजारीबाग सदर एसडीओ अशोक कुमार के विरुद्ध पत्नी को जलाकर मारने के आरोप में लोहसिंघना थाना में मामला दर्ज कर लिया गया था। मामले के सूचक एसडीओ के साला राजू कुमार गुप्ता बने थे। उसने एसडीओ अशोक कुमार समेत चार लोगों को आरोपी बनाया था। जिसमें एसडीओ के पिता दुर्योधन साव छोटा भाई शिवनंदन कुमार एवं छोटे भाई की पत्नी रिंकू देवी का नाम शामिल है। आग से बुरी तरह झुलसने के बाद, उन्हें प्राथमिक चिकित्सा दी गई, और फिर बीजीएच बोकारो तथा रांची में इलाज के लिए भेजा गया। 28 दिसंबर की सुबह अनीता देवी का निधन हो गया था। निधन के बाद मृतिका अनीता देवी के भाई राजू कुमार गुप्ता सहित अन्य परिजन, समाजसेवी एवं राजनीतिक दल के लोगों ने लोहसिंघना थाना का घेराव भी किया था।

# मैट्रिक-इंटर की परीक्षा आज से, 56,317 परीक्षार्थी लेंगे भाग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

- 76 केन्द्रों पर मैट्रिक एवं 53 केन्द्रों पर होगी इंटरमीडिएट की परीक्षा
- जिले के सभी परीक्षा केंद्र सीसीटीवी की जद में रहेंगे

**हजारीबाग** : झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा एवं वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2025 का आयोजन 11 फरवरी से 3 मार्च 2025 तक संचालित होगी। माध्यमिक परीक्षा में 27339 एवं इंटरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों की परीक्षा में 28978 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस प्रकार दोनों परीक्षाओं में कुल 56,317 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। माध्यमिक परीक्षा के लिए हजारीबाग जिले में 76 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गए हैं। वहीं इंटर परीक्षा के लिए 53 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को लेकर नगर भवन में उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, उपविकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष सिंह सहित कई वरीय पदाधिकारी ने सभी गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, गस्ती दल पदाधिकारी, केन्द्राधीक्षक एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में परीक्षा से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा एवं सजगतापूर्वक करने का निदेश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि परीक्षाओं का संचालन निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त संपन्न कराना सभी की जिम्मेवारी है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम, 2001 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने परीक्षा से जुड़े सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय एवं समय प्रबंधन के साथ कार्य करने का निदेश दिया। उन्होंने केन्द्राधीक्षकों को परीक्षा केन्द्र में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी करने का निदेश दिया। साथ ही परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए पीने के शुद्ध पानी, रनिंग वाटर युक्त छात्र एवं छात्राओं के लिए शौचालय, परीक्षा कक्ष में पर्याप्त प्रकाश व्यस्था, पर्याप्त फर्नीचर (बेंच-डेस्क) आदि आवश्यक बुनियादी सुविधाएं बहाल रखने का निदेश दिया। उन्होंने क्वेश्चन पेपर का हैंडलिंग, डिस्ट्रीब्यूशन समय से हो इसका विशेष ध्यान रखने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। वहीं बैठक में संबंधित पदाधिकारियों को आवंटित रौल नंबर-रौल कोड के अनुरूप परीक्षार्थियों के लिए सिटिंग आगुमेंट करने का निदेश दिया। परीक्षा को लेकर परीक्षा केन्द्रों पर निषेधाज्ञा लागू की गई है। परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में परीक्षा की तिथि को परीक्षा के दौरान निषेधाज्ञा लागू रहेगी। निषेधाज्ञा परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। परीक्षा से संबंधित व्यक्तियों के अलावें अन्य किसी की उपस्थिति निषेध रहेगा। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन की जिम्मेवारी केन्द्राधीक्षक को है। कोई अव्यवस्था नहीं हो, इसके लिए लिए सर्तकता बरतें। नोडल पदाधिकारियों पर परीक्षा केंद्र का मॉनिटर करने की जिम्मेवारी रहेगी। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त पुलिस पदाधिकारी प्रातः 7:30 बजे तक परीक्षा केंद्र पर पहुचेंगे। महिला छात्रों का चेकिंग महिला पदाधिकारी ही करेंगे। क्वेश्चन पेपर की सुरक्षा का विशेष ख्याल रखना सुनिश्चित करेंगे और जिन पदाधिकारी के बच्चे परीक्षा में भाग ले रहे हैं वह किसी दूसरे परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी करना सुनिश्चित करेंगे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत



**हजारीबाग** : बरही थाना क्षेत्र के रसोई धमना टोल प्लाजा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान गिरजा साव 60 वर्ष, पिता स्व. सोहन साव ग्राम डेबो थाना चौपारण के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बरही से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रसोई धमना टोल प्लाजा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शव को बरही पश्चिमी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर के सहयोग से बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। बरही पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# पुष्पा ने की दो-दो शादियां, लेकिन जिंदगी में नहीं मिली खुशी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : रामगढ़ शहर के न्यू बगीचा कॉलोनी, सौदागर मोहल्ला में फांसी के फंदे पर झूलने वाली पुष्पा शुक्ला की जिंदगी में कभी खुशी नहीं आई। मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली पुष्पा ने 30 वर्ष की उम्र में ही दो-दो शादियां कर ली थी। दोनों शादियों से उसने खुशी के पल गुजरने की ख्वाहिश रखी। लेकिन उसकी यह ख्वाहिश पूरी नहीं हो पाई। पुलिस की जांच में यह बात स्पष्ट हुआ है कि पुष्पा ने दो बार शादी की। पहली बार जब उसने शादी की तो उसका पति विनोद उसके साथ रहा। कई वर्षों तक साथ रहने के बाद उन दोनों के बीच के संबंध बेहतर नहीं बन सके। पुष्पा और विनोद के झगड़े ने ऐसा रूप लिया कि दोनों बंधन से आजाद हो गए। पुष्पा की लाश के पास जो आधार कार्ड मिला है, उसमें अभी भी पति के रूप में विनोद का ही नाम है। रामगढ़ में श्रीनिवास चौधरी के घर में कुंदन जब रहने आया था, तो उसने पुष्पा को अपनी पत्नी के रूप में ही परिचित कराया था। विनोद को छोड़कर पुष्पा ने दूसरी शादी बड़कागांव निवासी कुंदन शुक्ला के साथ की। कुंदन के साथ भी वह कई साल तक रही। रामगढ़ भी वह कुंदन के साथ ही आई थी। एलएंडटी कंपनी में काम करने वाला कुंदन भी पुष्पा को वह खुशी नहीं दे पाया, जिसके लिए पुष्पा ने अपने पहले पति को छोड़ा था। अपनी सात वर्षीय बच्ची के साथ पुष्पा का संघर्ष जारी रहा। ऐसा कयास लगाया जा रहा है कि जिंदगी से हताश होकर पुष्पा ने खुदकुशी की है। लेकिन यह हत्या है या खुदकुशी पुलिस की जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# 15 करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं की मिली स्वीकृति : अंबा प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के मीडिया प्रभारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अंबा प्रसाद द्वारा चुनाव पूर्व किए गए मेहनत एवं कार्यकाल के दौरान अनुसंशित दर्जनों योजनाओं की स्वीकृति प्राप्त हुई है। विदित हो कि विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पूर्व कई योजनाओं का अंबा प्रसाद द्वारा अनुशंसा एवं उसका डीपीआर तैयार करवा कर जिला में समर्पित करवाया गया था। लेकिन आचार संहिता लग जाने के कारण कई योजनाओं की स्वीकृति नहीं हो पाई थी और अब सभी कार्य धीरे-धीरे धरातल पर उतरने लगे हैं। अभी लगभग 15 करोड़ की योजनाओं की स्वीकृति मिली है जिसका निविदा भी जारी हो गया है। वही एजेंसियों द्वारा निविदा भी जारी कर दी गई है। इस संबंध में विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करके सभी विकास योजनाओं की सूची उपलब्ध कराई गई है। बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के नयाटांड़ पंचायत के ग्राम पिपराडीह में बरगद पेड़ से शनिवार बाजार भाया पांडे मुहल्ला तक पीसीसी पथ निर्माण , लगभग 72 लाख की लागत से, तलसवार पंचायत अंतर्गत टिकरी टांड में मेन रोड से टिकरी टांड भाया अर्जुन साव सुरेश महतो के घर तक एवं उपरैली तालाब तक पीसीसी पथ एवं गाडवाल निर्माण लगभग एक करोड़ 15 लाख की लागत से, हरली पंचायत के मंदिर चौक से भुईया टोली नाला पार नव प्राथमिक विद्यालय हरली तक दो स्पेन का पुल एवं गाडवाल निर्माण लगभग एक करोड़ 40 लाख की लागत से विद्यालयों को सुदृढ़ करने का कार्य होना है। वही खंराटी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय की चार दिवारी निर्माण लगभग 80 लाख की लागत से, महुंगाई खुर्द में उत्क्रमित मध्य विद्यालय का उन्नयन कार्य लगभग 78 लाख की लागत से कार्य किया जाएगा।

# मेहनत, लगन और संघर्ष के बल पर अनुष्का ने अपने मजदूर पिता के सपनों को किया पूरा, अंडर 17 महिला फुटबॉल टीम में हुआ चयन

प्रदीप कुमार सिन्हा



**हजारीबाग :** भारत के अंडर 17 महिला फुटबॉल टीम में झारखंड के बेटियों का दबदबा देखने को मिल रहा है। इस वर्ष के अंडर 17 में झारखंड के पांच बेटियों का चयन हुआ है। इसमें हजारीबाग से अनुष्का का भी चयन इस टीम हुआ है। अनुष्का अंडर 17 खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। अनुष्का मूल रूप से रांची के ओरमांझी के रहने वाली है और पिछले 4 सालों से हजारीबाग के आवासीय विद्यालय एथलीट और फुटबॉल खेल छात्रावास में रहकर फुटबॉल की ट्रेनिंग ले रही है। अनुष्का की कहानी संघर्षों और गरीबी से भरी हुई है। माता पिता दोनों छोटे किसान है। घर चलाने के लिए माता पिता मजदूरी भी किया करते थे। एक हादसे के बाद पिता के पैरों में घाव हो गया है। जिस कारण से उनके पिता सही तरीके से चलने में भी समस्या है। अब पूरे परिवार की जिम्मेदारी उनके माता पर आ चुकी है। अनुष्का कुमारी ने बताया कि उन्हें बचपन से ही फुटबॉल से लगाव है बचपन से ही वह गांव के लड़कियों को फुटबॉल खेलते हुए उन्होंने देखा है। उनके पिता भी एक जमाने में फुटबॉल खेला करते थे। इन कारणों से उनका भी लगाव फुटबॉल के ओर आ गया। पिछले 4 साल से फुटबॉल के गुण सीखने के लिए हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड स्थित आवासीय विद्यालय एथलीट और फुटबॉल खेल छात्रावास रहकर यहां ट्रेनिंग प्राप्त कर रही है। अनुष्का कहती है कि रांची की ओरमांझी के बेहद पिछड़े इलाके से आती है। 3 साल पहले हुए एक हादसे के कारण अब उनके पिता को चलने फिरने में भी समस्या है। माता किसी तरीके से खेती बाड़ी और मजदूरी कर घर खर्च चलाती है। घर में दो भाई हैं लेकिन एक कक्षा दसवीं में पढ़ रहा है वही दूसरा अभी काफी छोटा है। फुटबॉल ही उनके और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को ठीक कर सकता है। जिसलिए वह जी जान लगाकर फुटबॉल के प्रति समर्पित है। अनुष्का के पिता भी एक जमाने में फुटबॉल खेला करते थे जिस कारण से उसके पिता यह चाहते हैं कि वह आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन करें। उनका सपना है कि वह अपनी बेटी को अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए मैदान से देखें। इसलिए नेशनल टीम में चयन के बाद भी अनुष्का ने सबसे पहला फोन अपने पिता को किया। उनके लिए यह चयन की प्रक्रिया किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं थी। जिसके लिए उन्होंने जी जान लगाकर समर्पित भाव से खेला।

## संक्षिप्त खबरें

### वन विभाग ने लूरूंगा जंगल में सात अवैध कोयला खदानों को किया डोजरिंग



**बड़कागांव** : बड़कागांव अधिसूचित वन क्षेत्र लूरुंगा के जंगल में अवैध रूप से संचालित कोयला खदान को बड़का गांव वन विभाग एवं उरी मारी ओपी पुलिस के सहयोग से जेसीबी मशीन लगाकर डोजरिंग कर कर दिया गया। कुल सात अवैध कोयला खदान के मुहाने को बंद किया गया है। अवैध रूप से खदान चलाने वाले मालिक एवं कारोबार में सम्मिलित लोगों को चिन्हित कर वन विभाग के द्वारा मामला दर्ज किया गया है। ज्ञात होगी एक माह पूर्व वन विभाग ने इंदिरा, रुदी, रावतपारा, अंबा झरना, असनाटांड़, आदि कई जंगलों में संचालित अवैध कोयला खदान के मुहाने को बंद करने का काम किया था। डोजरिंग कार्य में बड़का गांव बनकर्मियों के अलावा उरीमारी थाना प्रभारी रामकुमार राम व अन्य पुलिसकर्मी लोग शामिल थे।

### भीम आर्मी भारत एकता मिशन का मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम संपन्न



**बरही** : भीम आर्मी संगठन के तत्वावधान में प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव के नेतृत्व में बरही जवार घाटी में मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष ने की, जबकि संचालन संगठन संरक्षक दिनेश दास ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष एडवोकेट कृष्णा कुमार एवं विशिष्ट अतिथि एडवोकेट रोहित कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर संगठन का विस्तार भी किया गया। मुख्य अतिथि एडवोकेट कृष्णा कुमार ने कहा कि भीम आर्मी पूरे भारत में चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ रही है और समाज के गरीब, मजलूम एवं शोषित वर्ग के हक की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने सभी से भीम आर्मी से जुड़ने की अपील की। प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने कहा कि भारत में कहीं भी अन्याय और अत्याचार होता है तो सबसे पहले भीम आर्मी वहां पहुंचकर पीड़ितों को न्याय दिलाने का कार्य करती है। बरही में भीम आर्मी के गठन के बाद से यह संगठन गरीब और शोषित वर्ग के लिए निरंतर संघर्ष कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुए निम्नलिखित नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें उपाध्यक्ष टिंकू अंसारी, सचिव अनिल कुमार, महासचिव मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष सतेंद्र भुइयां, मीडिया प्रभारी सुरेंद्र पासवान को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें जिला प्रवक्ता एडवोकेट रोहित कुमार, रविदास महासभा अध्यक्ष अर्जुन रविदास, पूर्व अध्यक्ष शंकर राम, डॉ. उमेश कुमार, उपाध्यक्ष हीरालाल मुर्मू, करसो के पूर्व मुखिया प्रभु भुइयां, किशोरी भुइयां, नागेश्वर रविदास, मनोज रविदास, पूर्व मीडिया प्रभारी मेराज हुसैन, संरक्षक गुलाब दास, करियातपुर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र रविदास, बरही पूर्व पंचायत अध्यक्ष अनुज कुमार, कोलुआ कला पंचायत अध्यक्ष विनय कुमार, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सूरज दास, पूर्व उपाध्यक्ष मनोज रविदास, अजय आनंद, समशेर आलम, संतोष निसाद, कैलाश रविदास, रोहित कुमार, राजेश कुमार, राजकुमार मुर्मू, सुनील हांसदा, वीरेंद्र कुमार, रवि नीरज, विकास, गणेश दास, राजू रविदास सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने संगठित होकर समाज में अन्याय के खिलाफ लड़ने का संकल्प लिया।

### रिंग रोड के निर्माण से ही बरही को मिलेगा जाम से मुक्ति : रंजीत चन्द्रवंशी

बरही : महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ व वाहनों की संख्या में लगातार भारी वृद्धि के कारण बरही चौक पर लगातार जाम की समस्या बनी हुई है। इस वजह से राहगीरों, स्कूली बच्चों और आपातकालीन सेवाओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संदर्भ में भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि बरही चौक को रिंग रोड में तब्दील किया जाए, ताकि जाम की समस्या स्थायी रूप से खत्म हो सके। बरही चौक का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह तीन नेशनल हाईवे (एनएच-2, एनएच-33 और एनएच-31) का संगम स्थल है। यहां से गुजरने वाले वाहनों की संख्या काफी अधिक होती है, लेकिन उचित यातायात प्रबंधन के अभाव में जाम की स्थिति विकराल हो जाती है। भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि बरही चौक पर जाम की स्थिति रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है। महाकुंभ से लौटने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण यह समस्या और भी गंभीर हो गई है। स्कूली बच्चों, मरीजों को ले जाने वाली एंबुलेंस और दूर-दराज से आने-जाने वाले यात्रियों को घंटों जाम में फंसना पड़ रहा है, जिससे उनके समय और स्वास्थ्य दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। रंजीत चंद्रवंशी ने जोर देते हुए कहा कि बरही चौक को रिंग रोड में तब्दील करना एक स्थायी समाधान हो सकता है। उन्होंने बताया कि यदि रिंग रोड बनाया जाता है तो भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्ग मिल जाएगा, जिससे मुख्य चौक पर दबाव कम होगा और यातायात सुचारू रूप से चलेगा।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का जरूरतमंदों को मिल रहा है लाभ : डॉ प्रवीण श्रीनिवास

**हजारीबाग** : हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में कटकमसांडी प्रखण्ड स्थित गदोखर पंचायत भवन में सोमवार को निशुल्क दंत जांच शिविर एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें जरूरमंद ग्रामीणों को चिकित्सकों द्वारा दांत एवं स्वास्थ्य का जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर में 43 जरूरतमंद का जांच किया गया। उपचार के साथ चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर एंव आरबीएस का जांच मुफ्त हुआ। मुफ्त दवाई भी उपलब्ध कराया गया। मुफ्त मेडिकल कैंप से इलाज करवाकर मरीजों ने हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं श्रीनिवास होस्पिटल का धन्यवाद व साधुवाद ज्ञापित किया। शिविर के आयोजन में स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियों ने भी सफलतापूर्वक शिविर को संपन्न कराने में अपना योगदान दिया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष एंव डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। वर्तमान दौर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में मरीजों की परेशानीयों को कम करने के उद्देश्य से हर जगह निशुल्क शिविर लगाया जा रहा है। इस विशेष पहल से कईं जरूरतमंदों को अनुभवी चिकित्सकों से उपचार कर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिल रहा है। स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य सार्थक हो रहा है, जरूरतमंदों को लाभ मिल रहा है। अस्पताल एवं कॉलेज परिवार की आगे भी कोशिश रहेगा की यह मुफ्त शिविर जगह- जगह पर जारी रहे और जरूरतमंद शिविर से लाभान्वित हो।

# पुलिस बल राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा, शांति और कानून-व्यवस्था का मजबूत आधार स्तंभ हैं : राज्यपाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि पुलिस बल किसी भी राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा, शांति और कानून-व्यवस्था का मजबूत आधार स्तंभ हैं। वे प्रतिकूल परिस्थितियों में भी जनहित एवं राज्यहित में समर्पित भाव से कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। समाज और राज्य की सुरक्षा के लिए अनेक पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों, चुनाव कार्यों, प्राकृतिक आपदाओं या उग्रवाद से निपटने की चुनौती, हर परिस्थिति में पुलिसकर्मी पूरी निष्ठा, साहस और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। उनका यह बलिदान, त्याग एवं सेवा की भावना सभी को प्रेरित करता रहेगा। राज्यपाल सोमवार को रांची के खेलगांव स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम में आयोजित 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2025 के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल पुलिस बल की कार्यकुशलता को प्रदर्शित करता है, बल्कि आपसी सहयोग, नवीन तकनीकों के आदान-प्रदान और पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने का अवसर भी प्रदान करता है। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी, मानव तस्करी और संगठित अपराध जैसी चुनौतियां बढ़ रही हैं। इनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पुलिस बल को अत्याधुनिक तकनीकों और विशिष्ट कौशल से सुसज्जित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पूर्व में लागू किए गए नए आपराधिक कानून हमारे न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इन कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक सरल, सुलभ और पीड़ित केंद्रित बनाना है, जिससे अपराधियों को त्वरित सजा मिल सके और पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिले। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के जरिये 'स्मार्ट पुलिसिंग' की परिकल्पना की गई है, जिसमें पुलिस बल को अधिक संवेदनशील, आधुनिक, सतर्क, जवाबदेह और तकनीक-प्रेरित बनाने का आह्वान किया गया है। पुलिस सेवा केवल कानून व्यवस्था के संधारण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में शांति, महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण, ट्रैफिक प्रबंधन और आपदा प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भी इसका योगदान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।



## प्रधानमंत्री का परीक्षा पे चर्चा विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायी पहल : राज्यपाल



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि प्रधानमंत्री का परीक्षा पे चर्चा विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायी पहल है। यह न केवल परीक्षा संबंधी तनाव कम करने का माध्यम है, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच से आगे बढ़ने की प्रेरणा भी प्रदान करता है। राज्यपाल सोमवार को रांची के अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों के साथ प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने के बाद बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि परीक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह धैर्य, समर्पण और आत्मविश्वास की परीक्षा भी होती है। परीक्षा पे चर्चा यह सिखाता है कि तनाव से मुक्त होकर आत्मविश्वास के साथ एक स्पष्ट योजना बनाकर परीक्षाओं का सामना किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि जिला स्कूल का गौरवशाली इतिहास रहा है। पूर्व में धारणा थी कि जिला स्कूल में जिसका नामांकन होता था, वह समाज का बहुत मेधावी विद्यार्थी होते थे। हमारे विद्यार्थी एवं शिक्षक जिला स्कूल की उत्कृष्टता की दिशा में व्यापक रूप से कार्य करें। वे अन्य विद्यालयों के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि पढ़ाई को केवल परीक्षा तक सीमित न रखें, बल्कि ज्ञान को आत्मसात करें।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति के रांची दौरे को लेकर मुख्य सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा, दिये निर्देश



**रांची :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर 14 फरवरी को रांची आ रही हैं। वह 15 फरवरी को वापस दिल्ली लौट जाएंगी। इस दौरान वह बीआइटी मेसरा के प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति के रांची आगमन पर तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को समीक्षा की गयी। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रोटोकॉल के अनुसार राष्ट्रपति के दौरा के दौरान पूरी व्यवस्था चाक चौबंद रखें। जहां जरूरी हो, विभाग एक दूसरे से समन्वय बना कर तैयारियों को पुख्ता करें। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने आबाध विद्युत आपूर्ति का निर्देश दिया। वहीं एयरपोर्ट के निदेशक को हवाईअड्डा पर वीआईपी लाउंज को व्यवस्थित रखने को कहा। इस दौरान राष्ट्रपति के मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार अलग- अलग व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की तैयारियों का भी जायजा लिया गया। राष्ट्रपति के आगमन के दौरान स्वागत के लिए बुके की व्यवस्था, राष्ट्रीय गान, कारकेड, सुरक्षा व्यवस्था, भोजन और आवासन की व्यवस्था, विद्युत और ध्वनि विस्तारक की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल और आवासन स्थल पर मेडिकल व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था, आवागमन मार्ग को दुरुस्त करना सहित कई अन्य जरूरी व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा की गयी।

### प्रधानमंत्री ने छात्रों को दिए तनावमुक्त परीक्षा के सुझाव

**रांची :** परीक्षा के मौसम में छात्रों का तनाव कम करने और सकारात्मक दृष्टिकोण से परीक्षा का सामना करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत देशभर के चुने हुए छात्रों से संवाद किया, जिसे टेलीविजन के माध्यम से एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल ,पुंदाग के विद्यार्थियों ने भी देखा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने परीक्षा से पहले की चिंता, समय प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, माता–पिता की अपेक्षाओं और आत्मविश्वास बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बात की। उन्होंने छात्रों को तनावमुक्त रहने की सलाह देते हुए कहा कि परीक्षा जीवन का छोटा हिस्सा है, इसे बोझ नहीं बल्कि एक अवसर मानें। यह एक यात्रा है, मंजिल नहीं। खुद की तुलना दूसरों से करने के बजाय अपनी क्षमताओं पर ध्यान दें और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने प्रधानमंत्री से अपनी शंकाओं और चिंताओं को साझा किया, जिनका उन्होंने सहज और प्रेरणादायक जवाब दिया। प्राचार्य एसके मिश्र ने प्रधानमंत्री के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल परीक्षा का भय कम करना, बल्कि छात्रों में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है। परीक्षा पर चर्चा छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बन गई है, जिससे वे प्रेरित और प्रोत्साहित महसूस करते हैं।

### नगर निगम ने की अवैध व्यावसायिक गतिविधियों पर कार्रवाई, दो दुकानें सील




**रांची :** रांची नगर निगम ने निगम क्षेत्रांतर्गत बिल्डिंग और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में होल्डिंग, ट्रेड लाइसेंस और रेजिडेशियल होल्डिंग में व्यावसायिक गतिविधियों की जांच को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रविवार को सहायक प्रशासक के नेतृत्व में निगम के राजस्व शाखा की टीम ने रोशपा टावर में दो दुकानों –पीओजे फर्नीचर और वन स्टॉप सर्विस को सील कर दिया गया। ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता इन दुकानों को ट्रेड लाइसेंस सत्यापित करने के लिए 3 महीने से नोटिस भेजा जा रहा था, लेकिन प्रतिष्ठानों के द्वारा ट्रेड लाइसेंस प्रस्तुत करने और लेने में रुचि नहीं दिखाई गई। झारखंड व्यापार लाइसेंस विनियम, 2017 के तहत निगम द्वारा दुकानों को सील किया गया। बता दें कि निगम क्षेत्रांतर्गत व्यवसाय करने वाले सभी दुकानदारों को म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है। नियमों का पालन आवश्यक जिस परिसर में बिना लाइसेंस के व्यवसाय संचालित हो रहा है, वैसे परिसर को पकड़े जाने पर सील किया जाएगा। जितने भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान म्युनिसिपल लाइसेंस ले चुके हैं, वे लाइसेंस की अनुज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठान में ऐसे स्थापित करें जिसका अवलोकन वेरिफिकेशन के क्रम में सहजता के साथ किया जा सके।

### पीएम आवास योजना के तहत नए लाभार्थियों की पहचान शुरू



**रांची :** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए लाभार्थियों की पहचान शुरू कर दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10 साल बाद फिर से आवास प्लस 2 का सर्वे किया जा रहा है। वर्ष 2014–15 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए लाभार्थियों की पहचान शुरू की गई थी। पंचायत स्तर पर किए गए पहले सर्वे के बाद अब 2024–25 में सरकारी कर्मचारी घर–घर जाकर नए लाभार्थियों की पहचान कर रहे हैं। इस बार जिले के लिए 14,595 आवासों का नया लक्ष्य तय किया गया है। योजना की प्रगति पीएम आवास योजना की स्थिति वर्ष 2016 से 2022 के दौरान जिले के लिए कुल 55,340 आवासों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इनमें से 54,608 आवास पूरे किए जा चुके हैं, जबकि 732 आवास अब भी अधूरे हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, अधूरे आवासों के पीछे कई कारण हैं। कुछ लाभार्थियों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि कई लोग रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों में पलायन कर चुके हैं। योजना के लाभ इस योजना के तहत सामान्य क्षेत्रों में घरों के लिए 1,20,000 और पहाड़ी, दुर्गम क्षेत्रों और आईएपी जिलों में घरों के लिए 1,30,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा, लाभार्थियों को मकान निर्माण के दौरान मनरेगा के तहत रोजगार की सुविधा भी प्रदान की जाती है।

## एक नजर

### महिला की सुरक्षा पर राज्य सरकार विफल : राफिया

**रांची :** राज्य सरकार की महिला सुरक्षा के मुद्दे पर गंभीर विफलता सामने आई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने राज्य सरकार की महिला सुरक्षा पर कड़ी आलोचना की है। हाल ही में लोअर बाजार थाना क्षेत्र में सदर अस्पताल परिसर के डाक्टर स्टाफ क्वार्टर के तीसरे तल्ले में दो लड़कियों के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई। यह घटना मानवता को शर्मसार करने के साथ यह साबित करती है कि महिला अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। यह सिर्फ एक उदाहरण है, क्योंकि राज्य में पिछले कुछ दिनों में कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

उन्होंने सोमवार को कहा कि उदाहरण के तौर पर हाल में ही रिम्स में एक दवाई लेने आयी महिला के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई थी, तब ही सरकार को चौकस हो जाना चाहिए था और महिला सुरक्षा से संबंधित सख्त कदम उठाने चाहिए थे। क्योंकि ऐसी घटनाओं से राज्य की महिलाओं के बीच सुरक्षा को लेकर भय का माहौल उत्पन्न हो रहा है।

### लायंस क्लब ऑफ समर्पण ने लगाई स्ट्रीट लाइट

**रांची :** सामाजिक संस्था लायंस क्लब ऑफ समर्पण की ओर से कांके डैम के पास स्थित पतरागोंदा गांव में सोमवार को स्ट्रीट लाइट लगाई गई। स्ट्रीट लाइट न होने से गांव अंधकार में डूबा रहता था। इससे गांव वालों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इसी को देखते हुए और ग्रामीणों की मांग पर लायंस क्लब ऑफ समर्पण की लायन सीमा सिंह ने अपने बेटे शिव विक्रम सिंह के जन्मदिन पर गांव की उप मुखिया नमिता देवी को दो एलईडी स्ट्रीट लाइट एवं एक सोडियम वेपर स्ट्रीट लाइट दी। इस कार्यक्रम कि स्पॉन्सर एमजे एफ लाइन सीमा सिंह के प्रयास से सफल हुआ।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची दौरे को लेकर कड़ी सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 14 फरवरी को रांची आएंगी। उनकी सुरक्षा के लिए प्रशासन ने तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। इस दौरान 1000 पुलिसकर्मी और 10 आईपीएस अधिकारी तैनात रहेंगे। राष्ट्रपति 15 फरवरी को बीआइटी मेसरा के हीरक जयंती समारोह में शामिल होंगी। उनके आगमन को लेकर रांची पुलिस ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं। राष्ट्रपति एयरपोर्ट से सीधे राजभवन जाएंगी। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया है। ट्रैफिक में भी बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर 14 और 15 फरवरी को ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया जायेगा। 14 फरवरी को राष्ट्रपति एयरपोर्ट से हरमू बाइपास होकर राजभवन पहुंचेंगी। इस दौरान आधा से एक घंटा पहले ट्रैफिक रोक दिया जायेगा। राष्ट्रपति का काफिला जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा, ट्रैफिक उसी हिसाब से खोला जायेगा। ट्रैफिक रोकने के लिए कई जगह बैरिकेडिंग और ड्रॉप गेट बनाये जायेंगे। ट्रैफिक संभालने के लिए ट्रैफिक डीएसपी, इंस्पेक्टर एवं पुलिसकर्मियों को हर रोड में तैनात किया जायेगा।

## शहीद एतवा उरांव क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में सोमवार को पांच दिवसीय शहीद एतवा उरांव क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 का खिताब कुंदी एलेवन की टीम ने 25 रन से जीतकर अपने नाम कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कुंदी की टीम 70 रन ही बना पायी। इसके जवाब में बुढ़मू की टीम मात्र 45 रन पर ही सिमट गई। टूनामेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष श्री बंधु तिर्की, बंझिला पंचायत की मुखिया सोहंती एक्का, तबारक खान, मो. मिस्टर, जेवियर खलखो, मो. शाकिब, गोपी नायक ने खिलाड़ियों से परिचय कर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों और समिति के सदस्यों का हौंसला बढ़ाया। इससे पहले सोमवार को टूनामेंट का पहला सेमीफाइनल गोपी एलेवन और कुंदी एलेवन के बीच खेला गया। जिसमें कुंदी की टीम तीन रन जीतकर फाइनल में पहुंच गई। पहले बल्लेबाजी करते हुए कुंदी की टीम 95 रन का स्कोर खड़ा की। इसके जवाब में गोपी एलेवन की टीम 92 रन पर सिमट गई। वहीं दसरा सेमीफाइनल सोसई आश्रम और बुढ़मू एलेवन के बीच खेला गया। इसमें बुढ़मू की टीम आठ विकेट से जीतकर फाइनल में पहुंची। पहले बल्लेबाजी करते हुए सोसई की टीम 45 बन पर ही सिमट गई। इसके जवाब में बुढ़मू की टीम दो विकेट पर ही 46 रन बनाकर फाइनल में पहुंच गई। विजेती टीम कुंदी को प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष श्री बंधु तिर्की ने 50 हजार नगद व बड़ा ट्राफी और उप विजेता बुढ़मू की टीम को मुखिया सोहंती एक्का, तबारक खान, मो. रशीद, मो. खालिद ने 30 हजार नगद व बड़ा ट्राफी देकर सम्मानित किया। साथ ही तीसरे स्थान पर रही सोसई आश्रम की टोम को कांग्रेस के अमित खलखो, मो. राजा 55 सौ नगद व ट्रॉफी और चौथे स्थान पर रही गोपी एलेवन की टीम को जेवियर खलको, मो. शाकिब, वसीम खान, नेसार खान ने पांच हजार नगद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने किए राजधानी वासियों की सुरक्षा को लेकर कई इंतजाम

- स्मार्ट सिटी नें शहर में लगाया 50 इमर्जेंसी कॉल बॉक्स
- राजधानी के महत्वपूर्ण चौराहों पर लगा पीले रंग का बॉक्स




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अगर आप राजधानी रांची में रहते हैं तो आपको यह जानकर बेहद खुशी होगी कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने राजधानी वासियों की सुरक्षा को लेकर कई इंतजाम किए हैं। एक तरफ जहां कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर की मदद से पूरे शहर में स्वचालित यातायात प्रबंधन किया जा रहा है तो दूसरी ओर अपराध नियंत्रण और उसके उद्भेदन में भी कमांड सेंटर से मदद ली जा रही है। अब अगर आप किसी आपात स्थिति का सामना कर रहे हैं जैसे कि आप सड़क से गुजर रहें और आपके साथ या आपके सामने किसी के साथ कोई दुर्घटना हो जाती है तो आप सीधे सरकार की एजेंसियों से जुड़ सकते हैं। इसके लिए रांची शहर के महत्वपूर्ण 50 चौक चौराहों पर पीले रंग का इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाया गया है। इस बॉक्स में लगे लाल बटन के दबाते ही कमांड कंट्रोल सेंटर से आवाज आएगी, ताकि आप अपनी समस्या बता सकें। समस्या बताते ही स्मार्ट सिटी और पुलिस की टीम आपकी मदद के लिए संबंधित एजेंसी से संपर्क कर आपको राहत दिलाएगी। इसके लिए ना आपको मोबाईल फोन की जरुरत है ना ही किसी नंबर को याद रखने की जरुरत। बस आपके आसपास पीले रंग का बॉक्स होना चाहिए। किस-किस प्रकार की मदद दिलायी जा सकती है सड़क दुर्घटना, चेन स्नेचिंग, गोलीबारी, मारपीट, छेड़खानी या कोई अन्य आपराधिक वारदात होती है तो तुरंत मदद के लिए इस बॉक्स का उपयोग किया जा सकता है। यह जरुरी नहीं है कि पीड़ित ही फोन करे।

## मंईयां सम्मान योजना की राशि अबतक नहीं मिली : बाबूलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर सरकार पर निशाना साधा है। मरांडी ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि मंगलवार को फरवरी महीने की 11 तारीख हो जायेगी। वादे के अनुरूप मंगलवार तक प्रदेश की सभी बहनों के खाते में मंईयां सम्मान योजना की राशि चली जानी चाहिए, लेकिन अब तक सरकार पिछले जनवरी माह की राशि का भी भुगतान नहीं कर पायी है। जेपीएससी अध्यक्ष पद की नियुक्ति की लेकर सरकार की ओर से कोई पहल नहीं हो रही, उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की एग्जाम कैलेंडर वाली घोषणा जुमला साबित हुई। बुजुर्गों और विधवा महिलाओं का पेंशन लंबित है, हजारों गरीब आदिवासी परिवार राशन से वंचित है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जनहित के मुद्दों को नजरअंदाज करना एक तरह से जनता का अपमान है। लोगों का हक छीनना बंद कीजिए। यदि आपकी सरकार ने तुरंत पहल नहीं की, तो भाजपा इसके विरुद्ध राज्यव्यापी आंदोलन करेगी।

## सभी अधिकारी सुनिश्चित रूप से कार्यालय ससमय आएं : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सोमवार को समाहरणालय में जिला स्तरीय सभी वरीय अधिकारियों और पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी सुनिश्चित रूप से कार्यालय ससमय आए एवं आम लोगों की शिकायतों को संजीदगी से सुनते हुए उनकी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या का निष्पादन करें । साथ ही सामाजिक शिकायत पर भी ध्यान दे। जिला प्रशासन आम नागरिकों की शिकायत को दूर कराने को लेकर लगातार 24 घंटे सातों दिन लगी हुई है। आम जनों की शिकायतों को दूर करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उपायुक्त ने सभी सम्बंधित पदाधिकारी को विशेष रूप से कहा कि अबुआ साथी में आए शिकायतों का निष्पादन सम्बंधित पदाधिकारी जल्द से जल्द करें, ताकि आम लोगों का विश्वास जिला प्रशासन में बना रहें। लोगों की समस्या को दूर करना सब सम्बंधित पदाधिकारी की नैतिक जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने कहा कि लगातार शिकायत प्राप्त होती है, कार्यालयों में दलाल बिचौलिया अपना पैठ जमा कर रखें है, कार्यालयों में दलाल, बिचौलिया किसी भी परिस्थिति में ना आए यह सम्बंधित सभी अधिकारी सुनिश्चित रूप से ध्यान दे। साथ ही ऐसे तत्वों पर जिला प्रशासन कानूनी कार्रवाई भी करेगा। आम जन भी ऐसी शिकायत को सीधे तौर पर जिला प्रशासन को कर सकते है। जिला प्रशासन दलाल बिचौलिया पर कड़ी कार्रवाई करेगा। इसके लिए सतत निगरानी भी रखी गई है।

उपायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारियों-पदाधिकारियों को स्पष्ट तौर पर कहा कि जन शिकायतों का त्वरित निष्पादन करें। आम लोगों की समस्या हर हाल में दूर हो उन्हें कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। उनके साथ किसी भी अधिकारियों, पदाधिकारियों-कर्मी की ओर दुर्व्यवहार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। ऐसी शिकायत प्राप्त होने पर जिला प्रशासन की ओर सुनिश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपायुक्त ने केंद्रीय शांति समिति के प्रस्तावों पर विचार करते हुए उन्होंने कहा कि शांति समिति के सदस्यों ने ट्रैफिक, नशा-पान एवं सामाजिक कार्यों में अपना सहयोग देने की बात कही थी इस पर सम्बंधित पदाधिकारी कार्य करें। ताकि उनका सहयोग भी लिया जा सकें। बैठक में उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, एसडीओ उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह एवं अन्य सम्बंधित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

निविदा सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-13-2025, दिनांक: 10.02.2025। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी/दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम : रांची मंडल के अधिकार क्षेत्र के लिए [illegible] पाकुड़/राजग्राम/[illegible] क्वैरी साइडिंग [illegible] 50 मिमी. आकार के 107745 घन मीटर मशीन चूर्ण कड़े स्टोन ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति तथा रेलवे वैगनों/हॉपरों में लदानी (माप गंतव्य पर लिया जायेगा)। निविदा मूल्य: ₹ 15,73,05,545.10। जमा बयाना राशि: ₹ 9,36,500। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 03.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदाकार वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। [PR-1119]

## एक नजर

### नव युवक कला मंच की हुई बैठक

**बोकारो** : चंदनकियारी प्रखण्ड मोहाल पंचायत के श्री श्री गोठेश्वर शिव मंदिर धाम में नवयुवक कला मंच की बैठक सुरेंद्र नाथ सिंह व मानिक सिंह की नेतृत्व पर किया गया। संचालन निरंजन रजक ने किया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की महाशिवरात्रि के उपलक्ष में तिनदिवसीय धार्मिक कार्यक्रम किया जायेगा ,जिसमें हरि नाम संकीर्तन, भागवतपाठ, यज्ञ एवं खिचड़ी महाप्रसाद प्रसाद वितरण शामिल है । ये समस्त कार्यक्रम वृंदावन वासी श्रीमद् सच्चिदानंद ब्रह्मचारी जी महाराज की देख रेख में की जाएगी बैठक में मुख्य रूप से साधन सिंह,सुदय मोदक, मानिक माजी, प्रकाश रजवार, फनी गोप, राम चन्द्र रजवार, भुवन बाउरी, राम प्रसाद प्रमाणित, मानिक रजवार एवं मनोज आदि उपस्थित थे।

### बीडू के प्रतिनिधि मंडल ने श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव को सौंपा ज्ञापन

**बोकारो** : झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन एवम उद्योग मंत्री श्री संजय प्रसाद यादव जी के बोकारो आगमन पर हंस रीजेंसी में बीडू के प्रतिनिधि मंडल ने ऊन्हे एक ज्ञापन सौंपा उस ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि वर्ष 2023 में ऐआईसीटीई के द्वारा पूरे देश मे कार्यरत डिप्लोमा इंजिनीर्स के फ्यूचर ग्रोथ के लिए काम के साथ साथ पढ़ाई हेतु एक गाइडलाइन जारी किया गया था, जिसके तहत प्रोफेशनल डिप्लोमा इंजिनीर्स को बी टेक करने के लिए लेटरल एंट्री के साथ रेगुलर डिग्री कराने की व्यवस्था की गई थी। इसी गाइडलाइन के अनुसार पूरे देश में ये कोर्स जुलाई 2023 से शुरू कर दिया गया। इसी के तहत झारखंड के डिप्लोमा इंजिनीर्स ने भी जुलाई 2023 में विभिन्न कॉलेजों में दाखिला लिया। लेकिन झारखंड को छोड़कर बाकी पड़ोसी राज्यो जैसे पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ में जून 2024 में चौथा सेमेस्टर की परीक्षा हो गई। और वहां के लोग दिसंबर महीने में पांचवां सेमेस्टर का एग्जाम दे दिये। लेकिन झारखंड में सबसे देरी से जनवरी 2024 में ये कोर्स शुरू हुआ और 12 महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक तीसरी सेमेस्टर की परीक्षा नही हो पाई है।इस कारण बोकारो स्टील प्लांट सहिय राज्य सरकार के बिजली विभाग, सिंचाई विभाग सहित सभी विभागों में कार्यरत जूनियर इंजिनीर्स , पब्लिक सेक्टर, प्राइवेट सेक्टर,कोल इंडिया के अधीन कार्यरत डिप्लोमा इंजिनीर्स का फ्यूचर ग्रोथ प्रभावित हो रहा है।

### पीएम मोदी से डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने सीखा कामयाबी का मंत्र

**बोकारो** : डीपीएस बोकारो के विद्यार्थी सोमवार को देश के दूरद्रष्टा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित की गई परीक्षा पे चर्चा 2025 के लाइव सेशन का साक्षी बने। विद्यालय के कालिदास कला भवन के साथ-साथ विभिन्न कक्षाओं में भी चलाए जा रहे लाइव शो को देखते हुए बच्चों ने परीक्षा के साथ-साथ जीवन में भी कामयाबी का मंत्र सीखा। छात्र-छात्राओं ने तनावमुक्त होकर एवं आनंदयुक्त वातावरण में परीक्षा देने के कई गुर सीखे। प्रधानमंत्री के साथ इस इंटरैक्टिव सेशन में बच्चों ने बिना किसी के दबाव की परवाह किए पूरी तरह तनावमुक्त होकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान लगाने, लीडरशिप क्वालिटी, टीम-वर्क, अपनी भावनाएं जरूर साझा करने, समग्र विकास, प्रकृति से जुड़ाव, परिवारजनों एवं शिक्षकों के साथ तालमेल और टाइम मैनेजमेंट सहित कई महत्वपूर्ण टिप्स सीखे। विद्यार्थियों ने सदैव सकारात्मक बने रहने, लिखने की आदत डालने तथा कठिनाइयों को चुनौती के रूप में लेने की बातों को काफी प्रेरणाप्रद बताया।

## उपायुक्त ने दवा खाकर किया मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारंभ

# सभी लोग लें डीईसी एवं एल्बेंडाजोल दवा की खुराक : माधवी मिश्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने सोमवार को सदर अस्पताल में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए शुरू हुए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन का शुभारंभ स्वयं डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की गोली खाकर किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि 11 से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक द्वारा घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की खुराक खिलाई जाएगी। उन्होंने धनबाद को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए जिले वासियों से दवा प्रशासक को सहयोग करने और जरूर दवा लेने की अपील की। साथ ही कहा कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के दौरान वर्ष में एक बार डीईसी एवं एल्बेंडाजोल दवा का खुराक लेने से इस लाईलाज रोग पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 1 से 2 साल तक के बच्चे को एल्बेंडाजोल की आधी गोली (200 एमजी) पानी में घोलकर। 2 से 5 वर्ष तक को डीईसी की एक गोली, एल्बेंडाजोल की एक गोली, 6 वर्ष से 14 वर्ष तक डीईसी की 2 गोली , एल्बेंडाजोल की एक गोली, 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन गोली 300 (एमजी) एवं एल्बेंडाजोल की एक गोली दवा प्रशासक द्वारा अपने सामने खिलाई जाएगी। जबकि एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अत्यंत वृद्ध एवं गंभीर बीमार व्यक्तियों को दवा की खुराक नहीं दी जाएगी। किसी को भी यह दवा खाली पेट सेवन नहीं करनी है। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने फाइलेरिया से पीड़ित दो मरीजों को किट प्रदान की। मौके पर सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, सदर अस्पताल के नोडल डॉ राजकुमार सिंह, डब्ल्यूएचओ के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉ अमित कुमार तिवारी, वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनिल कुमार, वीबीडी सलाहकार रमेश कुमार सिंह, डीएलओ डॉ मंजू दास, शुभम कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।

## फुटपाथ दुकानदारों के पुनर्वास की मांग को लेकर युवा संघ ने नप को सौंपा पत्र



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : फुसरो नगर परिषद (नप) द्वारा फुटपाथ दुकानदारों को हटाए जाने के विरोध में युवा व्यवसाई संघ फुसरो के बैनर तले सैकड़ों दुकानदारों ने नगर परिषद कार्यालय का घेराव किया और प्रदर्शन करते हुए कार्यपालक पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा। संघ के अध्यक्ष वैभव चौरसिया ने नगर परिषद के अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि फुटपाथ दुकानदारों को हटाने से पहले उनके पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए. उन्होंने सवाल उठाया, क्या फुसरो में फुटपाथ दुकानदारों को जीने का अधिकार नहीं है वे अपने बच्चों का पालन-पोषण कैसे करेंगे। परिवार चलाने का संकट संघ के कोषाध्यक्ष राकेश मालाकार ने कहा कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए फुटपाथ दुकानदारों को हटाने से उनके सामने परिवार चलाने का गंभीर संकट उत्पन्न हो जाएगा। उन्होंने नगर परिषद से इस मुद्दे पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की मांग की। संघ के उपाध्यक्ष जावेद खान ने सुझाव दिया कि नगर परिषद को सर्वे कर एक सुनिश्चित स्थान तय करना चाहिए, जहां इन दुकानदारों को व्यवस्थित रूप से बसाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि कई फुटपाथ दुकानदार प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत लोन लेकर व्यवसाय कर रहे हैं।

## आज से 3 मार्च तक 105 सेंटरों पर होगी वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : जिले के 105 परीक्षा केंद्रों पर 11 फरवरी से 3 मार्च तक वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। शांतिपूर्ण तरीके से और कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को न्यू टाउन हॉल में सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपायुक्त ने सेंटर सुपरिंटेंडेंट को परीक्षा के दौरान कदाचार करते पकड़े जाने पर परीक्षार्थी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने, परीक्षा केंद्र में पानी, बिजली, पर्याप्त रोशनी, स्वच्छ शौचालय, सीसीटीवी सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा परीक्षा अवधि में सीसीटीवी से निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए परीक्षार्थियों की अच्छे से जांच करने, उनकी पहचान सुनिश्चित करने, समय पर प्रश्न पत्र केंद्र तक पहुंचाने का निर्देश दिया। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदीप पी जनार्दनन ने पुलिस पदाधिकारियों को सतर्क रहकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करने, परीक्षार्थी के फोटो युक्त पहचान पत्र के साथ चेहरे का मिलान करने, किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को नहीं ले जाने देने, समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने तथा परीक्षा केंद्र के बाहर लोगों का जमवाड़ा नहीं लगने देने का निर्देश दिया। 11 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित होने वाली वार्षिक माध्यमिक परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक तथा इंटरमीडिएट परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर 2:00 बजे से संध्या 5:15 बजे तक आयोजित की जाएगी।

# शिक्षा से ही हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं : अशोक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा धनबाद जिला के बेनर तले छठा स्थापना दिवस सह प्रदेश कार्यसमिति बैठक पाथरडीह में राजेश हरि के अध्यक्षता में मनाया गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक राम राष्ट्रीय सदस्य डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन सामाजिक न्याय व अधिकारिता भारत सरकार सह केंद्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा तथा मुख्य वक्ता ध्रुव कुमार हरि प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन कार्यवाहक अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार हरि के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य एवं वक्ता तथा मंचासिन सभी अतिथियों के द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया साथ ही मुख्य अतिथि तथा मुख्य वक्ता के द्वारा केक काट कर छठा स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर प्रदेश कमिटी का घोषणा भी केंद्रीय अध्यक्ष के द्वारा किया गया साथी सभी को पगड़ी पहनकर तथा सर्टिफिकेट देकर प्रदेश कमेटी का गठन भी किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड के अनेक जिलों के लोगों ने भाग लिए जिसमें मुख्य रूप से गिरिडीह, बोकारो, देवघर ,जामताड़ा, हजारीबाग रामगढ़ इत्यादि जिलों के गणमान्य उपस्थित हुए । इस सामारोह मे मुख्य वक्ता ध्रुव कुमार हरि के द्वारा समाज के लोगों से यह आह्वान किया गया कि समाज की प्रगति के लिए समाज के उत्थान के लिए समाज को एक नई दिशा दिलाने के लिए समाज के लोगों को अधिक से अधिक भागीदारी की जरूरत की बात कही गई। उन्होंने यह भी कहा कि मैं हमेशा से आप लोगों के लिए सदा खड़ा हूं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य लखन राम, डबलू हरि, आजाद हरि,आकाश हाड़ी, आनंद हरि, वीरेंद्र हाड़ी, गोपाल हरी, अशोक हरि, संतोष हाड़ी, राजेश हरि,अनिल कुमार,नारायण हरि, अमित कुमार हरी, गौरव कुमार हरी,विकास कुमार हरी, सुरेश कुमार हरि, कृष्ण हरी, राजेश कुमार राम, प्रकाश हरी, एस के माथुर,लखन हरी,रवि हाड़ी ,सूरज हाड़ी, राजन हाड़ी,सरजू हाड़ी, बलराम हाड़ी, साधना कुमारी, गीता देवी, सीमा देवी, कुमारी मिस्टी ,कुमारी खुशी, राणा कुमारी,मंजू देवी, विकास हाड़ी, केलास हाड़ी,चन्दन हाड़ी, संकर हाड़ी, लीला देवी, गुडडू हाड़ी भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## श्रम मंत्री संजय प्रसाद ने बोकारो में उद्योगपतियों के साथ की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : सेक्टर वन स्थित हंस रेजेंसी सभागार में सोमवार को जियाडा बोकारो प्रक्षेत्र के सभी औद्योगिक संघों के प्रतिनिधिगण एवं उद्यमीगण के साथ बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सूबे के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग एवं उद्योग विभाग के माननीय मंत्री संजय प्रसाद यादव ने किया। मौके पर जियाडा के सचिव राजेश कुमार सिंह, उपायुक्त सह क्षेत्रीय निदेशक जियाडा विजया जाधव, क्षेत्रीय उप निदेशक मनोज कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। बैठक में क्रमवार लघु उद्योग भारती, बोकारो चेंबर ऑफ इंडस्ट्रीज, संकल्प उद्यम शक्ति, एमएसएमई एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन, एससी-एसटी उद्यमी विकास संघ, झारखंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, एमएसएमई एसोसिएशन ऑफ झारखंड, बोकारो चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कॉलेज, भेंड्रा हैंड टूल्स प्रोड्यूसर्स कंपनी लिमिटेड एवं नेशनल स्माल इंडस्ट्रीज एंड बिजनेस के प्रतिनिधियों ने व्याप्त समस्याओं और अपने सुझावों, सरकार/विभाग से अपनी अपेक्षाओं के संबंध में अपनी बात रखीं। वहीं, सभी ने क्रमवार अपनी मांग से संबंधित ज्ञापन भी माननीय मंत्री को सौंपा। मौके पर अपने संबोधन में माननीय मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग एवं उद्योग विभाग संजय प्रसाद यादव ने कहा कि उद्यमीगण द्वारा जो भी समस्याएं रखी गई है, उनका निदान करने एवं उनके द्वारा दिए गए सुझावों पर विभाग/सरकार सकारात्मक पहल करेगी। अगर कानून में संशोधन की भी आवश्यकता होगी तो माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष इन बातों को रखते हुए इस दिशा में भी पहल की जाएगी।

## कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराएं मैट्रिक-इंटर की परीक्षा : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : कैंप टू स्थित टाउन हॉल सभागार में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने सोमवार को जिले में 11 फरवरी से शुरू होने वाली मैट्रिक इंटर परीक्षा की तैयारियों को लेकर शिक्षा पदाधिकारी, सभी परीक्षा केंद्र अधीक्षकों, बीडीओ/सीओ सह पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट/स्टैटिक मजिस्ट्रेट आदि के साथ बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी, एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा आदि उपस्थित थे। उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि जहां प्रश्न पत्र रहेगा, वहां किसी तरह की कोई कोताही नहीं हो। सभी जगह सीसीटीवी की निगरानी में प्रश्न एवं उत्तर पुस्तिका रहेंगे, इसे सुनिश्चत करें। परीक्षा केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं बिजली/पर्याप्त रौशनी/ शौचालय/ पेयजल आदि की व्यवस्था हो, ताकि परीक्षार्थियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। परीक्षा केंद्रों में परीक्षा का संचालन सीसीटीवी की निगरानी में होगा। कहा कि केंद्राधीक्षक कैमरों की संख्या अनुरूप कमरों की सूची तैयार कर कंट्रोल रूम में उसे प्रदर्शित करेंगे,ताकि निगरानी कार्य में सहूलियत होगी। वहीं, प्रश्न पत्र ले जाने वाले दंडाधिकारी/पुलिस बल ससमय अपने प्रखंड के स्ट्रांग रूम से प्रश्न पत्र,उत्तर पुस्तिका लेंगे और परीक्षा केंद्र में एक घंटे पहले पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, परीक्षा संपन्न होने के बाद उत्तरपुस्तिका को संबंधित कोषागार में जमा कराएंगे। बीडीओ,सीओ को सभी परीक्षा केंद्रों का स्वयं निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लेने को कहा,जो कमी है उसे तुरंत ठीक करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने डीईओ को भी अपने स्तर से सभी बीईईओ केंद्राधीक्षक को परीक्षा केंद्रों में व्यवस्था शत प्रतिशत सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि झारखंड अद्विविद्य परिषद से प्राप्त मार्ग दर्शिका को सभी केंद्राधीक्षक पढ़ लें। मार्ग दर्शिका के अनुरूप ही परीक्षा का संचालन करना है। किसी भी तरह की कोई चूक नहीं हो। छोटी- मोटी सभी कार्य को वर्कआउट कर लें। उन्होंने केंद्राधीक्षकों को कदाचारमुक्त माहौल में परीक्षा को संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने कहा कि मैट्रिक इंटर परीक्षा को लेकर भी संबंधित थाना प्रभारी अलर्ट मोड में रहेंगे। परीक्षा को बेहतर ढंग से संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेवारी है। जिन्हें भी जो दायित्व दिया जाएगा, वह समन्वय के साथ उसका शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करेंगे। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा ने बताया कि जिले में मैट्रिक परीक्षा के परीक्षार्थियों की संख्या 25,910 है। जबकि, इंटर परीक्षा के परीक्षार्थियों की संख्या 23,436 है। जिले में मैट्रिक परीक्षा को लेकर कुल 63 केंद्र एवं इंटर परीक्षा के लिए 44 केंद्र बनाया गया है। प्रश्न पत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं को रखने के लिए संबंधित प्रखंड के राष्ट्रकृत बैंक एवं कोषागार को चिन्हित किया गया है। इससे पूर्व, प्रशिक्षक द्वारा माननीय मुख्य सचिव झारखंड सरकार एवं झारखंड अद्विविद्य परिषद (जैक) द्वारा आयोजित होने वाले मैट्रिक इंटर परीक्षा के लिए जारी मार्गदर्शिका के संबंध में विस्तार से सभी केंद्राधीक्षकों को जानकारी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### धनबाद की अनीता मजूमदार का अंतरराष्ट्रीय मॉडलिंग व अभिनय में बढ़ता कदम



**धनबाद**: धनबाद की अमिताभ मजूमदार मॉडलिंग एवं अभिनय में नित्य में आयाम छोड़कर धनबाद का नाम रोशन कर रही है।इंडिया का सबसे बड़ा फैशन शो लैक्मे फैशन वीक में धनबाद की अनीता मजूमदार को सिलेब्रिटी गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया।इस संदर्भ में धनबाद की मॉडल और अभिनेत्री अनीता मजूमदार ने एक साक्षात्कार में बताया कि लक्मे ए फैशन वीक मुझे आमंत्रित कर सम्मानित किया और साथ ही साथ आगामी लैक्मे फैशन वीक में बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे एवं अन्य मशहूर मॉडल्स के साथ रैंप वॉक परफॉर्मेंस होगा। इसी महीने फरवरी में इजिप्ट के सबसे बड़े फैशन शो अंतरराष्ट्रीय एलवाईए रैंप शो आयोजित हुआ था जिसमें मैं टॉपर चुनी गई। इसकी ड्रेस डिजाइनिंग नीता खंडेलवाल ने की जो अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ड्रेस डिजाइनर है और मेरी ड्रेस डिजाइनर है। इन्हीं सब मेहनत, उपलब्धियां और धनबाद वासियों के समर्थन और आशीर्वाद से आगामी बहुत सारे वेब सीरीज, एल्बम फिल्मों में अभिनय के ऑफर आ रहे हैं। कुछ दिनों पहले जापान की लव किल्लन परफ्यूम की ब्रांड इंडोर्स करने के लिए जापान बुलाया गया था कंपनी ने मेरा प्रोफाइल और परफॉर्मेंस देख कर अपने लव किल्लन परफ्यूम का मॉडल चुन लिया। इन सभी सफलताओं के पीछे समस्त धनबाद वासियों एवं मेरी मां का समर्थन और आशीर्वाद है।

### पंचायत में सीडीपीओ के निगरानी में किया गया आंगनबाड़ी सहायिका चयन प्रक्रिया



**महुदा (धनबाद)**: बाघमारा प्रखंड अंतर्गत हाथूडीह पंचायत और पत्थरगढ़िया पंचायत में सी डी पी ओ के निगरानी में आंगनबाड़ी सहायिका चयन की प्रक्रिया किया गया। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बाघमारा प्रखंड के बिमला देवी ने हाथूडीह पंचायत के कचरा मुस्लिम टोला व पत्थरगढ़िया पंचायत के नीचे नागदा में ग्राम सभा के माध्यम से सहायिका चयन प्रक्रिया शुरू किया गया जिसमें मुस्लिम टोला में पांच आवेदन आए वही नीचे नागदा से भी पांच आवेदन प्राप्त हुआ। सी डी पी ओ बाघमारा ने बताया कि इसका चयन प्रक्रिया में जांच होगा उसी का चयन किया जाएगा उन्होंने आगे कहा कि कुछ आवेदिका का कागजात में कमी है जो दो दिन के अंदर कार्यालय में जमा करेगी। इस मौके मुखिया संगीता घोषाल, पूर्व मुखिया संपद घोषाल , पंचायत समिति सलाऊंलह अंसारी, पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी , महिला प्रवेशिका विनीता पोद्दार, प्रखंड समन्वयक गणेश रवानी, एएनएम इतू लक्ष्मी , सहायक अध्यापिका अंजना देवी, सेविका कुरैशा खातून, रूपाली चैटर्जी, गुड़िया कुमारी, शबनम आरा, अलका देवी, इसके अलावा ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### नवल विहार साहित्य कला सांस्कृतिक मंच के बनैर तले काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन



**बोकारो** : नवल विहार साहित्य कला सांस्कृतिक मंच के बनैर तले काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन काव्य बयार बही। चीरा चास में वास्तु विहार फेस वन मे आयोजित इस काव्य गोष्ठी मे गीता कुमारी गुस्ताख ने छोड़ो यह सारे गिले, हर शय को लगा लो गले। अमृता शर्मा ने अपना सा लगे मन रो पड़ें किसी और के चित्कार से, डॉ मुकुद रविदास ने खोरठा काव्य एखनो कोन्हो नाय बिगडल हो पढ़ेक उमइर हो ,बर्नवाल मनोज अंजान ने कितनी धाराएं मिलते हैं कितने लोग मिलते हैं जीवन में व रजत नाथ कभी गम का पहाड़ है कभी ऑसूओं का सैलाब है। ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर मंच की बोकारो अध्यक्षा गीता कुमारी गुस्ताख ने कहा कि साहित्य समाज का प्रतिबिंब होता है। हमारा काव्य और रचना में इसका अक्स दिखता है। साहित्य समाज को दिशा देता है और समाज प्रहरी के रूप में यह कार्य करती है। इस अवसर पर मंच के संस्थापक बर्णवाल मनोज अंजान ने गीता कुमारी गुरूताख को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।

### जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में नावाडीह प्रखंड बना विजेता



**बोकारो** : प्रतिनिधि शिक्षा विभाग की ओर से जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन सोमवार को कम राम रूद्र उत्कृष्ट विद्यालय चास में किया गया जिसमें नो प्रखंड के कुल 27 मॉडल का प्रदर्शन किया गया प्रतियोगिता का आयोजन सीनियर ग्रुप कक्षा 9 से 12 तक पर जूनियर ग्रुप कक्षा 5 से 8 तक के विजेता छात्राओं ने हिस्सा लिया जिसमें बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर नावाडीह प्रखंड के प्लस टू भूषण हाई स्कूल नावाडीह को प्रथम पुरस्कार मिला चार्ज प्रखंड के कम राम रूद्र उत्कृष्ट विद्यालय चार्ज का दूसरा स्थान चंद्रपुरा प्रखंड के पीएम श्री राजकीय कृत प्लस टू हाई स्कूल दुर्गा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ इसी प्रकार जूनियर ग्रुप में मिडिल स्कूल चास की टीम को प्रथम पुरस्कार उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवाल्ट चंदनक्यारी को द्वितीय पुरस्कार राजकीय मिडिल स्कूल डिजाइनर गिरिडीह को तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया प्रदान किया गया इसी प्रकार इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चंदनक्यारी की पूजा कुमारी ने प्रथम पुरस्कार उत्क्रमित हाई स्कूल तरंगन तरंग चंद्रपुर की राखी कुमारी कोई दूसरा पुरस्कार वी प्लस टू हाई स्कूल पेटरवार की आदित्य कुमारी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया समारोह के मुख्य अतिथि एडीपीओ उदय कुमार सिंह एपीओ सुमंत कुमार व अभिनव सिंह ने सभी विजेता टीम को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में छात्रा की मौत, दो घायल

**खूंटी :** तपकारा थाना क्षेत्र के हुसीर गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में सपना गुड़िया की मौत हो गयी। वह तपकारा थाना क्षेत्र के कमड़ा कुदा टोली की रहनेवाली थी और संत कालासंस स्कूल कमड़ा में आठवीं कक्षा में पढ़ती थी। इस घटना में दो अन्य घायल हो गये। घायलों में गुटूहातु गांव की एनी गुड़िया तथा हुसीर बड़का टोली का सैंथियल गुड़िया (17) शामिल हैं। घायलों का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल में करने के बाद सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया गया। घटना रविवार की रात की बताई जाती है। जानकरी के अनुसार तीनों एक स्कूटी पर सवार होकर हुसीर गांव की ओर जा रहे थे। स्कूटी सैंथियल गुड़िया चला रहा था। रास्ते में हुसीर गांव के पास अनियंत्रित होकर तीनों गिर गये। तीनों को एम्बुलेंस से रेफरल अस्पताल तोरपा लाया गया। सपना की अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही मौत हो चुकी थी। रात में मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी थी।

# प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका समय से सभी परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक एवं इन्टरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य परीक्षा, 2025 के सफल संचालन हेतु प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों एवंकर्मियों को एक साथ ब्रीफिंग किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने वार्षिक माध्यमिक एवं इन्टरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य परीक्षा, 2025 के सफल आयोजन को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा सम्पन्न हो ये हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने



कहा कि कदाचार मुक्त परीक्षा का आयोजन हो इसे लेकर सरकार भी सेंसिटिव है। प्रशासन द्वारा निकाली गई संयुक्तादेश का हर हाल में पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि प्रश्न पेपर एवं उत्तर पुस्तिका समय से लेकर सभी परीक्षा केंद्र तक पहुंचाना इससे सुनिश्चित करें, जिस की बच्चों को अपनी परीक्षा देने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से परीक्षा की मॉनिटरिंग की जाएगी इसलिए सभी क्लास रूम में सीसीटीवी कैमरे का अधिष्ठापन करेंगे। साथ ही किसी भी परीक्षा केंद्र पर बेंच-डेक्स की कमी ना हो अगर कमी है तो दूसरे स्कूल से लेकर उसे पूर्ण कर लें।

इसके अलावा उपायुक्त ने उड़नदस्ता दंडाधिकारी, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी को अपनी जिम्मेदारी के प्रति सजग होकर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने गश्ती दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को परीक्षा सामग्रियों को निर्धारित वज्रगृह से परीक्षा केंद्र तक सुरक्षित पहुंचाने एवं परीक्षा समाप्ति के उपरांत वज्रगृह तक वापस सुरक्षित पहुंचाने की बात कहीं। बता दें कि वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट कला विज्ञान एवं वाणिज्य परीक्षा 2025 की वार्षिक माध्यमिक परीक्षा दिनांक 11 फरवरी 2025 से 3 मार्च 2025 तक प्रथम पाली में एवं इंटरमीडिएट कला विज्ञान एवं वाणिज्य की सैद्धांतिक परीक्षा दिनांक 11 फरवरी 2025 से 3 मार्च 2025 तक द्वितीय पाली में संचालित होगी । वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 का प्रथम पाली में 9:45 बजे पूर्वाह्न से 1:00 अपराह्न तक आयोजित होगा. वहीं इंटरमीडिएट का द्वितीय पाली में 2:00 बजे अपराह्न से 05:15 अपराह्न तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों में संचालित होगी। सिमडेगा जिले में मैट्रिक की परीक्षा 21 केंद्रों पर एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा 05 केंद्रों पर संचालित की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### राजकीयकृत प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में शौचालय निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास



**अनगड़ा :** खिजरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अनगडा में विधायक श्राजेश कच्छप के अनुशंसा पर डी एम एफ टी मद योजना के तहत के राजकीयकृत प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास अनगड़ा प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव और जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुण्डा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर दीपा उरांव ने कहा कि ग्रामीणों को इस परियोजना में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और दीर्घकालीन उपयोग हो। उन्होंने छोटे बच्चों को स्कूल परिसर को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा ने कहा कि शिक्षा के मंदिर से स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में मदद मिलेगी। इस परियोजना के पूरा होने पर स्कूल के विद्यार्थियों को काफी सुविधा होगी। इस मौके पर अनगड़ा विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा उपप्रमुख जयपाल हजाम मुखिया सीमा देवी विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग सकीर अंसारी पंचायत समिति रोशनी कुमारी पूर्व मुखिया मधुसुदन मुण्डा ग्राम प्रधान लोकनाथ पाहन वार्ड सदस्य जितेंद्र मुण्डा सहित रामसाय मुण्डा रब्बानी राज छोटेलाल महतो प्रेम उरांव इत्यादी ।

### मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा आज से शुरू

**सिल्ली :** मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा मुरी सिल्ली में मंगलवार से शुरू होगी। मैट्रिक में छात्र-छात्राएं 1910 एवं इंटर में 1008 परीक्षा देंगे। सिल्ली मुरी क्षेत्र में मैट्रिक में परीक्षा केंद्र की संख्या चार और इंटर परीक्षा केंद्र तीन बनाया गया है। परीक्षा केंद्र हिंडालको स्कूल, आरटीसी स्कूल, उसुलाईन हिंदी मीडियम स्कूल, एस एस प्लस टू स्कूल और इंटर में प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल, एस एस प्लस टू, हिंडालको आदि केंद्रों पर परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिनका समय सारणी मैट्रिक 9.45 से 1.00 बजे इंटर दोपहर 2.00 से 5.15 तक परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

### अबुआ आवास में घोटाला को लेकर ग्रामीणों ने दिया धरना

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बड़ा चागडू में अबुआ आवास घोटाला को देखते हुए पंचायत के ग्रामीण द्वारा सुधार के लिए पैदल यात्रा एवं धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। यह पैदल यात्रा सिल्ली ओवर ब्रिज 10 :00 बजे सुबह से आरंभ होकर प्रखंड मुख्यालय कार्यालय सैकड़ो की संख्या में पहुंचकर धरना प्रदर्शन ग्रामीणों के द्वारा किया जाएगा। इसको लेकर ग्रामीणों ने एक ज्ञापन अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची को सौपा है। इसकी जानकारी बड़ा चागडू पंचायत वासी भागवत महतो एवं राजू मुंडा ने दिया।

## महाशिवरात्रि की तैयारी को लेकर थाना में बैठक का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली सोमवार के दिन सिल्ली थाना के प्रांगण में संध्या 4 बजे से महाशिवरात्रि की तैयारी को लेकर थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर का नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख जितेंद्र नाथ बड़ाईक ने किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों के बीच शिव विवाह कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा, मंडप स्थापना और भंडारे का आयोजन को लेकर चर्चा की गई। महाशिवरात्रि के दिन भव्य बारात निकालने एवं रात में अभिषेक पूजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में अलग-अलग सदस्यों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किये। बैठक के दौरान महाशिवरात्रि के दिन मंदिर में पूजा, भक्तों का मंदिर में प्रवेश - निकास, सजावट और बिजली व्यवस्था पर भी बातें हुई। इसके अलावा श्रद्धालुओं के जलाभिषेक को सुगम बनाने हेतु विशेष इंतजाम किए जाने की बातें कही गई साथ ही मंदिर को आकर्षक फूलों और विद्युत बल्बों से सजाए जाने पर भी चर्चा की गई। आज के इस बैठक में अवर निरीक्षक अरुण कुमार यादव, सहायक अवर निरीक्षक पी हेंब्रम, कमल किशोर कुशवाहा, नरोत्तम गोराई, मनोज रजक, विकास कर समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# गुसुल-ए-मजार-ए-पाक एवं चादरपोशी के साथ 45 वां सालाना उर्स प्रारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया (गिरिडीह):** मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिए सरिया अनुमंडल क्षेत्र के अतिरिक्त पूरे गिरिडीह जिला में प्रसिद्ध चीरुवां शरीफ में तीन दिवसीय 45वां सालाना उर्स प्रारंभ हो गया है। जिसकी शुरूआत चीरुवां पंचायत स्थित बाबा गौस अली शाह सैफुल्लाह रहमतुल्लाअलैह के मजार पर समिति के लोगों ने शनिवार को गुसुल-ए-मजार-ए-पाक एवं चादरपोशी के साथ किया। इसके पश्चात अन्य लोगों ने भी बाबा गौस अली के मजार पर चादरपोशी कर सुख,शांति व समृद्धि की दुआएं मांगी। इसके पश्चात चादरपोशी का कार्य प्रारंभ हुआ। वहीं रविवार को



उलमा का तकरीर हुआ। जबकि सोमवार को कुरान खामी तथा रात में शानदार कव्वाली का आयोजन किया गया है। जिसमें कानपुर के शरीफ परवाज और पार्टी तथा जौनपुर के सुल्तान साबरी और पार्टी के बीच मुकाबला होगा। बताते चलें कि बाबा गौस अली शाह सैफुल्ला रहमतुल्लाअलहे के मजार पर प्रतिवर्ष चादरपोशी के लिए हिंदू-मुस्लिम सहित अन्य धर्मावलंबियों का आना-जाना लगा रहता है। जिनकी मुरादें बाबा पूरी करते हैं। गौसिया जनरल कमेटी द्वारा बीते 40 वर्षों से सालों भर यहां लंगर चलते रहता है। जिसे हिंदू-मुस्लिम समुदाय के सभी जायरीन प्रसाद स्वरूप ग्रहण करते हैं। तीन दिनों तक चलने वाले इस उर्स मेले में बिहार, बंगाल, उड़ीसा, असम, बंगलोर, उत्तर प्रदेश राजस्थान आदि राज्यों से हजारों की संख्या में जायरीन बाबा गौस अलीशाह मैसूरी की मजार पर चादर चढ़ाने आते हैं। जहां इनकी मन्नतें पूरी होती हैं। उर्स को लेकर जायरीनों का आना प्रारंभ हो गया हैगुसुल-ए-मजार-ए-पाक एवं चादरपोशी के साथ 45 वां सालाना उर्स प्रारंभ उनके आवागमन को सुगम बनाने के लिए रेल विभाग द्वारा चीचाकी रेलवे स्टेशन में कोलकाता जम्मू तवी सियालदह एक्सप्रेस, लुधियाना एक्सप्रेस तथा रांची पटना सुपरफास्ट एक्सप्रेस का ठहराव 5 फरवरी से प्रारंभ हो गया है.जो 19 फरवरी तक ट्रेनों के ठहराव की व्यवस्था रहेगी।

## जीपी हाई स्कूल हेसल में दसवीं के छात्र-छात्राओं को दी गयी विदाई

**अनगड़ा :** रांची जिला अंतर्गत अनगडा प्रखंड हेसल जी पी मध्य एवम उच्च विद्यालय हे सल में दसवीं के छात्र छात्राओं को विदाई दी गई इस विदाई समारोह में रांची विश्व विधालय के कामर्स विभाग के विभााध्यक्ष एवम कामर्स के डीन डॉ अमर कुमार चौधरी ए वम विशिष्ट अतिथि श्यामा प्रशाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ कुमुद कला मेहता थे डॉ अमर कुमार चौधरी डॉ कुमुद कला विधालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार महतो एवम् सभी शिक्षक शिक्षिकाएं के साथ दीप प्रज्वलित कर समारोह का सुभरणमब किया गया विदाई समारोह में वर्ग 9 वी के छात्र छात्राएं अभिवादन तिलक लगाकर एवम गुलाब का फूल देकर किया गया।


## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

पत्रांक :– 191 दिनांक :– 08.02.2025

**शुद्धि–पत्र**

पी.आर. सं०– PR 345749 Minor Irrigation ( 24-25).D के द्वारा प्रकाशित इस कार्यालय का ई. निविदा आमंत्रण सूचना सं०–MID/GUMLA/F2-56/2024-25. में अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार तिथि संशोधित किया जाता है:–

| | |
|---|---|
| Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 13.02.2025 up to 5:00 PM |
| Last Date for online Submission of Tender fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 13.02.2025 up to 5:00 pm |
| Date of Opining Tender | 15 .02.2025 at 2:00 PM |

निविदा सूचना की शर्तें यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।

PR.NO.346207 Minor Irrigation(24-25):D


## डोमचांच में बरामद किए गए सात बम, अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**कोडरमा :** जिले के डोमचांच में बीती रात दो पक्ष में झड़प और बम बरामदगी के बाद सोमवार को आक्रोशित लोगों ने कोडरमा गिरिडीह रोड को जाम कर दिया।

गत दिनों विसर्जन विवाद के दौरान भी दो पक्ष में झड़प हुई थी। जिसके बाद बदले की भावना से डोमचांच बाजार में रविवार की रात कुछ लोगों ने बम का गोला कई स्थानों पर रख दिया गया। कुछ लोगों के अनुसार प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद में एक पक्ष के लोगों ने बाजार क्षेत्र को शमशान बनाने की धमकी दी थी। रविवार की रात बाजार के अलग-अलग स्थान पर करीब सात बम रखे गए थे, इसी दौरान कूड़े के ढेर से फल और सब्जी का छिलका खाने के दौरान एक गाय ने बम को मुंह से दबा दिया। इसके बाद बम का गोला गाय के मुंह में ही ब्लास्ट कर गया और गाय गंभीर रूप से जख्मी हो गई। डोमचांच नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष पप्पू मेहता ने कहा कि बाजार में गौ माता ने बम के गोले को कोई फल समझ कर अपने मुंह में ले लिया था। गाय ने दर्जनों लोगों की जान बचा दी। लेकिन गाय के मुंह में बम का गोला फटने से गाय गम्भीर है और बचना मुश्किल हो गया है। बाजार क्षेत्र में अचानक हुए इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। इसके बाद लोगों ने सतर्कता के साथ आसपास फैले कूड़े के ढेर में खोजबीन किया। इस दौरान अलग-अलग स्थान पर सात बम पाए गए। घटना की सूचना मिलने के बाद डोमचांच पुलिस भी मौके पर पहुंची और चार जिंदा बम एवं तीन निष्क्रिय बम को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं घटना के बाद रात में कुछ समय के लिए सड़क भी जाम किया गया। पुलिस के आश्वासन के बाद जाम हटा दिया गया था। अब सोमवार को एक बार फिर स्थानीय लोगों ने दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस बम के गोले का उपयोग बाजार में किया गया है। उसे ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली सूअर से फसल को बचाने के लिए उपयोग में लाया जाता है। इधर सड़क जाम की खबर पाकर एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह जाम स्थल पर पहुंचे और गिरफ्तारी के आश्वासन पर सड़क जाम हटाया गया।

## अफीम की अवैध खेती पर रोक लगाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के नेतृत्व में खूंटी जिला प्रशासन की ओर अवैध अफीम की खेती के उन्मूलन के लिए लगातार और सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिले के कर्रा समेत अन्य प्रखंडों में अवैध अफीम की फसलों को ट्रैक्टर से रौंदकर नष्ट किया जा रहा है, ताकि इस अवैध गतिविधि पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जा सके। वहीं मामले में संलिप्त लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। इसके साथ ही अड़की समेत अन्य प्रखंड के किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा मूंग बीज समेत अन्य बीजों का वितरण किया जा रहा है। किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें वैध एवं लाभकारी कृषि कार्यों से जोड़ने के लिए यह पहल की गई है। जन जागरुकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक एवं अन्य संचार माध्यमों के जरिए किसानों



और स्थानीय निवासियों को अफीम के दुष्प्रभाव के साथ-साथ वैकल्पिक खेती के -लाभों के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। खूंटी बाजार, मारंगहदा समेत अन्य क्षेत्रों एवं विभिन्न प्रखंडों में यह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक किसानों को जागरूक किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन अवैध अफीम की खेती पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए प्रतिबद्ध है और किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी किसानों से अपील की कि वे वैकल्पिक फसलों की ओर बढ़ें और प्रशासन की ओर से दी जा रही सहायता का लाभ उठाएं।

## पत्नी ने की खुदकुशी, पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**पलामू :** सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने पर एक नवविवाहिता का पति से विवाद हुआ। बात इतनी बढ़ गयी कि महिला ने फंदे से लटकर खुदकुशी कर ली। सोमवार को एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामला पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के नवडीहा-पाल्हे गांव का है। यहां नीलाक्षी कुमारी नामक नवविवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम कराने आए पति मनीष कुमार सिंह ने बताया कि इंस्टाग्राम पर चैटिंग करने से मना करने पर उसकी पत्नी ने खुदकुशी कर ली।


## कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिमडेगा

पत्रांक................./सिमडेगा, दिनांक........................./

**सूचना (PR344600)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के निविदा संख्या–105 दिनांक 17.01.25 के द्वारा सदर अस्पताल, सिमडेगा के लिये **CR & DR Machine** के क्रय हेतु प्रकाशित निविदा की प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक 05.02.25 के अपराह्न 03:00 बजे तक निर्धारित की गई थी, जिसे दिनांक 05.02.25 के अपराह्न 04:00 बजे खोला जाना था।

अतः अपरिहार्य कारणों से प्रकाशित निविदा की प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक 13.02.25 के अपराह्न 03:00 बजे तक निर्धारित की जाती है, प्राप्त निविदा उसी दिन दिनांक 13.02.25 के अपराह्न 04:00 बजे खोला जाएगा।

उक्त प्रकाशित निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR.NO.346142 Simdega(24-25):D



## जिला पशुपालन पदाधिकारी, राँची

**कार्यालय आदेश**

दिनांक – 08.02.2025 को ICAR-NIHSAD Bhopal में राँची पशुचिकित्सा महाविद्यालय, काँके, राँची के कुक्कुट प्रक्षेत्र के Guinea Fowl में जाँच किये गये नमूनों में H5N1 Avian Influenza की पुष्टि हुई है। एहतियात के तौर पर राँची पशुचिकित्सा महाविद्यालय, काँके, राँची के कुक्कुट प्रक्षेत्र (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा/मृत कुक्कुटों/कुक्कुट उत्पाद एवं अण्डा का खरीद बिक्री नहीं होगा एवं इनके परिवहन पर भी अगले आदेश तक रोक रहेगी।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी
राँची

PR 346235 Animal Husbandry (24-25)_D


# राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला आज, मंत्री करेंगे उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला 11 फरवरी से शुरू होगा। मेदिनीनगर सदर प्रखंड के दुबियाखाड़ में आयोजित मेले की प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। उपायुक्त शशि रंजन तैयारी हर पल जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने कहा है कि राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला को ऐतिहासिक बनाने को लेकर जिला प्रशासन ने वृहद तैयारी की है। मेला का उदघाटन समारोह में कल्याण मंत्री चमरा लिंडा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि वित्त मंत्री



राधाकृष्ण किशोर होंगे। गणमान्य अतिथि के रूप में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पांकी विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता, डालटनगंज विधायक आलोक कुमार चौरसिया, विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव भाग लेंगे। मेला को भव्य स्वरूप प्रदान करने को लेकर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने सोमवार को मेला स्थल का निरीक्षण कर वहां चल रही तैयारियों का जायजा लिया। पदाधिकारियों ने भव्य मेला आयोजन का निर्देश दिया। मेला में जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के 40 से अधिक स्टॉल लगाये गये हैं। इन स्टॉलों के माध्यम से संबंधित विभाग द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जायेगा। योजनाओं को लेकर जागरूक किया जायेगा। परिसंपतियों के वितरण के साथ-साथ गोदभराई, अन्न प्रासन्न आदि रश्म पूरी की जायेगी।


## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, रामगढ़

Annexure I

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई० निविदा संख्या–WRD/MID/RAMGARH F2 - 18/2024-25**

**3rd Call**

दिनांक–08.02.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | योजना का नाम | DMFT न्यास परिषद् एवं DMFT प्रबंधकीय समिति से अनुमोदन के द्वारा स्वीकृत योजनाएँ |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 3 | ई० निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 10.02.2025 2:00 बजे अपराह्न। |
| 4 | ई० निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 17.02.2025 5:00 बजे अपराह्न |
| 5 | ई० निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 18.02.2025 2:00 बजे अपराह्न |
| 6 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं०/ई–मेल | कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़। मो० 8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |

| क्र० | प्रखण्ड | ग्राम/पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 18/8 | रामगढ़ | [illegible] परिषद्, वार्ड संख्या 4 | वार्ड संख्या 4 में निरंजन साव के घर से लेकर लालजी के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। (78 मीटर) | 6,75,600.00 | 1,250.00 | 05 (पाँच) माह |

नोट– केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्रकाशित निविदा के प्राक्कलित राशि में घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR 346206 (Minor Irrigation)24-25*D

# नीतीश के पाला बदलने का खतरा तो टला



कुमार कृष्णन

दिल्ली में हुई जीत के बाद बिहार में भारतीय जनता पार्टी की स्थिति और प्रभाव पहले की अपेक्षा ज्यादा मजबूत होंगे। चुनाव परिणाम से एडीए ने नेताओं में खासा जोश है। महाराष्ट्र की तरह भाजपा बिहार में स्थिति मजबूत कर सकती है। बिहार में बिना नीतीश कुमार के चेहरे भाजपा चुनाव मैदान में नहीं उतर सकती है। उत्साह में भाजपा अपने सहयोगियों को दरकिनार आगे बढ़ने की गलती नहीं करेगी। इसका कारण नीतीश कुमार के चेहरे के साथ साथ मोदी का मैजिक भी होगा।

करीब तीन दशकों से दिल्ली में चुनावी जीत का इंतजार कर रही भारतीय जनता पार्टी वनवास खत्म हुआ और दिल्ली की सत्ता हासिल हो गई है। भारतीय जनता पार्टी ने इससे पहले दिल्ली में आखिरी चुनाव 1993 में जीता था। पिछले कुछ चुनावों में भी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे को आगे रखकर चुनाव लड़ा था, लेकिन जीत उससे दूर ही रही। एनडीए की जीत से नेताओं के हौसले बुलंद हैं। अब बिहार की बारी है। दिल्ली के चुनाव परिणाम का असर बिहार की राजनीति पर भी पड़ेगा। यहाँ इस साल की अंतिम तिमाही में बिहार में चुनाव होने हैं। हालांकि दिल्ली में भाजपा की जीत के बाद बिहार में समय से पहले ही चुनाव की चर्चा फिर शुरू हो गई है। अगले माह चुनाव आयोग की टीम के बिहार आने की चर्चा है। इसे बिहार में समय से पहले चुनावी आहट के रूप में महसूस किया जा रहा है।

दिल्ली में हुई जीत के बाद बिहार में भारतीय जनता पार्टी की स्थिति और प्रभाव पहले की अपेक्षा ज्यादा मजबूत होंगे। चुनाव परिणाम से एडीए ने नेताओं में खासा जोश है। महाराष्ट्र की तरह भाजपा बिहार में स्थिति मजबूत कर सकती है। बिहार में बिना नीतीश कुमार के चेहरे भाजपा चुनाव मैदान में नहीं उतर सकती है। उत्साह में भाजपा अपने सहयोगियों को दरकिनार आगे बढ़ने की गलती नहीं करेगी। इसका कारण नीतीश कुमार के चेहरे के साथ साथ मोदी का मैजिक भी होगा। जद यू के नेता चाहते हैं कि नीतीश कुमार चेहरे से ही चुनाव लड़ा जाय। भाजपा इसे लेकर कोई जोखिम मोल लेने के पक्ष में नहीं है। नीतीश कुमार को लेकर भाजपा त्याग ही कर रही है। भाजपा के समर्थन से बिहार में एनडीए की सरकार बनने की उम्मीद है। मुख्य मंत्री के रूप में नीतीश कुमार एनडीए के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगें। बिहार एनडीए में जद यू, भाजपा, हम, लोजपा रामविलास राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा शामिल है। दूसरी ओर तेजस्वी को इस बार महागठबंधन की सरकार बनने की पूरी उम्मीद है। हालांकि दिल्ली चुनाव परिणाम देख कर उनका उत्साह कमजोर पड़ने से इनकार नहीं किया जा सकता।



राष्ट्रीय जनता दल के मुख्यमंत्री चेहरा तेजस्वी यादव पहले से ही बिहार के जिलों का दौरा कर रहे हैं। वे पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। उम्मीदवारों के बारे में संवाद कर रहे हैं। महागठबंधन की सरकार बनने पर जनता के लिए वे क्या-क्या करेंगे, इसकी भी जानकारी देते रहे हैं। माई-बहिन सम्मान योजना, 200 यूनिट फ्री बिजली देने और सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि बढ़ाने की वे घोषणा कर चुके हैं।

बिहार में गठबंधन का नेतृत्व राष्ट्रीय जनता दल ही कर रही है। गठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके पुत्र तेजस्वी यादव न सिर्फ. सीटों का बंटवारा करते हैं, बल्कि साथी दलों के उम्मीदवार का टिकट तक वितरण करते हैं। इसमें कई बार कांग्रेस को भी झुकना पड़ा है। दिल्ली के नतीजे के बाद लालू प्रसाद को यह लगने लगा है यदि गठबंधन टूट गय तो सत्ता हासिल करना ज्यादा मुश्किल होगा। यह कयास लगाया जा रहा है कि इस चुनाव परिणाम के बाद ईंडिया गठबंधन के सभी दल कांग्रेस को किनारा कर सकते हैं। दिल्ली के चुनाव से पहले ममता बनर्जी ने ईंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने की इच्छा जताया थी। लालू प्रसाद यादव, उमर अब्दुला , शरद पवार, अरविंद केजरीवाल आदि नेताओं ने समर्थन किया था। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन में तकरार होती है या खटास बढ़ती है इसका असर महागठबंधन पर पड़ेगा । वह टूट भी सकता है। इसका कारण यह है कि लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव ईंडिया गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी को देने का समर्थन किया है। राज्य मे ईंडिया गठबंधन में राजद, कांग्रेस के अलावा वीआईपी पार्टी भी है। बिहार में भी राहुल गांधी ने अपने दो दौरों में जिस तरह जातिगत जनगणना पर सवाल उठाए, उससे राष्ट्रीय जनता दल के भी कान खड़े हो गए हैं। कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल आधार वोटों में मुस्लिम मतदाता कॉमन हैं। असदुद्दीन ओवैसी पहले से ही मुस्लिम वोटों के बंटवारे का ट्रेलर दिखा चुके हैं।राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष कांग्रेस को किनारे कर सकता है। गुजरात, पंजाब के बाद हरियाणा और दिल्ली में कांग्रेस ने जिस तरह विपक्षी एकता को तार-तार किया है, उसका खामियाजा तो उसे भोगना ही पड़ा, ईंडिया ब्लॉक के साथी दलों से उसका तालमेल भी टूट गया। कांग्रेस ने भी हरियाणा और दिल्ली जैसा रुख अपनाया तो मुस्लिम वोटों का बंटवारा तय है। यह राष्ट्रीय जनता दल के सपनों पर पानी फेर सकता है, जो तेजस्वी को मुख्य मंत्री बनाने का सपना देख रहा है। दिल्ली के चुनाव परिणाम के बाद राजग गठबंधन में शामिल हम ज्यादा ही उत्साहित है। केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि दिल्ली तो झांकी है, बिहार अभी बाकी है। तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना दिवास्वप्न है। 225 सीटों के साथ बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी।उप मुख्य मंत्री विजय कुमार सिन्हा नीतीश कुमार को एडीए का सर्वमान्य नेता बताते हैं।

मुख्य मंत्री नीतीश कुमार भी अपनी प्रगति यात्रा इस माह पूरी कर लेंगे। नीतीश जिस भी जिले में जाते हैं, वहां चल रही सरकारी योजनाओं की समीक्षा करते हैं। नई योजनाओं की घोषणा करते हैं। उद्घाटन-शिलान्यास के काम भी संग-संग कर रहे हैं। इससे लगता है कि सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों चुनाव के लिए तैयार हैं। दिल्ली चुनाव परिणाम का असर यह हो सकता है कि समय से पहले चुनाव हो जाएं। भाजपा इस उत्साह को बेकार नहीं जाने देगी। बिहार में इसे भुनाने का वह भरपूर प्रयास करेगी। संभव है कि भाजपा को पहले से बेहतर परिणाम इस बार मिले। इसकी दो वजहें हैं। पहली यह कि नीतीश कुमार भी अब भाजपा से रार मोल लेने से बचेंगे। जिद कर नीतीश कुमार और चिराग पासवान ने दिल्ली में एक-एक सीट ले ली थी। पर, उनके उम्मीदवार जीत नहीं पाए। इसलिए भी दोनों नैतिक रूप से भाजपा का दबाव महसूस करेंगे। सीटें के बंटबारे में वे अब सख्त तेवर अपनाने से बचेंगें। नीतीश कुमार के बार-बार के इनकार के बावजूद यह खतरा बना हुआ था कि वे फिर कहीं पाला न बदल लें। अब वे भाजपा की स्थिति सुधरता देख कर शायद ही पाला बदल की बात सोचेंगे। शिवसेना (यूबीटी) के छह सांसदों के शिंदे की शिवसेना में शामिल होने की चर्चा से भी नीतीश कुमार यकीनन भय महसूस कर रहे होंगे। ऐसे में उनके पाला बदलने का खतरा कम हो गया है।

## संपादकीय

### दिल्ली में ऐतिहासिक जनादेश

भाजपा का दिल्ली में 27 साल से चला आ रहा राजनीतिक वनवास शनिवार को समाप्त हो गया जब उसने 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा की 48 सीट जीत कर आम आदमी पार्टी (आप) के तीसरी बार सत्ता पर काबिज होने के मंसूबे पर पानी फेर दिया। आप को 22 सीटें मिलीं। कांग्रेस अपना खाता तक खोलने में लगातार तीसरी बार नाकाम रही। भाजपा को 45.81 फीसद मत मिले जबकि आप ने 43.56 फीसद मत हासिल किए और कांग्रेस को 6.36 फीसद मतों पर संतोष करना पड़ा। आप के लिए सर्वाधिक निराशाजनक रहा कि उसके राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पार्टी में नंबर दो मनीष सिसोदिया समेत सौरभ भारद्वाज, सत्येंद्र जैन समेत कई धुरंधरों को मतदाताओं ने नकार दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जो दिल्ली में भाजपा की जीत के प्रमुख कर्णधार रहे, अपनी पार्टी को 'प्रचंड जनादेश' मिलने पर मतदाताओं का आभार जताते हुए आश्वस्त किया है कि राजधानी के चौतरफा विकास और लोगों का जीवन उत्तम बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। भाजपा की जीत को ऐतिहासिक करार देते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली एक दशक की 'आप-दा' से मुक्त हुई है। कांग्रेस की इस बार भी दुर्गत हुई। पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के नेतृत्व में 15 साल तक सरकार चलाने के बाद सत्ता से बाहर हुई कांग्रेस इस बार भी एक भी सीट हासिल न कर सकी। विधानसभा की सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ी कांग्रेस के तीन प्रत्याशी ही जमानत बचा सके। अलबत्ता, पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले उसके मत प्रतिशत में दो फीसद से ज्यादा बढ़ोतरी जरूर हुई है। आप का जन्म मध्यम वर्ग की तत्कालीन राजनीतिक माहौल से निराशा की वजह से हुआ था लेकिन बाद के वर्षों में आप खुद को गरीबों के लिए काम करने वाली चैंपियन पार्टी के रूप में उभारने सफल रही। लेकिन राजधानी में नागरिक सेवाओं की चरमराई स्थिति से पनपे आम जन के आक्रोश से बच न सकी। दिल्ली नगर निगम में भी आप की सत्ता होने के कारण आप के लिए यह भी संभव न था कि निगम की काहिली बता कर जनाक्रोश से खुद को बचा ले जाती। शराब घोटाला, जिसमें उसके कुछ वरिष्ठ नेताओं को जेल भी जाना पड़ा, आलीशान मुख्यमंत्री आवास, जिसे भाजपा ने शीशमहल कहा, जैसे मुद्दे ऐसे रहे जिनसे केजरीवाल की छवि खासी धूमिल हो गई। उनकी 'कट्टर ईमानदार' की छवि को इन दो बातों ने चकनाचूर कर दिया। वे जनता को विश्वास ही नहीं दिला पाए कि उन्होंने भ्रष्टाचार नहीं किया है।



## चिंतन-मनन

### युवकत्व की पहचान

मनुष्य स्वतंत्र संकल्प का स्वामी होता है। उसका संकल्प जैसा होता है, व्यक्तित्व भी वैसा ही ना\मत हो जाता है। सृजन और ध्वंस के संस्कार मनुष्य के भीतर होते हैं। उन संस्कारों को वह संकल्पशक्ति के सहारे बदल सकता है। जिस व्यक्ति में विधायक भावों की प्रचुरता होता है वह ध्वंसात्मक संस्कारों को सृजनशीलता में बदल लेता है। निषेधात्मक भाव व्यक्ति को व्रूरता, हिंसा, अनुशासनहीनता, असदाचार की दिशा में प्रेरित करते हैं। जिस राष्ट्र और समाज में हिंसा का बोलबाला होता है, रास्ते चलते बेगुनाह लोगों को मौत के घाट उतार दिया जाता है, वह उस राष्ट्र और समाज का दुर्भाग्य होता है। उस दुर्भाग्य से बचने के लिए अहिंसक शक्तियों को जगाने और संगठित बनाने की जरूरत है। यह सच है कि हिंसक वारदातें आदमी के मन में दहशत पैदा कर देती हैं। दहशत की स्थिति में कोई भी व्यक्ति न तो सही ढंग से सोच सकता है और न ही अपनी क्षमताओं का उपयोग कर सकता है। भयोत्पादक परिस्थितियों का प्रभाव बच्चों और वृद्धों पर अधिक होता है। युवकों में भय की मात्रा कम होती है। वे जान-बूझकर खतरों को मोल लेते हैं। उनकी मानसिकता साहसिक काम करने की रहती है, किंतु इसमें भी विवेक की अपेक्षा है। विवेक के अभाव में युवक कुछ ऐसे काम कर लेता है, जो उसे उम्र से कई वर्ष आगे ढकेल कर जर्जर बना देते हैं। देश की युवा पीढ़ी सही अर्थ में अपने यौवन को सुरक्षित रखना चाहे और कोई कीर्तिमान स्थापित करना चाहे तो उसे प्रतिस्रोतगामी बनना होगा। अनुस्रोत में बहना सरल होता है। एक पतला-सा तिनका भी प्रवाह में बह जाता है, पर विपरीत दिशा में बहने के लिए शक्ति की जरूरत होती है। भोगवादी प्रवृत्ति युग का प्रवाह है। इस प्रवाह को मोड़कर त्यागप्रधान मनोवृत्ति का निर्माण करना युवा होने की सार्थकता है। सत्य के प्रति अनास्था लोकजीवन का एक स्वर है। इस स्वर को बदल कर सत्यनिष्ठा का विकास करना युवकत्व की पहचान है।

# केजरीवाल तो निपट गए मगर कांग्रेस के लिए मुख्य चुनौती मोदी!



शकील अख्तर

यही वह पाइंट है जहां से कांग्रेस को आगे सोचना होगा। कांग्रेस को इसलिए कि वह राष्ट्रव्यापी दल है। सबसे बड़ा विपक्षी दल। बाकी विपक्षी दल उससे लड़ लिए, साथ भी आए, मोदी की तरफ भी झुके मगर कोई भी पूरे देश में अपनी वह स्थिति नहीं बना सका जो कांग्रेस की है। कमजोर से कमजोर होने के बावजूद वह हर गांव-मोहल्ले में है। इसलिए मोदी के खिलाफ अगर कोई लड़ सकता है तो वह कांग्रेस ही है।

सिर्फ आम आदमी पार्टी के बीच से हटने से कांग्रेस खुश नहीं हो सकती! कांग्रेस को दिल्ली में अपनी जगह वापस लेने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ेगी और यह भी समझना पड़ेगा कि उसने 11 साल कुछ खास नहीं किया।

बीजेपी के सीधे सामने तो वह कई राज्यों में है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, गुजरात कई राज्यों में। और मध्य प्रदेश में तो वह मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले से हार रही है। 21 साल से ज्यादा हो गए। बीच में एक चुनाव 2018 वह जरूर जीती। मगर एक साल से बस कुछ ही समय ज्यादा चल पाई। सरकार बीजेपी ने तोड़ी। मगर कमलनाथ का अहंकार भी कम जिम्मेदार नहीं है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ही भाजपा में जाने वाले एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिनके पास कोई कारण था। कमलनाथ लगातार जिस तरह उनकी अनसुनी कर रहे थे और अंत में जिस तरह यह कहकर उकसाया कि उतर जाओ सड़क पर वह किसी भी बड़े नेता के लिए सुनना मुश्किल था। तो मध्य प्रदेश में जहां बीच में कोई नहीं है कांग्रेस कम बैक नहीं कर पाई। इसलिए सिर्फ यह सोच कर खुश होना कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी के निपट जाने से कांग्रेस अपने आप मजबूत हो जाएगी वही सोच है जो 2014 से तमाम कांग्रेसी नेता लिए घूम रहे हैं कि केन्द्र से कभी तो मोदी हटेंगे फिर हम ही को आना है। मध्य प्रदेश का केस इसे समझने के लिए सबसे सटीक है। वहां उमा भारती जैसी बड़ी नेता को हटाकर उस समय कम परिचित चेहरे शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री बना दिया था तो वह भी करीब 18 साल रह गए और उनके बाद आए मोहन यादव को और भी कम लोग जानते थे, मगर वे भी चल गए। ऐसे ही राजस्थान में भजनलाल शर्मा या महाराष्ट्र में जब 2014 में देवेन्द्र फड़नवीस को लाया गया था तो उनकी भी कोई खास पहचान नहीं थी। तो सामने कोई कमजोर भी हो तब भी आप को उसका मुकाबला करने, हटाने के लिए काम तो करना होगा। अब वह समय नहीं है कि जनता सिर्फ किसी से नाराज होने की वजह से दूसरे को चुन ले।

मोदी कुछ नहीं दे रहे। नौकरी, रोजगार, महंगाई कम करना कुछ नहीं। केवल अपनी बातों के सहारे तीसरी बार केन्द्र में सत्ता में आ गए। क्यों? क्योंकि दूसरी तरफ उन्हें विपक्ष में जीत की ललक, भूख, तड़प दिखाई नहीं देती। जैसे घुड़दौड़ में दांव उसी घोड़े पर लगाया जाता है जो स्टार्टिंग लाइन पर थका सा खड़ा नहीं होता, दौड़ने के लिए बेताब होता है।

समाजवादी पार्टी अभी मिल्कीपुर उप चुनाव हार गई। सबको मालूम था कि सरकार और प्रशासन इस चुनाव को हर हाल में जीतने के लिए कमर कस चुके हैं। मगर नतीजे आने के बाद तक अखिलेश यादव ने अपने तेवर ढीले नहीं छोड़े। लड़ते रहे।

ऐसे ही ममता बनर्जी बंगाल में लगातार लड़ीं। बिहार में तेजस्वी लड़ रहे हैं। ऐसे मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गुजरात, उत्तराखंड में कांग्रेस कहीं लड़ते हुए दिखती है?

यही वह पाइंट है जहां से कांग्रेस को आगे सोचना होगा। कांग्रेस को इसलिए कि वह राष्ट्रव्यापी दल है। सबसे बड़ा विपक्षी दल। बाकी विपक्षी दल उससे लड़ लिए, साथ भी आए, मोदी की तरफ भी झुके मगर कोई भी पूरे देश में अपनी वह स्थिति नहीं बना सका जो कांग्रेस की है। कमजोर से कमजोर होने के बावजूद वह हर गांव-मोहल्ले में है। इसलिए मोदी के खिलाफ अगर कोई लड़ सकता है तो वह कांग्रेस ही है। बाकी कोई भी विपक्षी दल इस स्थिति में नहीं है। और न ही वे सब मिलकर माइनस कांग्रेस यह कर सकते हैं।

दिल्ली में यह प्रयोग किया था। समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस ने की कांग्रेस के विरोध में आम आदमी पार्टी को समर्थन देने का। मगर मोदी नहीं रुके। अब शायद यह दोनों आम आदमी पार्टी का साथ देना छोड़ दें! मगर सिर्फ उससे मोदी कमजोर नहीं होंगे। उसके लिए जरूरी है कि अपने राज्यों के बाहर जहां कांग्रेस भाजपा से सीधे मुकाबले में है वहां कांग्रेस का समर्थन करना। लेकिन उसके लिए कांग्रेस को खुद को मजबूत करना जरूरी है। छोटे-छोटे कारणों से खुश होने से बचने की जरूरत है। 70 और 80 के दशक में भारत की क्रिकेट टीम केवल टेस्ट बचा कर खुश हो जाती थी। हम लोग उस समय ड्रा को जीत मानने लगे थे। बैट्समेन हाफ सेंचुरी से ड्यूटी पूरी मान लेता था और बालर तीन विकेट से टीम में जगह पक्की। उस सोच से कांग्रेस को निकलना होगा। लोकसभा में 240 पर मोदी को रोक दिया अब उससे आगे सोचना होगा। दिल्ली चुनाव का यही सबक है। आम आदमी पार्टी को बीच से हटा दिया ठीक है। मगर अब इतनी मेहनत करने की जरूरत है कि दिल्ली वालों को लगे कि यहां मुख्य विपक्षी दल आम आदमी पार्टी नहीं कांग्रेस है। नेतृत्व पैदा करना पड़ेगा।

खबरों के हिसाब से सही है कि 12 या 15 सीटों पर आम आदमी पार्टी कांग्रेस की वजह से हारी। लेकिन पार्टी को देखना यह चाहिए कि सत्तर में केवल तीन उम्मीदवार अपनी जमानत बचा पाए। उम्मीदवार ही नहीं थे। जिस राज्य में लगातार 15 साल सरकार रही हो वहां नेता नहीं संगठन नहीं। कांग्रेस की समस्याएं बहुत उलझी हुई हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हरियाणा और महाराष्ट्र की हार के बाद दिल्ली में हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मीटिंग में पार्टी की सारी कमजोरियों पर बात की। फिर बेलगावी कर्नाटक की वर्किंग कमेटी में भी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उसके बाद लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलते हुए खुले दिल से स्वीकार किया कि रोजगार की समस्या पर उनकी यूपीए सरकार ने भी उतना काम नहीं किया जितना करना चाहिए था। फिर दिल्ली चुनाव के समय दलित सम्मेलन में कहा कि पार्टी दलितों और पिछड़ों के लिए उतना नहीं किया जितना उसे करना चाहिए था।

तो समस्याएं सब पहचान रहे हैं। मगर उन्हें दूर कौन करेगा कैसे करेगा यह सबसे महत्वपूर्ण है। बुरा बनना पड़ेगा। मठाधीशों को किनारे करना पड़ेगा। नए लोगों को सामने लाना होगा और उसमें यह कटाक्ष सुनना होंगे कि यह कौन हैं? कहां से ले आए?

सबसे बड़ी बात है संगठन का काम सर्वोच्च प्राथमिकता का समझ कर दिलचस्पी से करना होगा। सिलसिला शुरू हो गया है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी ने कुछ मीटिंगें की हैं। इनमें संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल भी शामिल थे। इसे जल्दी पूरा करना होगा।

कांग्रेस ने अपनी बेलगावी वर्किंग कमेटी में कहा है कि यह साल 2025 संगठन का साल होगा। करना चाहिए। एक बार में पूरे संगठन की घोषणा। लोगों को याद भी नहीं होगा कि आखिरी बार कब कांग्रेस का पूरा संगठन बना था। 2004 मेंसोनिया गांधी ने बनाया था। उसके बाद से छोटे-मोटे परिवर्तन होते रहे। कांग्रेस की भाषा में एडजस्टमेंट। लेकिन तमाम राज्यों में जिला ब्लाक लेवल पर कुछ भी नहीं है।

कांग्रेसी भूल गए कि कभी जिला कांग्रेस अध्यक्ष, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कितना प्रभावशाली हुआ करते था। इन्दिरा गांधी के यहां सांसद, विधायक को अपाइंटमेंट मिले या न मिले जिला और ब्लाक अध्यक्षों के लिए कभी मना नहीं होता था। सोनिया गांधी ने एक बार दिल्ली में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों का सम्मेलन करवाया था। वे कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन भी करवाती थीं। अब कम सही मगर फिर भी मुख्यमंत्री तो हैं। इनको एक साथ बिठाकर बात करना चाहिए कि क्या कर रहे हो जो कुछ नया हो जिसे हम देश भर में बता सकें। भाजपा शासित राज्यों से अलग क्या किया? कांग्रेस को मोदी से मुकाबला करने के लिए बहुत सारे मोर्चों पर काम करने की जरूरत है। केजरीवाल हार गए, मोदी 240 पर रुक गए से आगे सोचने की।

**शकील अख्तर (लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# डंकी रूटः स्वर्गिक आनंद के लिए नारकीय मार्ग



बलदेव राज भारतीय

हाल में अमेरिका से 104 आप्रवासी भारतीयों को हथकड़ियां और बेड़ियां लगा कर भारत डिपोर्ट कर दिया गया। ये 104 उन लोगों में से थे जो या तो अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे या अपनी वीजा अवधि समाप्त होने के वे पश्चात वहीं रह रहे थे और अमेरिकी प्रशासन के कड़े आव्रजन नियमों की गिरफ्त में आ गए।

अवैध रूप से अमेरिका जाने का जो तरीका सबसे अधिक चर्चा में है, उसे 'डंकी रूट' कहा जाता है। इस रूट के जरिए अमेरिका पहुंचने की कोशिश करने वालों को जोखिमों का सामना करना पड़ता है-जान का खतरा, लूट-खसोट, यौन शोषण, गिरोहों द्वारा बंधक बनाए जाने जैसी घटनाएं आम हैं। सच्चाई यह है कि यह स्वर्गिक आनंद उठाने का नारकीय मार्ग है। जो व्यक्ति डंकी रूट से अमेरिका जाने की योजना बनाता है, उसे औसतन 40 से 50 लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। यह पैसा एजेंटों, फर्जी दस्तावेज, यात्रा और अन्य व्यवस्थाओं में लग जाता है। लेकिन इस मोटी रकम के बावजूद कोई गारंटी नहीं कि व्यक्ति सुरक्षित अमेरिका पहुंच ही जाएगा। अमेरिका तक पहुंचने के लिए कई देशों से होते हुए बेहद खतरनाक सफर तय करना पड़ता है। इसमें आम तौर पर दुबई, रूस, यूरोप, दक्षिण अमेरिका और फिर मैक्सिको जैसे देशों का रास्ता लिया जाता है। मैक्सिको से अमेरिका की सीमा पार करना सबसे खतरनाक पड़ाव होता है। यहां कई बार लोगों को मानव तस्कर गिरोहों के हाथों लूट लिया जाता है, महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं आम हैं, और कई बार लोगों को बंदी बना कर फिरौती मांगी जाती है। यह यात्रा इतनी कठिन होती है कि कई लोग इसे पूरा करने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। अमेरिका और मैक्सिको की सीमा पर रेगिस्तान और जंगलों में हर साल सैकड़ों शव पाए जाते हैं, जो इस खतरनाक सफर की भयावहता दर्शाते हैं।

अगर कोई खतरनाक सफर के बाद अमेरिका पहुंच भी जाता है, तो भी मुश्किलें खत्म नहीं होतीं। उसे या तो राजनीतिक शरण का दावा करना पड़ता है या कोई और बहाना बनाना पड़ता है ताकि अमेरिका में रह सके। राजनीतिक शरण पाने के लिए लोग अक्सर झूठे दावे करते हैं। कई लोग भारत में राजनीतिक उत्पीड़न का झूठा दावा करते हैं-कहते हैं कि उनकी जान को खतरा है, उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है, या भारत में उन्हें धार्मिक या जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। कुछ तो यहां तक कह देते हैं कि उनके अपने माता-पिता ही उनके दुश्मन हैं ताकि वे अमेरिका में अपने ठहरने के लिए कोई ठोस आधार बना सकें। हालांकि, अमेरिका की नई आव्रजन नीति अब ऐसे झूठे दावों को परखने के लिए और अधिक सख्त हो चुकी है। किसी का दावा गलत पाया जाता है, तो उसे न सिर्फ डिपोर्ट कर दिया जाता हैङ्क बल्कि आजीवन अमेरिका में प्रवेश की अनुमति भी नहीं मिलती।

भारत में, खासकर पंजाब, गुजरात और हरियाणा में, हजारों एजेंट सक्रिय हैं, जो लोगों को अमेरिका, कनाडा और यूरोप भेजने का झांसा देते हैं। ये एजेंट लोगों से 30-50 लाख रुपये तक वसूलते हैं, और उन्हें यकीन दिलाते हैं कि वे किसी न किसी तरह अमेरिका पहुंच ही जाएंगे। लेकिन वे किसी की सुरक्षा या कानूनी स्थिति की गारंटी नहीं देते। जब लोग किसी मुसीबत में फंसते हैं, तो एजेंट उनसे कोई संपर्क नहीं रखते और कई बार फरार हो जाते हैं। जो लोग डंकी रूट से अमेरिका जाने की कोशिश करते हैं, वे अपनी ही नहीं, बल्कि अपने परिवार की जिंदगी भी दांव पर लगा देते हैं। जब डिपोर्ट हो जाते हैं, तो उनका परिवार आर्थिक संकट में आ जाता है। घर-जमीन तक बिक जाते हैं, कर्ज का बोझ बढ़ जाता है, और समाज में बदनामी का डर अलग से रहता है। डंकी रूट पर गए कई लोग रास्ते में लापता भी हो जाते हैं, या मारे जाते हैं। उनके परिवार वर्षों तक नहीं जान पाते कि उनके बेटे या भाइयों का क्या हुआ।

अवैध आप्रवासन की समस्या से निपटने के लिए जरूरी है कि लोगों को इसके खतरों के बारे में जागरूक किया जाए। सरकार को भी चाहिए कि ऐसे एजेंटों पर कड़ी कार्रवाई करे और युवाओं के लिए देश में ही रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करे। युवाओं को भी समझना होगा कि विदेश जाकर पैसा कमाना आसान रास्ता नहीं है। अगर वे कानूनी तरीके से विदेश जाना चाहते हैं, तो उन्हें सही प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। अवैध आप्रवासन को उचित



नहीं ठहराया जा सकता। अवैध आप्रवासन का अंत दुखद ही होता है। यह सपना भले ही सुनहरा दिखे, लेकिन इसकी असलियत बेहद भयावह होती है। भारत के युवाओं को सोचना होगा कि क्या वे वाकई अपनी जिंदगी को इस तरह के जोखिम में डालना चाहते हैं? या फिर वे कानूनी और सुरक्षित रास्तों को अपना कर अपने भविष्य को बेहतर बनाना चाहेंगे? फैसला उनके हाथ में है।

## एक नजर

### 13 फरवरी को लगेगा ब्लड डोनेशन कैंप

**बरहरवा** : झारखंड परिवहन मजदूरी यूनियन के मिजार्पुर शाखा के तरफ से 13 फरवरी को झारखंड बंगाल सीमा पर बरहरवा थाना क्षेत्र में महतपुर गांव के पास ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए यूनियन के मिजार्पुर शाखा के अध्यक्ष मुजीबुर रहमान ने बताया कि रक्तदान एक महान दान है, इसी को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। उन्होंने ब्लड डोनेट करने वाले सम्मानित व्यक्तियों को कैंप में उपस्थित होकर ब्लड डोनेट करने का आह्वान किया है। इस कैंप में बरहरवा थाना क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के अलावे सरकारी पदाधिकारी गण भी उपस्थित होंगे।

### सीओ ने सड़क पर दुकान लगाने वालों को दी चेतावनी

**साहिबगंज** : तीनपहाड़ मुख्य बाजार हर दिन जाम के नाम पर चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं सोमवार को राजमहल के सीओ का आगमन तीनपहाड़ बाजार मे हुआ, और वो जाम में फंस गए उसके बाद सीओ ने पुलिस बल के साथ बाजार के कई दुकानदारों को फटकार लगाकर कहा कि सड़क पर समान नही रखे अन्यथा आप लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं तीनपहाड़ बाजार में असमय जाम की समस्याओं से राहगीरों सहित अधिकारी भी बाजार के जाम में अक्सर फंस जाते है। वहीं जाम में कई एक बार एम्बुलेंस में मरीज सहित जाम में फस जाते है, अगर टाइम से एंबुलेंस अस्पताल न पहुंचे तो बहुत बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है।

### कांटे के तार में गिरकर महिला हुई घायल

**साहिबगंज**: जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला कांटे के तार में गिरकर बुरी तरह घायल हो गई। परिजनों से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि कौशल्या देवी उम्र 55 वर्षीय, पति स्वर्गीय सुरेश तांती, बड़ा जिरवाबाड़ी चानन के दूसरे खेत में घास काटने के लिए गई थी, तभी अचानक कांटे के तार में गिरकर बुरी तरह घायल हो गई और महिला का दाहिना हाथ में गहरा जख्म हुआ है।

### एमडीए प्रोग्राम का हूआ जिला स्तरीय उद्घाटन

**साहिबगंज/पतना** :सोमवार को संत थॉमस स्कूल पतना में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) कार्यक्रम का जिला स्तरीय शुभारंभ सिविल सर्जन, साहिबगंज, एसडीपीओ, बीडीओ बरहरवा एवं पतना, एमओआईसी एमओआईसी पतना, मुखिया धर्मपुर के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया, एवं कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फाइलेरिया उन्मूलन हेतु समुदाय में डीईसी और एलबेंडाजोल दवाओं का वितरण सुनिश्चित करना है, जिससे जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके। फाइलेरिया गंभीर रोग है, लेकिन समय पर दवा सेवन से इसे पूरी तरह रोका जा सकता है। एमडीए कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर नि:शुल्क दवा वितरित करेंगे। गर्भवती महिलाएँ, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति एवं 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को डीईसी यह दवा नहीं दी जाएगी जब की 1 से 2 साल के बच्चों को एल्बेंडजोल की अधिगोली दी जाएगी।कार्यक्रम में सीएस, एसडीपीओ, एमओआईसी, डीपीएम, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार साझा किए और एमडीए कार्यक्रम की सफलता हेतु सामूहिक भागीदारी पर जोर दिया।

# जिला खनन विभाग की समीक्षा बैठक में अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला खनन विभाग की समीक्षा बैठक कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित की गई। इस दौरान राजस्व संग्रहण (रिवेन्यू कलेक्शन) की स्थिति की समीक्षा की गई और इसमें आ रही चुनौतियों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने खनन विभाग को निर्देशित किया कि राजस्व संग्रहण में आ रही बाधाओं को जल्द से जल्द दूर किया जाए और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

**मिट्टी सर्वेक्षण एवं ईट भट्ठा संचालन की जांच होगी**

बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू ने बताया कि मिट्टी खनन का सर्वे अनुमोदित किया जा चुका है। इसके तहत जिले में संचालित सभी मिट्टी खनन एवं ईंट भट्ठों की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए सतर्कता बढ़ाई जाएगी और जो भी अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पूर्व में प्राप्त अवैध खनन के मामलों पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जितने भी अवैध उत्खनन के मामले पूर्व में सामने आए हैं, उन सभी पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने खनन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध खननकताओं पर जुमार्ना लगाने के लिए जल्द से जल्द डिमांड नोट जारी किया जाए ताकि सरकारी राजस्व की क्षति को रोका जा सके।

**20 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश**

उपायुक्त ने खनन विभाग के पदाधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि पूर्व में भेजे गए जांच प्रतिवेदनों को अगले 20 दिनों के भीतर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन रोकने के लिए निरंतर निगरानी आवश्यक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस समीक्षा बैठक में जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू, जिला खनन निरीक्षक एवं अन्य संबंधित, पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे खनन से जुड़े नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई करें।

## दलमा में आजसू पार्टी का कोल्हान स्तरीय पदाधिकारी सम्मेलन हुआ संपन्न

# नई पीढ़ी को पढ़ना चाहिए आजसू का इतिहास : सुदेश महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चांडिल** : चांडिल प्रखंड अंतर्गत दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी के माकुलाकोचा चेक नाका के समीप आजसू पार्टी का कोल्हान प्रमंडल स्तरीय पदाधिकारी सम्मेलन संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो शामिल हुए। वहीं, कोल्हान के तीनों जिले से केंद्रीय समिति, जिला समिति, प्रखंड कमिटी समेत अनुषंगी इकाइयों के वरीय पदाधिकारी मौजूद थे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि मुझे पार्टी में समर्पित लोगों की जरूरत है, जो राज्य के जनता के हक अधिकार की लड़ाई लड़ने की इच्छा रखते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के युवा पीढ़ी आजसू के साथ जुड़ें, उन्हें नेतृत्व करने का अवसर आजसू देगी। सुदेश महतो ने कहा कि नई पीढ़ी को आजसू का इतिहास पढ़ना चाहिए, ताकि झारखंड निर्माण की सही जानकारी उन्हें मिलेगी। केवल आजसू ही एकमात्र ऐसा संगठन है जो नेतृत्व गढ़ने और नेता उभारने की क्षमता रखती हैं। वर्तमान समय में राज्य के अनेकों विधायक, पूर्व विधायक, जिला परिषद, मुखिया समेत अन्य पदों का दायित्व निभा रहे हैं, उन्हें आजसू ने ही नेतृत्व करने का अवसर प्रदान किया है। इस दौरान सुदेश महतो ने पार्टी के पदाधिकारियों को कई सांगठनिक दायित्व सौंपा है, जिसे अविलंब पूरा करने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, संस्थापक प्रवीण प्रभाकर, संजय मेहता, केंद्रीय सचिव सत्यनारायण महतो, रविशंकर मौर्या, सुसेन महतो, कन्हैया सिंह आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर चंद्रगुप्त सिंह, सागेन हांसदा, आदित्य महतो, संजय मालाकार, सिद्धार्थ महतो, नंदलाल बिरुआ, अमित महतो, डॉ दिनेश बोईपाई, दुर्गा महतो, दुर्योधन गोप, अमला मुर्मू, मनोरंजन ठाकुर, गोपेश महतो, अरुण महतो, दिगंबर सिंह, माधव सिंह मुंडा, रेणुका पुराण, सुलोचना प्रमाणिक, तुलसी महतो आदि मौजूद थे।

### मोबाइल छीनतई के मामले में एक युवक गिरफ्तार



**साहिबगंज** : जिरवाबाड़ी पुलिस ने मोबाइल छीनतई मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या 34/25, दिनांक 9 फरवरी 2025 धारा 304(2) बीएनएस के प्राथमिकी अभियुक्त दिव्यांशु कुमार उम्र 19 वर्षीय, पिता कार्तिक वर्मा, साकिन दहला के रहने वाले को विधिवत गिरफ्तारी करने के बाद साहिबगंज सदर अस्पताल में कोविड जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## माघी पूर्णिमा मेला में पहली बार श्रद्धालुओं को मिला तोहफा

# तीनपहाड़ स्टेशन पर होगा चार मेल एक्सप्रेस ट्रेनों का दो मिनट का ठहराव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : राजकीय माघी पूर्णिमा मेला को लेकर क्षेत्रीय विधायक मो ताजुद्दीन राजा उर्फ एमटी राजा के माध्यम से मालदा रेल मंडल प्रबंधक को पत्र देकर मांग किया गया था कि मेला अवधि में मार्ग से गुजरने वाले सभी मेल एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन पर किया जाए। विधायक के मांग पत्र पर पहल करते हुए राजमहल आदिवासी महाकुंभ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे ने तोहफा दिया है। मालदा मंडल द्वारा तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन पर इस रूट से गुजरने वाले कई ट्रेनों का स्थायी ठहराव किया गया है। यह ठहराव सोमवार 10 फरवरी से 15 फरवरी तक है। जहां दो मिनट ट्रेन रुकेगी जिसमे 15657/15658 दिल्ली कामाख्या दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल, 13415/13416 मालदा टाउन पटना मालदा टाउन एक्सप्रेस, 15647/15648 मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनस - गुवाहाटी - मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस और 13429 मालदा टाउन आनंद विहार टर्मिनल वीकली एक्सप्रेस ट्रेन शामिल है। ये चार ट्रेन तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन पर आगामी 15 फरवरी तक रुकेगी इसको लेकर मालदा रेलवे के पीआरओ ने इसकी पुष्टि की है। विधायक ने डीआरएम सहित रेलवे के वरीय पदाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किए हैं। इधर क्षेत्रवासियों ने भी विधायक के प्रति आभार व्यक्त किए हैं।

# डॉ देवेंदु का हिंदी साहित्य में महत्वपूर्ण योगदान है : डॉ रामजन्म मिश्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज** : डॉ इंदुभूषण मिश्र 'देवेंदु' अवर शिक्षा सेवा के पूर्व अधिकारी एवं भागलपुर जिला के वरिष्ठ साहित्यकार 'गंगा साहित्यिक' यात्रा के क्रम में आज साहिबगंज पहुंचे। जहां डॉ देवेंदु का प्रगति भवन के सभागार में झारखंड राजभाषा साहित्य अकादमी के बैनर तले सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए डॉ रामजन्म मिश्र कुलाधिपति ने कहा कि डॉ देवेंदु का हिंदी साहित्य में महत्वपूर्ण योगदान है। अनेक पुस्तकों के रचयिता डॉ देवेंदु को अंगवस्त्र एवं पुस्तक प्रदान कर अभिनंदन किया गया। डॉ देवेंदु ने अपने गंगा- साहित्यिक यात्रा के बारे में बताया कि नदियों के किनारे सभ्यताओं का विकास हुआ है। नदी विशेष कर गंगा नदी को हिंदी साहित्य से हटा दिया जाए तो हिंदी साहित्य एवं कवि लेखक समाप्त प्रायः बनाए हो जाए। गंगा के वास कर रहे जन के जीवन, रहन सहन ही में साहित्य का दर्शन करना इस यात्रा का उद्देश्य है। अनिरुद्ध प्रभास ने डॉ देवेंदु के साहित्यिक अवदान की चर्चा किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सच्चिदानंद, सचिव झारखंड राज्य भाषा साहित्य अकादमी ने किया। इस अवसर पर अनुपमा मिश्रा, सरिता तिवारी, जनार्दन यादव, उपेंद्र राय, नकुल मिश्र, विमल मुर्म, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## उद्यान विभाग का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन, किसानों में उत्साह

# मशरूम की खेती से पहाड़िया कृषकों को नया संबल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : उद्यान विकास योजना अंतर्गत मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। इस योजना के तहत कुल 168 किसानों, जिनमें 98 पहाड़िया कृषक और जेएसएलपीएस (झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) द्वारा चयनित सखी मंडल की महिलाएँ शामिल थीं, को मशरूम की खेती का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के अंत में पतना प्रखंड के बड़ा दिग्घी पंचायत में किसानों के बीच मशरूम कीट का वितरण किया गया। संयुक्त रूप से मशरूम कीट वितरण का कार्य सहायक निदेशक उद्यान, दुमका दयानंद प्रसाद एवं जिला उद्यान पदाधिकारी, साहिबगंज अमितेश रंजन द्वारा किया गया। इस दौरान दयानंद प्रसाद ने बताया कि बहुत ही कम लागत में किसान मशरूम की खेती कर अपनी आजीविका के साधनों को सशक्त बना सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मशरूम उत्पादन के लिए भूमि की आवश्यकता नहीं होती, जिससे छोटे किसानों को भी इसका सीधा लाभ मिल सकता है। मशरूम पोषण से भरपूर एक ऐसी फसल है जो किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान कर सकती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने किसानों को बताया कि मशरूम में प्रोटीन और विटामिन की प्रचुरता होती है, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। यह खेती घर के एक छोटे से कोने में भी की जा सकती है, जिससे न्यूनतम संसाधनों में अधिकतम लाभ कमाया जा सकता है। इस प्रशिक्षण को जिले के पाँच प्रखंडों-पतना, बरहेट, बोरियो, तालझारी और मंडरो में आयोजित किया गया। खासतौर पर पहाड़िया कृषकों के बीच इस प्रशिक्षण को लेकर बहुत उत्साह देखा गया। किसानों ने मशरूम की खेती के बारे में बारीकी से जानकारी प्राप्त की और इसे अपने जीवनयापन के लिए उपयोग करने की प्रतिबद्धता जताई। जेएसएलपीएस द्वारा चयनित सखी मंडल की महिलाओं को भी इस प्रशिक्षण में शामिल किया गया, जिससे वे भी मशरूम की खेती को अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकें। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करना है। उद्यान विभाग एवं जेएसएलपीएस के अधिकारियों ने बताया कि महिलाएँ इस खेती को अपने घरों में आसानी से कर सकती हैं और अतिरिक्त आय अर्जित कर सकती हैं। इस प्रशिक्षण सह वितरण कार्यक्रम में उद्यान विभाग से प्रेम पासवान, जेएसएलपीएस से घनश्याम कुमार, प्रवेश, राजकुमार, सखी मंडल की महिलाएँ और अन्य कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों को मशरूम उत्पादन की तकनीकी जानकारी, विपणन रणनीति और इसके पोषण मूल्य के बारे में विस्तार से बताया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला मेट सेमिनार का हुआ आयोजन मनरेगा पुस्तक का किया गया विमोचन



**पटमदा**: पटमदा प्रखंड के माचा स्थित टैगोर सोसाइटी फॉर रूरल डेवलपमेंट (टीएसआरडी)परिसर में मेट सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला मेट सेमिनार को संबोधित करते हुए टैगोर सोसाइटी फॉर रूरल डेवलपमेंट के संपादक प्रवीर महापात्रा ने कहा कि महिलाएं सभी क्षेत्र के आगे पढ़कर अपनी भागीदारी निभा रही हैं। सरकार के मनरेगा योजना में भी महिलाएं जुड़कर स्वावलंबी बनकर परिवार के साथ साथ अपना भी आर्थिक विकास कर रही है। नन्द लाल बक्सी ने कहा कि सेमिनार का आयोजन कर महिलाओं के जागरूकता से मनरेगा में हो रहे कार्यों का मूल्यांकन किया गया। वही महिलाएं अपने घर से बाहर निकल कर पुरुषों के साथ कंधा कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। पार्षद प्रदीप बेसरा ने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर समाज को जागरूक कर स्वावलंबी बनने का काम कर रही हैं। पार्षद खगेन चंद्र महतो ने कहा कि समाज के उत्थान में महिलाए हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं। मनरेगा में महिलाओं की भूमिका पर पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रूपा बक्सी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टैगोर सोसाइटी फॉर रूरल डेवलपमेंट के संपादक प्रवीर महापात्रा, विशिष्ट अतिथि पार्षद प्रदीप बेसरा, पार्षद खगेन चंद्र महतो, टीएसआरडी के नंदलाल बख्शी, रूपा बक्सी, प्रमुख बालिका सोरेन, ललिता सोरेन, मुखिया लक्ष्मी सिंह, रूपा सिंह, मुखिया कुंती किस्कू, भीष्म महतो, आनंदमय महतो, मांसाराम महतो, रेणुका महतो, सहित काफी संख्या में महिला मेट, ग्रामीण कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हरि साधना आश्रम में वार्षिक अनुष्ठान संपन्न भक्तिमय माहौल में सराबोर हुए श्रद्धालु



**पटमदा**: श्री श्री हरि साधना आश्रम पटमदा बिडरा पंचायत के दगड़ीगोंडा गांव में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान, भागवत पाठ, गीता पाठ, संकीर्तन, आरती के साथ साधु महंतों का महाजुटान भी हुआ। आश्रम के संचालक शंभू दास गोस्वामी ने जानकारी देते हुए कहा है कि आश्रम में आठ फरवरी से दस फरवरी तक तीन दिवसीय अनुष्ठान का आयोजन आश्रम के सौजन्य से किया गया। जिसमें गुरुपद दास के द्वारा भागवत पाठ, गुणधर घोषाल पुजारी द्वारा गीता पाठ, दुलाल पात्रों, गणेश दास, मधुसूदन द्वारा लीला कीर्तन सहित कई कार्यक्रम आयोजित हुआ। अनुष्ठान में मुख्य रूप से शामिल महंत साधुओं में चरण बाबा, शिवा नन्द बाबा, नरुत्तम दास मुख्य प्रवचन करेंगे। कार्यक्रम में उर्मिला माता, बुलू रानी गोस्वामी ने संतो को वस्त्र देकर वरण किया। वही अनुष्ठान में पूजा पाठ गुणधर घोषाल के द्वारा संपन्न होगा। लोग ओर ग्रामीण श्रद्धालु ओर साधु संत शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि समाजसेवी विकास सिंह के द्वारा साधुओं के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए भंडारा लगाकर भोजन करवाया गया।

### पुलिस ने प्रासंगिक मामले में तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत



**साहिबगंज**: तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत तीन अभियुक्त को पुलिस ने प्रासंगिक मामले में गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार महिला थाना साहिबगंज कांड संख्या 13/24 दिनांक 16 सितंबर 2024 धारा 376/323/341/504/506/34 भादवि अभियुक्त बालदेव दास, पिता स्वर्ग बीजू रविदास, प्रदीप दास, पिता बालदेव दास, राम कुमार दास, पिता बालदेव दास, तीनों का साकिन तालझारी हरिजन टोला, थाना तालझारी, जिला साहिबगंज को विधिवत रूप से पुलिस ने गिरफ्तारी करने के बाद सदर अस्पताल साहिबगंज में कोविड जांच करने के उपरांत तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया की खिलाई गई दवाइयां



**बरहरवा**: बरहरवा प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर सोमवार को एक सभा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से सिविल सर्जन पी के संथालिया, चिकित्सा पदाधिकारी बरहरवा पंकज कर्मकार तथा वीडियो बरहरवा सनी कुमार दास ने संयुक्त रूप से फाइलरिया उन्मूलन का दवाई खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम अगले 15 दिनों तक चलेगी। इसके तहत इस बीमारी को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए सरकारी स्तर पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्व से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में भी स्कूली बच्चों को फाइलेरिया उन्मूलन की दवाइयां खिलाया गया। इस कार्यक्रम को लेकर कई जगहों पर सरकारी स्तर पर चिकित्सा विभाग के अफसर को मॉनिटरिंग भी करते देखा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सहिया, एएनएम तथा सेविकाओं को लगाया गया था।

# बसंत में गर्मी का एहसास, गेहूं की फसल को हो सकता है नुकसान

-भीषण गर्मी के लिए रहें तैयार

नई दिल्ली। बसंत ऋतु के आगमन पर हल्की ठंड का जो एहसास होता था अब वह गायब हो गया। सूरज की तपिश ने सीधे मई की गर्मी को याद दिलाना शुरु कर दिया है। ऐसे में जहां गेंहू की लेट बोवनी हुई थी, उन फसलों को खासा नुक्सान होने की आशंका जाहिर की जा रही है।

दरअसल खबर है कि ओडिशा में इस साल गर्मी का आगमन जल्द ही हो गया है, क्योंकि फरवरी की शुरुआत में ही कई जिलों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के क्षेत्रीय कार्यालय ने जानकारी दी है कि रविवार को राज्य के छह जिलों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया, जो कि सर्दी के विदा होते ही तेजी से गर्मी के बढ़ने का संकेत है। यह महज ओडिशा की बात नहीं है, बल्कि देश के अनेक प्रांतों में भी गर्मी दस्तक दे रही है और तापमान 30 के करीब पहुंच चुका है। उत्तर भारत से ठंड गायब होने की जानकारी दी जा रही है। जहां तक मध्य प्रदेश का सवाल है तो बता दें कि यहां के कुछ जिलों में ठंड ने दोबारा दस्तक दी है, लेकिन यह ठंड ज्यादा दिन चलने वाली नहीं है। जैसे ही ठंडी हवाओं का रुख बदलेगा और सूरज की तपिश से धरती गर्म होगी तो तापमान अपने आप ही 30 के पार हो जाएगा। ऐसे में कहा जा रहा है कि जिन लोगों ने गेंहू की बोवनी लेट की थी उन फसलों पर मौसम की मार पड़ सकती है। मार्च मध्य में काटी जाने वाली फसल को नुक्सान होने का अंदेशा जताया जा रहा है। इसका मुख्य कारण मौसम के चक्र में आए बदलाव को बताया जा रहा है। ओडिशा राज्य में सबसे अधिक तापमान बोलांगीर में 36.67 दर्ज किया गया, इसके बाद टिटलागढ़ में 36 रहा।

# एलन मस्क ने कहा- टिकटॉक में कोई दिलचस्पी नहीं




वाशिंगटन ।

अमेरिका में सुरक्षा चिंताओं के चलते टिकटॉक के अमेरिकी कारोबार पर एक नजर है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलन मस्क को इस लोकप्रिय ऐप को खरीदने का सुझाव दिया था। लेकिन एलन मस्क ने अब यह बताया है कि उन्हें टिकटॉक में कोई दिलचस्पी नहीं है। जर्मनी में हुए वेल्ट आर्थिक शिखर सम्मेलन के दौरान एलन मस्क ने यह बयान दिया कि उन्होंने टिकटॉक को खरीदने के लिए कोई बोली नहीं लगाई है और न ही इसके खरीदने की कोई योजना है। उन्होंने साफ किया कि वे नई कंपनियां बनाते हैं, खरीदते नहीं। चीन की इस रिपोर्ट्स को खारिज किया है जिनमें यह दावा किया गया था कि टिकटॉक के अमेरिकी संपतियों की बिक्री पर विचार किया जा रहा है। टिकटॉक के प्रवक्ता ने इन खबरों को खारिज किया और कहा है कि यह सभी अफवाहें मात्र कल्पनाएं हैं, जिन पर कोई पुष्टि नहीं की जा सकती। साथ ही ट्रंप ने 75 दिनों की अतिरिक्त समय देने का निर्णय लिया है। एलन मस्क के इन बयानों से स्पष्ट हो गया है कि उन्हें टिकटॉक में दिलचस्पी नहीं है और उनका केवल नए और आवश्यक क्षेत्रों में निवेश करने का ध्यान है।

# सिंगापुर दुनिया का चौथा सबसे अमीर शहर

- सिंगापुर में अब रहते हैं 244,800 करोड़पति, 336 सेंटी-करोड़पति और 30 अरबपति



नई दिल्ली ।

सिंगापुर दुनिया का चौथा सबसे अमीर शहर बन गया है। अब यह शहर दुनियाभर के करोड़पतियों के लिए सबसे पसंदीदा जगह बन चुका है। यह रिपोर्ट बताती है कि सिंगापुर में अब 244,800 करोड़पति, 336 सेंटी-करोड़पति और 30 अरबपति रहते हैं।

पिछले 10 सालों में करोड़पतियों की संख्या में 64 फीसदी का इजाफा हुआ है जिससे इस शहर-राज्य ने विश्व रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर अपनी जगह बनाई है। सिंगापुर एशिया का सबसे धनी शहर बनने की ओर अग्रसर है और ऐसा माना जा रहा है कि यह जल्द ही टोक्यो को पीछे छोड़ देगा। सिंगापुर को व्यापार के लिए सबसे अनुकूल शहर माना जाता है। यहां की आर्थिक स्थिरता, व्यापारिक माहौल और नीतियों ने इसे दुनिया भर के अमीरों के लिए एक आदर्श स्थान बना दिया है। वहीं फोर्ब्स के अनुसार सिंगापुर में रहने वाले कुछ प्रमुख अरबपतियों में फेसबुक के सह-संस्थापक एडुआर्डो लुईज सेवरिन, फार ईस्ट ऑर्गनाइजेशन के नियंत्रक शेयरधारक रॉबर्ट और फिलिप एनजी भाई और माइंड्रे बायो-मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स के सह-संस्थापक ली जिटिंग शामिल हैं। सिंगापुर अब न सिर्फ व्यापार के लिहाज से बल्कि जीवन स्तर के हिसाब से भी एक प्रमुख स्थान बन चुका है। यही कारण है कि यह शहर दुनियाभर के अमीर लोगों का पसंदीदा स्थल बन गया है।

# महिंद्रा के लाभ में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज





नई दिल्ली ।

दिसंबर तिमाही के अपने वित्तीय नतीजे में महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने कर पश्चात समेकित लाभ (पीएटी) में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने के साथ 3,181 करोड़ रुपये का लाभ रिपोर्ट किया। कंपनी ने बताया कि तिमाही में राजस्व पिछले साल की समान तिमाही के 35,299 करोड़ रुपये से बढ़कर 41,470 करोड़ रुपये हो गया, जो 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

महिंद्रा एंड महिंद्रा के ऑटो सेगमेंट ने भी मजबूत प्रदर्शन किया, जिसमें तिमाही वॉल्यूम 2,45,000 यूनिट रहा, जो पिछले साल की समान तिमाही से 16 प्रतिशत अधिक है। यूटिलिटी (यूवी) वॉल्यूम इस तिमाही में 1,42,000 यूनिट रहा। ऑटो सेगमेंट का राजस्व 23,391 करोड़ रुपये रहा, जो 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, जबकि समेकित पीएटी 1,438 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की समान तिमाही से 20 प्रतिशत अधिक है। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने घरेलू ऑपरेशनों को शानदार बताया, जबकि अंतरराष्ट्रीय परिचालन में कुछ कमजोरियां देखी गईं, जो अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मैक्रो बाधाओं के कारण थीं।

महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ अनीश शाह ने कहा कि कंपनी का प्रदर्शन मजबूत है और विशेष रूप से ऑटो और फार्म सेक्टर में बाजार हिस्सेदारी और मार्जिन में ठोस वृद्धि देखी जा रही है। टेकएम में बदलाव भी गति पकड़ रहा है, और महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज ने एसेट क्वालिटी और विकास प्राथमिकताओं को संतुलित करते हुए मजबूत प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों (एयूएम) की वृद्धि हासिल की है।

# एसबीआई का शेयर मुद्दा बना, क्या निवेशकों के लिए है यह एक अच्छा मौका?




नई दिल्ली ।

भारतीय शेयर बाजार ने एक बार फिर से निवेशकों को काफी तनावग्रस्त कर दिया है। सेंसेक्स ने एक धीमे आरंभ के साथ 400 अंक की गिरावट के साथ खुला, और इसमें कई बड़े बैंकिंग स्टॉक्स का शामिल है। हालांकि एसबीआई ने अपने सुनहरे मौके का हर निवेशक का ध्यान आकर्षित किया है। एसबीआई के शेयर फिलहाल 738.30 पर कारोबार कर रहा है, जिसमें पिछले 5 दिनों में 4.04 फीसदी की गिरावट देखी गई है। लेकिन लॉन्ग-टर्म निवेशकों के लिए, यहाँ एक सुनहरा मौका हो सकता है। विशेषज्ञों के मानने के अनुसार एसबीआई के शेयर आने वाले महीनों में 800-850 के स्तर को छू सकता है। इसके पीछे कई कारण हैं- एसबीआई की मजबूत फंडामेंटल्स, सरकारी समर्थन, और बैंक के लिए सकारात्मक वातावरण। हाल ही में आई रिपोर्ट्स ने बताया कि बैंकिंग सेक्टर में सुधार हो रहा है, जिससे एसबीआई जैसे दिग्गज बैंक को भी फायदा हो सकता है। निवेशकों के लिए सतर्क रहना भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि बाजार में उतार-चढ़ाव अनिवार्य है। लेकिन एसबीआई का शेयर देश के भरोसेमंद बैंकों में से एक होने के कारण, यहां एक दमदार निवेश का मौका पेश कर सकता है।

Meta

## मेटा ने की 3,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की घोषणा

वाशिंगटन । फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम की पेरेंट कंपनी मेटा ने अपने कर्मचारियों को झटका देते हुए पूरे 3,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की घोषणा की है! मेटा में कर्मचारियों की यह छंटनी 10 फरवरी से शुरू हो गई है! इस मौके पर वाइस प्रेसिडेंट ऑफ ह्यूमन रिसोर्सेज ने कहा कि मेटा का पहला प्राथमिकता कर्मचारियों की क्षमताओं को बढ़ावा देना है। इसके बावजूद, कंपनी ने इस उलझन में विश्वास जताया है कि यह निर्णय उन्हें और मजबूत बनाएगा। यह छंटनी केवल मेटा ही नहीं, बल्कि अन्य बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियों जैसे गूगल, अमेज़न, माइक्रोसॉफ्ट और स्ट्राइप के लिए भी सख्त है। आंकड़ों के अनुसार, यह शीर्ष कंपनियों ने 2025 तक कर्मचारियों की छंटनी की योजना बनाई है।




## जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने ऋण वित्तपोषण चक्र में एक अरब डॉलर जुटाए

नई दिल्ली । अक्षय ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने पिछले कुछ महीनों में प्रमुख वित्तीय संस्थानों से चरणबद्ध ऋण वित्तपोषण में एक अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। कंपनी बयान के अनुसार पिछले कुछ महीनों में पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएफसी), डीबीएस बैंक, एचएसबीसी बैंक और भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (आईआरईडीए) सहित प्रमुख वित्तीय संस्थानों से कंपनी ने चरणबद्ध ऋण वित्तपोषण में एक अरब अमेरिकी डॉलर सफलतापूर्वक हासिल किए। इसमें कहा गया है कि इन नए ऋण वित्तपोषण से जुनिपर ग्रीन एनर्जी बड़े पैमाने पर नवीकरणीय परियोजनाओं को क्रियान्वित करने, अपनी परिचालन क्षमता को मजबूत करने और स्वच्छ ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा करने की स्थिति में आ गई है। जुनिपर ग्रीन की कुल क्षमता 1.1 जीडब्ल्यूपी है। जुनिपर ग्रीन एनर्जी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बयान में कहा कि वित्त पोषण को हासिल करना हमारे व्यापार मॉडल और हमारी दीर्घकालिक रणनीति की मजबूती को दर्शाता है। जुनिपर ग्रीन एनर्जी एक स्वतंत्र अक्षय ऊर्जा उत्पादक व संचालक है जो सौर, पवन तथा हाइब्रिड बिजली परियोजनाओं में विशेषज्ञता रखती है।


## भारतीय फार्मास्यूटिकल निर्यात उड़ान की ओर

नई दिल्ली । एक ताज़ा रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय फार्मास्यूटिकल निर्यात ने 2023 में लगभग 27 बिलियन डॉलर का आंकड़ा दर्ज किया था। इस संख्या के दोगुने होने की संभावना है, जो 2030 तक 65 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है और 2047 तक यह आंकड़ा लगभग 350 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। यह रिपोर्ट भारतीय फार्मास्यूटिकल अलायंस (आईपीए), भारतीय औषधि निर्माता संघ (आईडीएमए) और फार्मेक्सिल द्वारा तैयार की गई है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा जेनेरिक दवाओं का आपूर्तिकर्ता है और अगर वह नए नवाचार और विविधता को अपने निर्यात बास्केट में शामिल करता है, तो 2047 तक निर्यात मूल्य के मामले में दुनिया के शीर्ष पांच देशों में शामिल हो सकता है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार अनुसंधान और विकास को प्रोत्साहित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## अजाक्स इंजीनियरिंग का आईपीओ खुला, 1,269 करोड़ जुटाना चाहती है कंपनी




नई दिल्ली। साल 2025 के दूसरे महीने फरवरी में एक के बाद एक आईपीओ आने का सिलसिला शुरू हो गया है। जनवरी में भी कई आईपीओ आए और उसने बाजार में जोरदार कमाई की। अजाक्स इंजीनियरिंग लिमिटेड का आईपीओ यानी इनिशियल पब्लिक ऑफर आ गया है। इसका सब्सक्रिप्शन 10 फरवरी से खुल गया है। बता दें कि यह आईपीओ 12 फरवरी को बंद हो जाएगा। अजाक्स इंजीनियरिंग कंपनी पब्लिक इश्यू के जरिए 2.02 करोड़ शेयर्स बेचकर 1,269.35 करोड़ जुटाना चाहती है। यह आईपीओ पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल है. बता दें कि कंपनी ने आईपीओ का प्राइस बैंड 599-629 प्रति इक्विटी शेयर तय किया है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट 13 फरवरी को होगा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज दोनों पर 17 फरवरी को शेयर्स की लिस्टिंग की जाएंगी।



## ट्रंप की इस्पात, एल्युमीनियम पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की चेतावनी

वाशिंगटन ।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उन्होंने कनाडा, मेक्सिको सहित इस्पात और एल्युमीनियम के सभी आयातों पर 25 प्रतिशत का शुल्क लगाने की सोमवार को घोषणा की है। इसके अलावा अन्य आयात शुल्क भी इस हफ्ते के अंत में लागू किए जाएंगे। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका में आने वाले किसी भी इस्पात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगेगा। उन्होंने एल्युमीनियम के बारे में पूछा जाने पर भी उसे व्यापार दंड के अधीन होने की बात कही। ट्रंप ने पारस्परिक शुल्क की घोषणा करते हुए कहा कि यह एक संकेत है कि अमेरिका ऐसे उत्पादों पर आयात शुल्क लगाएगा जिन्हें अन्य देशों ने अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क लगाया है। साझा विपणन के बीच दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक ने देश के विदेश नीति एवं व्यापार अधिकारियों से बैठक की, जिसमें ट्रंप के शुल्क के प्रस्तावित प्रभाव पर विचार किया गया। दक्षिण कोरिया ने अमेरिका में एक बहुमुखी स्रोत के तौर पर इस्पात और एल्युमीनियम भेजा है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद





मुम्बई ।

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। बैंक, धातु और पेट्रोलियम शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली हुई। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 548.39 अंक करीब 0.70 फीसदी की गिरावट के साथ सप्ताह के निचले स्तर 77,311.80 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 178.35 अंक तकरीबन 0.76 फीसदी नीचे आकर 23,381.60 अंक पर बंद हुआ। ।

जानकारों के अनुसार सेंसेक्स के तीस शेयरों में से पावर ग्रिड, टाटा स्टील, जोमैटो, टाइटन, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और टाटा मोटर्स के शेयर गिरे। वहीं दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं। वहीं अन्य बाजारों की बात करें तो एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बंद थे।

इससे पहले आज सुबह बाजार बड़ी गिरावट में खुले। स्टील स्टॉक्स समेत आईटी और फाइनेंशियल स्टॉक्स में गिरावट की वजह से बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स सोमवार को 19.36 अंक गिरकर 77,840 पर खुला जबकि और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 37.50 अंक की गिरावट लेकर 23,522.45 पर खुला। हालांकि, कुछ ही देर में दोनों इंडेक्स में गिरावट बढ़ गई और सेंसेक्स 77,500 तथा 23,500 से नीचे फिसल गया।

# आपके पास है आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का क्रेडिट कार्ड, ये खबर आपके लिए खास




नई दिल्ली ।

अगर आप देश के दिग्गज निजी बैंक आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, तब यह खबर आपके काम की है। दरअसल, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की ओर से क्रेडिट कार्ड की शर्तों में कुछ बदलाव हुए हैं। नए नियम 20 फरवरी, 2025 से लागू होने वाले है। इन बदलावों में स्टेटमेंट डेट्स, एजुकेशन फी पेमेंट्स, फ्यूल चार्जेज, ब्याज दरें, लाउंज एक्सेस और अलग-अलग कार्ड से जुड़े फीस शामिल हैं।

क्रेडिट कार्डधारकों के लिए अब उनके स्टेटमेंट डेट हर महीने की 20 तारीख को होगी। हालांकि, पेमेंट ड्यू डेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है और यह स्टेटमेंट डेट के 15 दिन बाद ही रहेगी। थर्ड-पार्टी प्लेटफॉर्म के जरिए एजुकेशन फीस पेमेंट करने पर अब 1 फीसदी चार्ज लगेगा, इसमें न्यूनतम 249 रुपये चार्ज होगा। हालांकि, ग्राहक इस चार्ज से बच सकते हैं अगर वे सीधे अपने एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन की वेबसाइट या उनके फिजिकल पीएसओ मशीनों के जरिए पेमेंट करते हैं।

अब एक स्टेटमेंट साइकिल में 30 हजार रुपये से ज्यादा के कुल फ्यूल खर्च पर 1 फीसदी चार्ज लगेगा। उदाहरण के लिए, अगर कोई कार्डहोल्डर एक महीने में फ्यूल पर 40 हजार रुपये खर्च करता है, तब उस पर 400 रुपये (1 फीसदी) और लागू टैक्स लगाए जाएंगे। बैंक ने अपनी डायनामिक ब्याज दर (एपीआर) रेंज को अपडेट किया है, जो अब 8.5 फीसदी सालाना से शुरू होकर 46.2 फीसदी सालाना तक जाएगी, जबकि पहले यह सीमा 9 फीसदी से 43.8 फीसदी सालाना थी।

## एचडीएफसी ने एमसीएलआर रेट्स में बढ़ोतरी की




नई दिल्ली । रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने हाल ही में अपनी रेपो रेट को कम करके 6.25 फीसदी कर दिया है, लेकिन इसका दिशा-निर्देश उल्टा दिखाई दे रहा है। देश के प्रमुख निजी बैंक एचडीएफसी ने हाल ही में एमसीएलआर रेट्स में बढ़ोतरी की है, जिसके परिणामस्वरूप लोन ईएमआई में वृद्धि हो सकती है। एचडीएफसी बैंक ने ओवरनाइट एमसीएलआर को 9.15 से 9.20 फीसदी बढ़ाकर बैंक लोन की दरों को महंगा कर दिया है। नए ब्याज दरें 7 फरवरी 2025 से लागू हो गई हैं। इसके साथ ही एक महीने, तीन महीने, छह महीने, एक साल, 2 साल से अधिक पीरियड और 3 साल से अधिक पीरियड के लिए भी एमसीएलआर दरें निर्धारित की गई हैं। यह नई दरें बैंकिंग सेक्टर में उत्साह कम कर सकती है और ग्राहकों को लोन चुकाने में अधिक दिक्कतें उत्पन्न कर सकती हैं।

# रेल मंत्री बोले-मुंबई सीएसटी स्टेशन की तर्ज पर होगा मुजफ्फरपुर जंक्शन का विकास, जलजमाव से मिलेगा छुटकारा

**मुजफ्फरपुर :** मुजफ्फरपुर जंक्शन और स्टेशन रोड पर वर्षों से जलजमाव की समस्या झेल रहे यात्रियों और स्थानीय लोगों के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राहत की बड़ी घोषणा की है। मुंबई CST स्टेशन की तर्ज पर अब यहां भी माइक्रो टनलिंग विधि से रेलवे लाइन के नीचे से पानी निकासी की जाएगी। इसको लेकर रेल मंत्री ने पूर्व मध्य रेलवे (ECR) के महाप्रबंधक (GM) को आवश्यक निर्देश दिए हैं। रेल मंत्री की इस घोषणा से मुजफ्फरपुर के लोगों को जल्द ही जलजमाव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

**रेलवे ट्रैक के नीचे जाम हो चुके नाले बने परेशानी की जड़**

मुजफ्फरपुर शहर में बरसात के दिनों में सबसे अधिक जलजमाव स्टेशन रोड, प्लेटफॉर्म और रेलवे कॉलोनी के आसपास देखने को मिलता है। इसके पीछे मुख्य कारण रेलवे ट्रैक के नीचे बने पुराने और जाम हो चुके नाले हैं, जो वर्षों से बेकार पड़े हैं। रेलवे लाइन के कारण शहर के उत्तरी हिस्से का पानी नहीं निकल पाता है, जिससे हर साल बारिश में जलभराव हो जाता है। स्टेशन के आसपास जलजमाव से प्लेटफॉर्म और सड़कें तालाब में तब्दील हो जाती हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्लेटफॉर्म पर आने वाले यात्रियों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे रेलवे की छवि पर भी असर पड़ता है। स्टेशन पर आयोजित



कार्यक्रम में जब स्थानीय लोगों ने रेल मंत्री को इस समस्या से अवगत कराया, तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया और माइक्रो टनलिंग तकनीक से जल निकासी का निर्देश दिया।

**क्या है माइक्रो टनलिंग विधि?**

**कैसे होगी जलनिकासी?**

माइक्रो टनलिंग एक आधुनिक तकनीक है, जिसका उपयोग दुनिया के कई बड़े शहरों में जल निकासी के लिए किया जाता है। इसमें रेलवे लाइन के नीचे एक सुरंग (टनल) बनाई जाती है, जिससे पानी आसानी से निकल सके। यह तकनीक न सिर्फ जलनिकासी में मदद करेगी, बल्कि जमीन के ऊपर मौजूद रेलवे लाइन या अन्य संरचनाओं को कोई नुकसान भी नहीं होगा। यह विधि तेजी से काम करने और कम समय में जलनिकासी की समस्या को हल करने के लिए जानी जाती है। अगर इस विधि को सही तरीके से लागू किया गया, तो आने वाले समय में मुजफ्फरपुर जंक्शन के आसपास जलजमाव की समस्या पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

**रेल मंत्री की घोषणा से जागी उम्मीद**

"रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मुंबई CST स्टेशन की तर्ज पर मुजफ्फरपुर जंक्शन पर भी जलनिकासी की आधुनिक व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके लिए पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक (GM) को निर्देश दे दिए गए हैं। रेल मंत्री की इस घोषणा से स्थानीय लोगों और यात्रियों में उम्मीद की किरण जागी है। अगर इस योजना पर जल्द अमल हुआ, तो शहरवासियों को बरसात के दिनों में जलजमाव की समस्या से राहत मिलेगी और स्टेशन का सौंदर्य भी निखरेगा।

## तीन साल तक शादी का झांसा देकर गंदा काम करता रहा, दो शादी भी तुड़वा दी, अब न्याय मांग रही पीड़िता




**वैशाली :** बिहार के वैशाली जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। महुआ थाना क्षेत्र में एक युवक ने शादी का झांसा देकर तीन साल तक एक युवती का यौन शोषण किया। आरोपी अफरोज ने न सिर्फ पीड़िता का शारीरिक शोषण किया, बल्कि उसकी दो शादियां भी तुड़वा दीं। अब पीड़िया न्याय मांगने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। बताया जा रहा है कि माता-पिता की मृत्यु के बाद नाना-नानी के साथ रह रही पीड़िता की पहली शादी उसकी नानी ने तय की थी। आरोपी ने शादी का वादा करके वह रिश्ता तुड़वा दिया और नजदीकी का फायदा उठाकर शारीरिक संबंध बनाने लगा। नानी की मृत्यु के बाद उसने शादी से इनकार कर दिया। जब पीड़िता की दूसरी शादी तय हुई, तो वह रिश्ता भी तोड़ दिया। पीड़िता ने पांच फरवरी को हाजीपुर महिला थाना और महुआ थाने में शिकायत की। महिला थाने की पुलिस ने आरोपी को पकड़ा, लेकिन बाद में छोड़ दिया। उल्टे पीड़िता को ही दोषी ठहराया जा रहा है। जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। वर्तमान में पीड़िता का इलाज चल रहा है और उसके शरीर पर मारपीट के गंभीर निशान हैं। महुआ थाना अध्यक्ष सुभाष प्रसाद के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। यह घटना पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है, जिन्होंने समय रहते कार्रवाई नहीं की और अपराधी को कानून के दायरे में नहीं लाया।

## एसपी ऑफिस पहुंचते ही निगरानी का दरोगा गिरफ्तार, कोर्ट से वारंट और कुर्की आदेश के बावजूद था गायब



**मोतिहारी :** "चौबे गए छब्बे बनने दूबे बनकर आ गए" यह कहावत सोमवार को मोतिहारी में एक दरोगा के ऊपर सटीक चरितार्थ हो गई। निगरानी विभाग में तैनात दरोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा पूर्व विधायक राजेश कुशवाहा के साथ अपने केस की पैरवी करने एसपी ऑफिस पहुंचा था। वह भी तब जब कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ वारंट जारी किया था। इतना ही नहीं जब दरोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा ने सरेंडर नहीं किया था तो कोर्ट ने कुर्की का आदेश भी जारी कर दिया था। लेकिन, दरोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा अपनी हनक दिखाकर गायब हो गया था। एसपी ऑफिस पहुंचते ही दरोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा ने खुद को निर्दोष बताया। पूर्व विधायक ने भी एसपी को कहा यह निर्दोष है। लेकिन मोतिहारी के सामने उसकी एक न चली। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अब मोतिहारी पुलिस दरोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा अपने ऊपर वारंट जाने होने के बावजूद निगरानी विभाग, पटना में ड्यूटी कर रहा था। मोतिहारी के पुलिस कप्तान स्वर्ण प्रभात ने बताया कि दरोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा के ऊपर कोर्ट से परमानेंट वारंट जारी हुआ था। वह पिछले कई महीनों से फरार चल रहा था। मोतिहारी पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। आज उसे गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में अग्रेतर कार्रवाई कर रही है। बताया जा रहा है कि दरोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा पर करीब दो वर्ष पूर्व ही गौरे गांव निवासी नवीन कुमार सिंह ने गोली चलाने और जबरन रंगदारी में जमीन लिखवाने का मुकदमा न्यायालय में दायर किया था। केस की सुनवाई शुरू हुई तो दरोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा कोर्ट में पेश ही नहीं हुआ। जब कई तारीखों पर दरोगा पेश नहीं हुआ तो कोर्ट ने उसके खिलाफ वारंट और कुर्की निकाल दिया। लेकिन, दरोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा ने इसकी परवाह नहीं की। वह अपनी हनक पर ड्यूटी घूमता रहा। इसी हनक में आज केस की पैरवी करने एसपी ऑफिस पहुंता तो एसपी ने फौरन मोतिहारी पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने का निर्देश दिया।

## देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले शिक्षक पर कार्रवाई, अब फूट-फूट कर रोते हुए मांग रहे माफी



**मुजफ्फरपुर :** मुजफ्फरपुर जिले के सरैया थाना क्षेत्र स्थित बखरा प्राथमिक विद्यालय के एक शिक्षक को हिंदू देवताओं पर की गई अभद्र टिप्पणी भारी पड़ रही है। पुलिस कार्रवाई के निर्देश और हिंदूवादी संगठनों के विरोध के बाद आरोपी शिक्षक अब फूट-फूट कर रोते हुए माफी मांग रहे हैं। उन्होंने वीडियो जारी कर हाथ जोड़कर लोगों से अपनी गलती के लिए क्षमा याचना की। बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें सरकारी विद्यालय के शिक्षक को एक चाय-नाश्ते की दुकान पर हिंदू धर्म के देवताओं के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करते हुए देखा गया। वीडियो सामने आते ही स्थानीय लोगों और हिंदू संगठनों ने शिक्षक के खिलाफ आक्रोश जाहिर किया। मामला बढ़ता देख प्रशासन और पुलिस हरकत में आई और आरोपी शिक्षक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ सरैया थाना में प्राथमिकी दर्ज कर दी। इसके बाद शिक्षक की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। प्रशासन भी इस मामले को गंभीरता से ले रहा है, जिसके तहत शिक्षक को निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस कार्रवाई और बढ़ते विरोध को देखते हुए अब आरोपी शिक्षक ने एक नया वीडियो जारी कर अपनी सफाई दी है। इस वीडियो में वह रोते हुए हाथ जोड़कर माफी मांग रहे हैं और अपनी टिप्पणी को साजिश करार दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया और उनका मकसद किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय हिंदूवादी संगठनों ने आरोपी शिक्षक की तत्काल गिरफ्तारी और सख्त सजा की मांग की है। संगठन के कार्यकताओं का कहना है कि ऐसे शिक्षकों को विद्यालयों में पढ़ाने का कोई हक नहीं है, जो धार्मिक आस्थाओं का अपमान करते हैं। प्रशासन और शिक्षा विभाग ने भी मामले को गंभीरता से लिया है। शिक्षक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है और उनकी सेवा समाप्त करने पर भी विचार किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर किसी धर्म का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खतरनाक रसायन वाला रंग और खराब क्वालिटी की नमक से बन रहा था मध्याह्न भोजन

**खगड़िया :** बीते वर्ष अगस्त माह में फूड एवं सेफ्टी डिपोर्टमेंट ने खगड़िया में बच्चों को मध्याह्न भोजन (एमडीएम) परोसने वाले एनजीओ पूर्वांचल समाज सेवा संघ की जांच की थी। इसमें पाया गया था कि मध्याह्न भोजन जो खाना बच्चों को दिया जा रहा है वह जहरीला है। फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की जांच रिपोर्ट में जो बात सामने आई थी उसके अनुसार बच्चों के खाने में जो मेटानील येलो कलर का इस्तेमाल हुआ है, वह स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। इतना ही नहीं जांच में पाया गया था कि भोजन में नमक का पीपीएम मात्रा 15 की जगह मात्र 5.3 है। फूड एवं सेफ्टी विभाग ने ये सारा रिपोर्ट खगड़िया के शिक्षा विभाग को देने के अलावे अपने पत्रांक 96 30 अक्टूबर 2024 द्वारा फूड कमिश्नर सह सचिव बिहार और पत्रांक 97 दिनांक 30 अक्टूबर 2024 द्वारा अपर समाहर्ता सह न्याय निर्णायक पदाधिकारी खगड़िया को सौंपा था। बावजूद इसके बच्चों को जहरीले भोजन परोसने वाले एनजीओ पूर्वांचल समाज सेवा संस्थान पर कार्रवाई




नहीं की गई। वर्तमान में भी इस एनजीओ के द्वारा सरकारी विद्यालय में एमडीएम वितरण किया जा रहा है। यानी शिक्षा विभाग के एमडीएम डीपीओ की मेहरबानी से बच्चों को जांच के बाद भी ऐसे भोजन मुहैया कराए जा रहे हैं, जो बच्चों को मानसिक और शारीरिक रुप से बीमार करने के लिए काफी है। गौरतलब है कि इस मामले में खगड़िया शिक्षा विभाग ने तमाम बातों को दबाकर एमडीएम परोसने वाले एनजीओ को छूट दे रखा है। तमाम तथ्य सामने आने के बाद भी उसपर आजतक न तो कार्रवाई की गई है, न ही उसके भोजन को विद्यालय के लिए बंद किया गया है। ऐसे में समझा जा सकता है कि एमडीएम डीपीओ उस एनजीओ पर कितना मेहरबान हैं। अमर उजाला ने जब इस मामले में एमडीएम डीपीओ निशित प्रणीत सिंह से बात की तो उन्होंने बताया कि फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की कोई रिपोर्ट उनके पास नहीं है। उनको इसकी सूचना मीडिया के द्वारा मिली थी। जब उनसे सवाल किया गया कि चार माह पहले जब जांच हुई और दो माह पहले खुलासा हुआ तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं की गई तो उन्होंने इस सवाल से पल्ला झारते हुए कहा कि वह तभी कार्रवाई करते हैं जब विभाग द्वारा उनको निर्देश दिया जाता है। मतलब, जबतक निर्देश नहीं मिला तबतक एनजीओ को जहरीले भोजन परोसने की छूट दे दी गई।

## वर्ल्ड कप क्रिकेट के मैच फिर हो सकेंगे पटना में, मोइनुल हक स्टेडियम की तैयारी जानकर चौक जाएंगे

**पटना :** मोईनुल हक स्टेडियम के नव निर्माण को लेकर बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (BCA) में लगातार बैठकों का दौर जारी है। एमओयू पर हस्ताक्षर होने के पश्चात BCA इस प्रतिष्ठित स्टेडियम को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की योजना पर कार्यरत है, ताकि यह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैचों की मेजबानी के लिए पूर्णतः सक्षम हो सके। BCA के अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना को जल्द ही मूर्त रूप दिया जाएगा और इसे निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में BCA की प्रतिबद्धता यह दर्शाती है कि आने वाले वर्षों में बिहार क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया जा रहा है।

**40 से 50 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था**

BCA के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने बताया कि स्टेडियम के पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक सभी बदलाव किए जाएंगे, हालांकि मौजूदा ढांचे में बदलाव सीमित रह सकते हैं क्योंकि इसे पहले ही अंतिम रूप दे दिया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत 40 से 50 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था, घरेलू और विजिटिंग टीमों के लिए आधुनिक ड्रेसिंग रूम, अत्याधुनिक पवेलियन, कॉर्पोरेट बॉक्स, मैच अधिकारियों के लिए विशेष क्षेत्र तथा ICC और BCCI बॉक्स में उच्च स्तरीय सुविधाओं को शामिल करने की योजना है, जिससे किसी भी प्रकार की कमी न रह सके और सभी कार्य योजना के अनुरूप क्रियान्वित किए जा सकें।



**एक सम्पूर्ण खेल परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा**


राकेश तिवारी ने कहा कि स्टेडियम को एक सम्पूर्ण खेल परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। दर्शकों के मद्देनजर सभी बारीकियों पर ध्यान रखते हुए प्रस्तावित प्रारूप और सुविधाओं के अनुसार आगे बढ़ने की योजना पर आज भी बैठक हुई। इस बैठक में अत्याधुनिक ड्रेसिंग रूम, उच्च स्तरीय शौचालय, शुद्ध पेयजल, स्विमिंग पूल, इंडोर क्रिकेट सुविधा, टेनिस कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, बॉलीबॉल कोर्ट, पांच सितारा होटल, खिलाड़ियों के लिए हॉस्टल, रेस्टोरेंट, क्लब हाउस, बोर्ड रूम, कॉन्फ्रेंस हॉल, सेमिनार एवं वर्कशॉप हॉल, वीडियो विश्लेषण केंद्र, अत्याधुनिक जिम, स्पा, फिजियो रूम और कैंटीन जैसी सुविधाओं को शामिल करने पर चर्चा की गई। साथ ही, सभी व्यवस्थाओं पर गहन विचार-विमर्श कर सुझाव भी लिए जा रहे हैं, जिससे इस स्टेडियम को और बेहतर बनाया जा सके।

## दहेज हत्या के छह महीने बाद भी कोई कार्रवाई नहीं, थाने पर हंगामा कर परिजन बोले-खुलेआम घूम रहे आरोपी

**मुजफ्फरपुर :** मुजफ्फरपुर जिले के कथैया थाना क्षेत्र में दहेज हत्या की शिकार हुई विवाहिता गुंजा कुमारी के परिजनों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। हत्या के छह महीने बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं किए जाने से नाराज मायके पक्ष के लोग और ग्रामीणों ने सोमवार को थाने पहुंचकर जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस आरोपियों को बचाने का काम कर रही है और केवल एक ही गिरफ्तारी कर खानापूर्ति कर दी गई। इस दौरान थाने में अफरातफरी की स्थिति बन गई और मायके पक्ष के लोग पुलिस प्रशासन पर पैसे लेकर कार्रवाई न करने का गंभीर आरोप लगाने लगे।

**छह महीने पहले की गई थी गुंजा की हत्या**

जानकारी के मुताबिक, मुजफ्फरपुर जिले के लालगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली गुंजा कुमारी की शादी एक साल पहले कथैया थाना क्षेत्र के प्यारेपुर निवासी संजीत कुमार से हुई थी। परिजनों का कहना है कि शादी के महज छह महीने बाद ही सितंबर 2024 में उसकी हत्या कर दी गई।





इस मामले में मृतका के पति समेत पांच लोगों को आरोपी बनाया गया था। लेकिन सिर्फ एक व्यक्ति को ही गिरफ्तार किया गया, बाकी सभी खुलेआम घूम रहे हैं।

**साड़ी से बांधकर दी गई थी दर्दनाक मौत**

परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि गुंजा की हत्या साजिश के तहत की गई थी। मृतका की बहन ने कहा कि मेरी बहन को पहले लगातार प्रताड़ित किया जाता था, मारपीट की जाती थी और दहेज लाने का दबाव बनाया जाता था। जब वह यह सब सहन नहीं कर पाई तो उसकी हत्या कर दी गई। उसे साड़ी में बांधकर मार दिया गया और आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए। हमने इस मामले की पूरी जानकारी पुलिस को दी, लेकिन आज तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि थाना प्रशासन जानबूझकर आरोपियों को बचाने का काम कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पैसे लेकर पुलिस इस मामले में लापरवाही बरत रही है। इस पूरे मामले पर कथैया थाना के थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा कि पुलिस ने इस केस को गंभीरता से लिया है। उन्होंने बताया कि एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, बाकी फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थानाध्यक्ष ने आगे कहा कि अगर आरोपी जल्द नहीं पकड़े जाते हैं तो कोर्ट के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई भी की जाएगी। दो आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी कर दिया गया है, जबकि अन्य दो की जांच चल रही है।

**गिरफ्तारी न होने तक जारी रहेगा आंदोलन**

थाने पर हंगामा करने के बाद परिजनों ने साफ कर दिया कि जब तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक वे आंदोलन जारी रखेंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करेंगे।

## पिकअप वैन ने मासूम बच्ची को 10 किलोमीटर तक घसीटा, दर्दनाक मौत

**पटना :** पटना में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। यहां खुसरूपुर थाना क्षेत्र के हरदासबीघा के पास एक आठ साल की मासूम बच्ची की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना रविवार की शाम करीब सात बजे की है, जब बच्ची सड़क पार कर रही थी और तभी एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद भी चालक ने गाड़ी नहीं रोकी, बल्कि बच्ची वैन में फंस गई और चालक उसे घसीटते हुए करीब 10 किलोमीटर तक ले गया। इस हृदयविदारक हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम पसर गया है। जानकारी के मुताबिक, मृत बच्ची की पहचान सुहानी कुमारी के रूप में हुई है, जो अपने मामा की शादी में ननिहाल आई हुई थी। शादी की तैयारियों के बीच वह सड़क पार कर रही थी कि तभी तेज रफ्तार पिकअप वैन ने उसे कुचल दिया। चश्मदीदों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बच्ची वैन में फंस गई, लेकिन इसके बावजूद चालक ने वाहन नहीं रोका और तेजी से भाग निकला। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने पिकअप वैन को पकड़ने की




कोशिश की, लेकिन चालक रफ्तार बढ़ाकर फरार हो गया। इसके बाद घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई। सालिमपुर थाना क्षेत्र में घंसूरपुर के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग कर वैन को रोक लिया और चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पिकअप वैन को जब्त कर लिया और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मासूम बच्ची की अचानक हुई मौत से शादी का माहौल मातम में बदल गया। घर में जहां कुछ ही देर पहले खुशी और हंसी-ठिठोली चल रही थी, वहां घटना के चीख-पुकार सुनाई देने लगी। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, खासकर मां और पिता सदमे में हैं। बच्ची को आज सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ अनुमंडल अस्पताल भेजा गया, जहां परिजनों की करुण चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया।

# वर्चस्व को लेकर दो गुट भिड़े, शादी के कार्ड ले जा रहे युवक पर किया जानलेवा हमला

**पटना :** पटना में एक बार फिर दबंगई और आपसी वर्चस्व की लड़ाई का खौफनाक नजारा देखने को मिला। गांधी मैदान थाना क्षेत्र स्थित आईएमए हॉल के पास दो गुटों के बीच जमकर मारपीट और फायरिंग हुई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यह घटना आठ फरवरी की बताई जा रही है, जब आपसी रंजिश को लेकर पहले कहासुनी हुई। हालांकि मामला हाथापाई और फायरिंग तक पहुंच गया। बताया जा रहा है कि दोनों गुटों की ओर से तीन से चार राउंड गोलियां चलाई गईं। घटना को लेकर पीड़ित युवक रिशु कुमार ने गांधी मैदान थाना में मामला दर्ज कराया है। रिशु का कहना है कि वह शादी के कार्ड बांटने के लिए निकला था, तभी पहले से घात लगाए अपराधियों ने सुभाष पार्क के पास उस पर हमला कर दिया। हमलावरों की संख्या दस से ऊपर थी और उन्होंने धारदार हथियारों और कट्टे से हमला किया। रिशु को सर पर चाकू और कट्टे के बट से मारा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि एक युवक के हाथ में कट्टा है, जबकि अन्य चार-पांच लोग लाठी, डंडे और बेल्ट से मारपीट कर रहे हैं। फुटेज के आधार पर पीड़ित ने गांधी मैदान



थाना में चार नामजद और आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। गांधी मैदान थाना प्रभारी सीताराम प्रसाद ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। राजधानी पटना में आपसी वर्चस्व को लेकर फायरिंग और मारपीट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। भीड़भाड़ वाले इलाकों में इस तरह की वारदातें कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से इस घटना में शामिल आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की वारदातें न हों।

## अगर आपके हाथ पैरों का भी बड़ गया है कालापन तो दूर करने के लिये फॉलो करें यह टिप्स

आमतौर पर अंडरआर्म ज्यादातर लोगों के लिए काला होता है। अत्यधिक पसीने के कारण यहां अंधेरा दिखाई देता है। यह कालापन आत्मविश्वास को कम करता है। इस वजह से महिलाओं के लिए स्लीवलेस और कट स्लीव के कपड़े पहनने का सपना अधूरा है। यदि अत्यधिक पसीने को रोकने के लिए किसी डिओडोरेंट का उपयोग किया जाता है, तो वे त्वचा को और अधिक काला करने का जोखिम उठाते हैं।कोई भी प्राकृतिक उपचार त्वचा के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है। इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। जानिए पसीने के कारण त्वचा का कालापन कैसे दूर करें।

### संकलो में काले मुद्दे को हल करने का तरीका यहां दिया गया है



द्धनहाने के तुरंत बाद कपड़े न पहनें। दो से तीन मिनट प्रतीक्षा करें। इस दौरान शरीर को सामान्य तापमान पर आना चाहिए। बैक्टीरिया के संक्रमण आदि के कारण नमी के कारण होने वाले संक्रमण से बचने के लिए शरीर को ठीक से सूखने दें।

द्धअतिरिक्त बालों से बचने के लिए नियमित रूप से शेविंग करते रहें। ऐसा करने से नमी और गंध नहीं आती है। इससे कालेपन से बचा जा सकता है।

प्रसंस्कृत भोजन, शराब और अन्य चीजों के सेवन से बचें जिससे अत्यधिक पसीना आता है, उच्च वसा वाले खाद्य पदार्थों से बचें।

– शरीर में पसीना कम करने वाले पानी, कैल्शियम, बादाम आदि से भरपूर पानी का अधिक सेवन करना चाहिए।

– मौसम के हिसाब से कपड़े चुनें, यानी गर्मियों में कॉटन, थोड़े ढीले कपड़े जिससे ज्यादा तनाव न हो। संकल्प को ज्यादा पसीना नहीं आता।





# रेस्टोरेंट या बाहर का खाना खाने से अब नहीं बढ़ेगा वजन

**वीकेंड हो या कोई त्योहार हम में से ज्यादातर लोग अपने परिवार के साथ अक्सर डिनर और लंच के लिए किसी रेस्टोरेंट में जाना पसंद करते हैं. वहीं घर से बाहर रहने वाले स्टूडेंट या नौकरी करने वाले लोग भी ज्यादातर समय खाना ऑनलाइन ही ऑर्डर करते हैं. ऐसे में हम जब भी खाना रेस्टोरेंट से ऑर्डर करते हैं तो कई लोग सलाह देते है कि बाहर का खाना खाने से वजन बढ़ जाएगा और मोटापा कि समस्या घेर लेगी. क्योंकि, बाहर खाए जाने वाले भोजन में घर के बने भोजन की तुलना में ज्यादा कैलोरी और फैट होती है और बाहर खाना अनजाने में वजन बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है.**

हालांकि, कुछ रणनीतियां हैं जिनका उपयोग करके आप भोजन योजना का पालन करते हुए भी बाहर खाने का आनंद ले सकते हैं...

न्यूट्रिशनिस्ट अरबी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि कैसे रेस्टोरेंट के कुछ खास फूड आइटम्स आपका वेट कम करने में आपकी मदद कर सकता है.

होटल या रेस्टोरेंट में खाना खाते या ऑर्डर करते समय इन 10 हेल्दी और वेट कम करने वाले फूड आइटम्स का जरूर रखें ध्यान

सुशी– कम कैलोरी, हाई फाइबर का सबसे अच्छा ऑप्शन है. ब्राउन चावल और सब्जी से भरे इस रोल का ऑप्शन जरूर चुनें.

पनीर टिक्का– हाई प्रोटीन, मीडियम कैलोरी के लिए पनीर टिक्का का ऑप्शन बेहतर है. इसे सब्जियों और साबुत अनाज के साथ खाएं.

वेजिटेबल कबाब

लो कैलोरी, हाई फाइबर से भरपूर ग्रिल्ड या रोस्टेड कबाब का विकल्प चुनें.

भूनी हुई सब्जियां और पनीर

हाई प्रोटीन, मीडियम कैलोरी के साथ भूनी हुई सब्जियां और पनीर का ऑप्शन जरूर चुनें, इसके साथ साबुत अनाज चुनें और ज्यादा सब्जियां खाएं.

सब्जी दाल सूप

कम कैलोरी, हाई फाइबर से भरपूर, प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर ऑप्शन के लिए चुनें.

खिचड़ी

कम कैलोरी, हाई फाइबर विकल्प के लिए साबुत अनाज, दाल और सब्जियों से बना खिचड़ी

स्टीम्ड वेजिटेबल डम्प्लिंग

मीडियम कैलोरी, हाई फाइबर विकल्प के लिए साबुत गेहूं या सब्जी आधारित रैपर चुनें.

होल व्हीट मशरूम रैप

मीडियम कैलोरी, हाई फाइबर विकल्प के लिए अधिक मात्रा में सब्जियां खाएं और कम कैलोरी वाले सॉस का चुनाव करें.

क्विनोआ बाउल विद ग्रिल्ड पनीर

हाई प्रोटीन, मीडियम कैलोरी विकल्प के लिए इसे चुनें. बता दें, क्विनोआ फाइबर प्रदान करता है, जबकि पनीर प्रोटीन प्रदान करता है.

बेसन चीला

मीडियम कैलोरी, हाई प्रोटीन ऑप्शन के लिए बेसन, सब्जियों और मसालों से बनाया गया चीला चुनें.

ऑर्डर करते समय, याद रखें...

रिफाइंड अनाज, की जगह साबुत अनाज चुनें.

अधिक मात्रा में सब्जियां और फलियां खाएं.

ग्रिल्ड, रोस्टेड या स्टीम्ड विकल्प चुनें.

ज्यादा कैलोरी और चीनी वाले सॉस और ड्रेसिंग का सेवन सीमित करें.

खूब पानी पियें और मीठे पेय पदार्थों का सेवन सीमित करें. इन विकल्पों को चुनकर, आप अपने वजन घटाने के लक्ष्य और समग्र कल्याण में सहायता करेंगे.

## स्किन के लिए गुणकारी है पत्थरचट्टा, जानें कैसे इसका इस्तेमाल कर सकते हैं

स्किन के लिए जुड़ी समस्याओं से बचने के लिए अक्सर हम कई तरह के घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप भी अपनी स्किन को हेल्दी रखना चाहते हैं, तो पत्थरचट्टा की पत्तियों का भी प्रयोग कर सकते हैं, आइए आपको बताते हैं कैसे इस्तेमाल करें।

खराब जीवनशैली और गलत खानपान की वजह से है कई सारी समस्याएं उत्पन्न हो जाती है। स्किन से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने के लिए महिलाएं महंगे-महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का प्रयोग कर सकते हैं। आमतौर पर कई महिलाएं पार्लर जाकर मेकअप या स्किन ट्रीटमेंट स्किन को स्वस्थ रखने के लिए किया जा सकता है, इसमें पत्थरचट्टा भी शामिल है। स्किन से जुड़ी समस्याओं से बचाव या राहत का लिए आप अपने स्किन केयर रुटीन में पत्थरचट्टा भी यूज कर सकते हैं। पत्थरचट्टा की पत्तियां एक्ने से राहत दिलाने में मदद करती है। स्किन की एलर्जी कम होती है।

पत्थरचट्टा की पत्तियों का इस्तेमाल कर सकते हैं

पत्थरचट्टा की पत्तियां में फ्लेवोनोइड्स, एल्कलॉइड्स और ग्लाइकोसाइड्स समेत कई बायोएक्टिव कंपाउंड्स पाए जाते हैं। यह आपकी स्किन पर एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव पैदा करते हैं, जिससे खुजली जैसी समस्या से राहत मिल सकती है। आइए आपको बताते हैं कैसे इसका प्रयोग करें।

– पत्थरचट्टा की पत्तियों को कुचलकर थोड़ा सा पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को अपनी स्किन के प्रभावित त्वचा पर 15 मिनट के लिए लगाएं और बाद में गुनगुने पानी से अपना मुंह धो लें। – पत्थरचट्टा की पत्तियों का इस्तेमाल करके आप फेस मास्क के रुप में भी यूज कर सकते हैं। इन पत्तियों का फेस मास्क बनाने के लिए पहले आप इन्हें अच्छे तरीके से ग्राइंड कर



## अगर आप एक महीने तक चाय पीना पूरी तरह बंद कर दें तो क्या होगा?

चाय आज के समय में लगभग हर किसी के जीवन का हिस्सा है. रोज सुबह बिस्तर से उठते ही चाय की चुस्की के साथ अपना नींद खोलना बहुत से लोगों को बेहद अच्छा लगता है. वहीं, नाश्ते के समय भी ज्यादातर लोग चाय पीते हैं. ऐसे में देखा जाए तो बहुत से लोग दिन में कई बार चाय का सेवन करते हैं. अधिकतर लोगों को चाय की ऐसी लत होती है कि वे दिनभर में 3 से 4 बार इसका सेवन करते है. हालांकि, अधिक मात्रा में चाय के सेवन सेहत के लिए नुकसानदेह होता है .

### एक महीने तक चाय न पीने के फायदे

चाय हमारे देश में लगभग 90 प्रतिशत लोगों का पसंदीदा हॉट ड्रिंक है. कुछ लोगों को सुबह उठते ही चाय पीने की इच्छा होती है, तो वहीं कुछ लोग दिन में अनगिनत बार चाय पीते हैं. क्योंकि चाय में निकोटिन जैसा ही तत्व तंबाकू में भी होता है. लोगों की इसकी लत लग जाती है. चाय एक प्रकार की ऊर्जा और ताजगी का भी सोर्स है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि हम जो चाय रोजाना पीते हैं उसमें मौजूद चीनी की मात्रा स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा कर सकती है?

चाय प्रेमियों के लिए एक महीने तक चाय न पीना वाकई एक बड़ी चुनौती जैसा होगा, लेकिन चाय पीने की इच्छा पर अंकुश लगाने से उनके स्वास्थ्य को अनगिनत फायदे मिल सकते हैं. आमतौर पर हम जो चाय पीते हैं उसमें चीनी की मात्रा अधिक होती है. इससे कैलोरी बढ़ती है. इसके अलावा स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, चाय में ज्यादा चीनी की मात्रा पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचा सकती है.

### एक महीने तक शुगर-फ्री रहने के फायदे

इसलिए अगर आप एक महीने के लिए मीठी चाय पीना बंद कर देते हैं, तो आपका पाचन बेहतर हो जाएगा. इससे वजन भी कम होता है. इतना ही नहीं इससे आपको कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी नहीं होंगी. यदि आप एक महीने तक चीनी वाली चाय नहीं पीते हैं तो, आपके ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहेगा, चीनी के लिए कम लालसा होगी, आप एनर्जेटिक महसूस करेंगे, दांत की सेहत बेहतर हो जाएगी, और संभावित रूप से स्किन साफ हो जाएगा, क्योंकि ज्यादा चीनी का सेवन मुंहासे में योगदान कर सकता है. हालांकि, चीनी को पूरी तरह से छोड़ने के पहले कुछ दिनों के दौरान आपको लालसा और थकान जैसे वापसी के लक्षणों का अनुभव हो सकता है.

कई अध्ययनों से पता चला है कि एक महीने तक मीठी चाय से परहेज करने से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है. मीठी चाय पीने से त्वचा पर दाने और छाले हो सकते हैं. इसलिए बेहतर है कि अपनी त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए मीठी चाय न पियें. चाय पीने की आदत से बचने से सीने में जलन, चक्कर आना और हृदय गति में उतार-चढ़ाव जैसी समस्याओं से राहत मिल सकती है. अगर आपके हाथ कांप रहे हैं तो चाय पीने से समस्या और बढ़ सकती है. इसके अलावा, यदि आप चाय पीना बंद कर दें तो हाई ब्लड प्रेशर सामान्य हो जाएगा.



# चेहरा टैनिंग के कारण दिखता है मुरझाया हुआ तो लगा लें ये 5 डी टैन पेस पैक्स, खिल उठेगी त्वचा

**धूप चाहे गर्मियों की हो या सर्दियों की, बहुत ज्यादा देर तक त्वचा के संपर्क में आती है तो टैनिंग की वजह बन जाती है. टैनिंग के कारण ऐसा लगता है जैसे चेहरे पर दाग-धब्बे पड़ गए हैं या मैल जम गया है. इस टैनिंग को कम करने के लिए घर पर ही कुछ फेस पैक्स बनाकर लगाए जा सकते हैं. ये फेस पैक्स स्किन पर निखार लाने का काम करते हैं. इनसे टैनिंग हल्की होने लगती है और त्वचा को उसकी खोई हुई चमक वापस मिल जाती है. यहां जानिए कौनसे हैं ये फेस पैक्स और किस तरह इन्हें घर पर ही आसानी से बनाकर चेहरे पर लगाया जा सकता है.**

### टमाटर का फेस पैक

त्वचा की टैनिंग कम करने में टमाटर कमाल का असर दिखाता है. टमाटर से फेस पैक बनाने के लिए टमाटर के पल्प को निकालें और इसमें थोड़ा सा खीरे का रस मिला लें. आप चाहे तो टमाटर को सादा भी चेहरे पर लगा सकते हैं. टमाटर के पल्प को 15 से 20 मिनट त्वचा पर लगाकर रखने के बाद धोकर हटाएं. त्वचा पर जमी डेड स्किन सेल्स भी निकलने लगती हैं. टमाटर सन डैमेज को कम करने में मददगार होता है.

### दूध और हल्दी

टैनिंग हल्की करने के लिए इस सदियों से चले आ रहे नुस्खे को आजमाकर देखा जा सकता है. एक कटोरी में दही लें और उसमें थोड़ी सी हल्दी मिला लें. दही और हल्दी के इस मिश्रण को चेहरे पर रूई की मदद से लगा लें. इसे चेहरे पर लगाकर तकरीबन आधे घंटे रखें और फिर धोकर हटाएं. हफ्ते में 2 बार इस मिश्रण को लगाकर देखा जा सकता है.

### बेसन और दही

चेहरे पर बेसन और दही को लगाने पर त्वचा एक्सफोलिएट होती है और चेहरे पर जमी डेड स्किन सेल्ट हटने लगती हैं. बेसन और दही त्वचा से मैल छुड़ाकर त्वचा को दमकदार बनाता है. कटोरी में 2 चम्मच बेसन लें और इसमें जरूरत के अनुसार दही मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें. इस फेस पैक को चेहरे पर लगाकर 15 से 20 मिनट रखें और फिर हल्के हाथों से मलते हुए छुड़ा लें.

### मुल्तानी मिट्टी और एलोवेरा

सनटैन दूर करने में मुल्तानी मिट्टी और एलोवेरा का भी अच्वा असर दिखता है. एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी में 2 चम्मच एलोवेरा जैल मिलाएं. इस फेस पैक को चेहरे पर 15 मिनट लगाकर रखा जा सकता है. इसे छुड़ाने के बाद चेहरे पर मॉइश्चराइजर लगाना ना भूलें.



### मलाई और केसर

मलाई को चेहरे पर सादा या फिर केसर के साथ मिलाकर लगाया जा सकता है. इससे त्वचा का रूखापन दूर होता है, मैल हटता है और टैनिंग कम होने में असर दिखता है. एक कटोरी में चम्मच भरकर मलाई और 1-2 केसर के छल्ले डालकर मिलाएं. इसे उंगलियों पर लेकर चेहरे पर पर मलें. आपको दिखेगा कि चेहरे पर जमा मैल छूटकर निकलना शुरू हो गया है. मलाई को चेहरे पर मलने के बाद पानी से धोकर छुड़ा लें.

# चैंपियंस ट्रॉफी के नॉकआउट चरण में 'बहुत खतरनाक' हो सकता है पाकिस्तानः शास्त्री

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली पाकिस्तान टीम आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में 'घरेलू परिस्थितियों में खतरनाक होने के लिए पर्याप्त गहराई' रखती है। पाकिस्तान को घरेलू परिस्थितियों में खेलने का फायदा है क्योंकि देश 1996 में विश्व कप के बाद पहली बार किसी सीनियर आईसीसी इवेंट की सह-मेजबानी करने के लिए तैयार है।

आईसीसी रिव्यू के नए एपिसोड में मेजबान संजना गणेशन के साथ बात करते हुए शास्त्री ने कहा, 'जब आप उपमहाद्वीप में अपने घरेलू मैदान पर खेलते हैं तो हमेशा दबाव होता है - चाहे वह भारत हो, श्रीलंका हो, बांग्लादेश हो या पाकिस्तान - उम्मीदें बहुत अधिक होती हैं। लेकिन मुझे लगता है कि पाकिस्तान ऐसी टीम है, जिसने पिछले छह से आठ महीनों में सफेद गेंद वाले क्रिकेट में जो अनुभव हासिल किया है, उसके आधार पर उसने कुछ बेहतरीन प्रदर्शन किए हैं, खासकर दक्षिण अफ्रीका में।'

प्रतिभाशाली युवा सलामी बल्लेबाज सैम अयूब की अनुपस्थिति के बावजूद शास्त्री ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए घरेलू टीम का समर्थन किया और नॉकआउट चरणों में 'बहुत खतरनाक' प्रतिद्वंद्वी बन सकते हैं। शास्त्री ने कहा, 'उन्हें शीर्ष पर अयूब की कमी खल रही है, और वह एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। लेकिन पाकिस्तान के पास खतरनाक होने के लिए पर्याप्त गहराई है, खासकर घरेलू परिस्थितियों में। मैं कहूंगा कि उन्हें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करना चाहिए और वहां से, यह किसी का भी खेल हो सकता है। पाकिस्तान अभी भी बहुत, बहुत खतरनाक है, और यदि वे क्वालीफाई करते हैं, तो वे दोगुने अधिक खतरनाक होंगे।'

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने शास्त्री की भावनाओं को दोहराया और कहा कि पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी इकाई टूर्नामेंट में खेल-परिवर्तक साबित हो सकती है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू को बताया, 'मैं रवि से सहमत हूं। सैम अयूब एक उच्च गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं, और उनकी अनुपस्थिति एक बहुत बड़ी कमी है। लेकिन पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी ब्रिगेड बहुत अच्छी है। शाहीन अफरीदी और नसीम शाह की अगुआई में उनके पास किसी भी बल्लेबाजी लाइन-अप को परेशान करने की गति और कौशल है।'

पोंटिंग ने पाकिस्तान की बल्लेबाजी को मजबूत करने में बाबर आजम और रिजवान के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'बाबर हाल के वर्षों में थोड़ा ऊपर-नीचे होता रहा है, लेकिन अगर वह और रिजवान अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखा सकते हैं, तो पाकिस्तान अविश्वसनीय रूप से खतरनाक बन जाएगा।'

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने यह भी स्वीकार किया कि घरेलू दर्शकों के सामने खेलने से अतिरिक्त आयाम मिल सकता है। उन्होंने कहा, 'घर पर



खेलने का दबाव दोनों तरफ से काम कर सकता है। यह एक वास्तविक प्रेरक हो सकता है, खास तौर पर जब आपके पीछे घरेलू दर्शक हों। वह समर्थन कभी-कभी आपको बड़े मौकों पर जीत दिलाने में मदद कर सकता है।'

पोंटिंग ने इस बात पर जोर दिया कि अगर पाकिस्तान के प्रमुख खिलाड़ी अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन करते हैं, तो वे एक ऐसी ताकत बन जाएंगे जिसका सामना करना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, 'उनके पास अभी भी किसी भी दिन किसी भी टीम को हराने के लिए पर्याप्त उच्च गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं। अगर वे अच्छा खेलते हैं, तो वे इसमें सही होंगे।'

# चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले हरभजन और शोएब अख्तर एकदूसरे से टकराते नजर आये



**दुबई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को यहां होने वाले आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी मुकाबले का जहां प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं इससे पहले भारत के दिग्गज स्पिनर रहे हरभजन सिंह और पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर का एक वीडियो आया है। इसमें आईएलटी 20 मैच के फाइनल के दौरान दोनों एक दूसरे से टकराते नजर आए हालांकि ये सच नहीं बल्कि एक मजाकिया वीडियो है। इस वीडिया में हरभजन बल्ला लेकर आगे बढ़ते हैं। वहीं शोएब उनको पीछे धक्का दे रहे हैं। हरभजन बल्ला लेकर अख्तर की तरफ बढ़ते तो उन्होंने गेंद दिखाकर उनको जवाब दिया। वहीं जब हरभजन उनके पास पहुंचे तो सीने से सीना टकराते हुए उनको पीछे की तरफ धक्का दिया।

इस वीडियो को सोशल मीडिया पर जमकर पसंद किया जा रहा है।

23 फरवरी को होने वाले इस मुकाबले को होने में अभी दो सप्ताह हैं पर हरभजन और अख्तर के मजाक ने दोनों देश के प्रशंसकों के लिए माहौल जरुरत बना दिया है। अख्तर और हरभजन के बीच में काफी अच्छी दोस्ती है। दोनो ने अपनी अपनी टीमों की ओर से शानदार रिकार्ड बनाये हैं। अब दोनो ही कमेंट्री करते दिखते हैं।

# सूर्यकुमार फॉर्म में लौटे, 8 चौके और 2 छक्कों की मदद से खेली शानदार अर्धशतकीय पारी

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फॉर्म में वापसी करते हुए 70 रन की पारी खेली और कप्तान अजिंक्य रहाणे (नाबाद 88) के साथ 139 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की जिससे गत चैंपियन मुंबई ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन सोमवार को यहां हरियाणा पर शिकंजा कस दिया। तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर (58 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी की मदद से मुंबई ने हरियाणा को पहली पारी में 301 रन पर आउट करके 14 रन की बढ़त हासिल की।

पहली पारी में 315 रन बनाने वाले 42 बार के चैंपियन मुंबई तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में 67 ओवर में चार विकेट पर 278 रन बनाए हैं और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 292 रन की हो गई है। रहाणे ने हमेशा की तरह धैर्य पूर्ण बल्लेबाजी की। उन्होंने अभी तक 142 गेंद का सामना करके 10 चौके लगाए हैं। पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे सूर्यकुमार ने 86 गेंद की अपनी पारी में 8 चौके और 2 छक्के लगाए हैं। इन दोनों ने ऐसे समय में शतकीय साझेदारी निभाई जब मुंबई के तीन विकेट 100 रन पर



निकल गए थे।

मुंबई ने सलामी बल्लेबाज आकाश आनंद (10), आयुष म्हात्रे (31) और सिद्धेश लाड (43) के विकेट जल्दी गवा दिए थे। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय रहाणे के साथ ऑलराउंडर शिवम दुबे 30 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले हरियाणा ने अपनी पहली पारी सुबह पांच विकेट पर 263 रन से आगे बढ़ाई और केवल 38 रन के अंदर अपने बाकी बचे पांच विकेट गंवा दिए। मुंबई की तरफ से शार्दुल के अलावा शम्स मुलानी और तनुष कोटियान ने दो-दो विकेट लिए। सभी की निगाहें हालांकि सूर्यकुमार पर टिकी थी जो इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला में केवल 28 रन बना पाए थे।

# भारत और न्यूजीलैंड आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में रहेंगे जीत के प्रबल दावेदार : अश्विन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी स्पिनर स्पिनर आर अश्विन का मानना है कि भारत और न्यूजीलैंड के आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने की सबसे अधिक उम्मीदें हैं। अश्विन ने साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलिया टीम के हालांकि कई प्रमुख खिलाड़ी चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट पर से बाहर हैं पर इसके बाद भी उसकी संभावनाएं कम नहीं आंकी जा सकती हैं। इसका कारण है कि कंगारु टीम बड़े टूर्नामेंटों में लय हासिल कर लेती है। चैम्पियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान में शुरु होगी। वहीं भारतीय टीम अपने मैच दुबई में खेलेगी।

अश्विन ने कहा, 'भारतीय टीम को दुबई में रहने वाले भारतीय प्रशंसकों का समर्थन मिलेगा। इससे अन्य टीमों को लगेगा कि वे भारतीय हालातों में ही खेल रहे हैं जिसका उन्हें नुकसान होगा। अश्विन का मानना है कि भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी के लिए त्रिकोणीय टूर्नामेंट में खेलना चाहिए था। अभी भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज खेल रही है।

अश्विन ने सवाल किया, 'इंग्लैंड के खिलाफ खेलकर क्या चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की तैयारी पर्याप्त होगी? क्या हमें त्रिकोणीय श्रृंखला भी खेलनी चाहिए थी? पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान की परिस्थितियों में खेल रहे हैं, जिससे उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी में अधिक सहायता मिलेगी। वहीं भारतीय टीम केवल इंग्लैंड के खिलाफ खेलकर यहां पहुंचेगी।

अश्विन ने कहा कि इस बार ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी के बाहर रहने के बाद भी न्यूजीलैंड भारत के लिए




परेशानी खड़ी करेगा। उन्होंने कहा, 'भारत के बाद, न्यूजीलैंड चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे मजबूत टीमों में से एक है। साउदी और बोल्ट जैसे खिलाड़ी नहीं खेल रहे हैं इसलिए उनके गेंदबाजी आक्रमण को कमजोर माना जा रहा है। मैट हेनरी के साथ टीम में कौन होगा ये देखना होगा।

उन्होंने कहा, 'न्यूजीलैंड के पास माइकल ब्रेसवेल और ग्लेन फिलिप्स के साथ एक अनुभवी स्पिन आक्रमण है। यह देखना होगा कि कप्तान मिचेल सेंटनर अपने संसाधनों को किस तरह से इस्तेमाल करते है। न्यूजीलैंड निश्चित रूप से एक मजबूत टीम है। वे भारत को चुनौती देने वालों में से एक हैं।

अश्विन ने कहा कि आईसीसी टूर्नामेंटों में ऑस्ट्रेलिया हमेशा ही एक मजबूत टीम रही है। उन्होंने कहा, '' कप्तान के रूप में स्टीव स्मिथ शानदार है। स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी में भी टीम की कप्तानी करेंगे। उसके पास ट्रेविस हेड, ग्लेन मैक्सवेल और लाबुशेन जैसे शानदार खिलाड़ी हैं। उसके हालांकि तेज गेंदबाज और नियमित कप्तान पैट कमिंस ओर तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड व मिचेल मार्श की कमी खलेगी।

## एशिया मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप आज से, भारत का पहला मुकाबला मकाउ से होगा

किंगदाओ (एजेंसी)। एशिया मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप मंगलवार से यहां शुरु होगी। इस चैम्पियनशिप में पी वी सिंधु की कमी भारतीय टीम को खलेगी। सिंधु चोटिल होने के कारण इस चैंपियनशिप से बाहर हैं। सिंधु की जगह विश्व रैंकिंग में 29वें नंबर की खिलाड़ी मालविका बांसोड़ को अवसर मिला है और उन्हें महिला एकल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।



भारतीय टीम को इस प्रतियोगिता में ग्रुप डी में रखा गया है जहां उसका पहला मुकाबला बुधवार को मकाउ से होगा। भारतीय टीम को इसके बाद गुरुवार को दक्षिण कोरिया की मजबूत टीम से मुकाबला करना है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। भारतीय टीम को क्वार्टर फाइनल तक तो शायद ही परेशानी आये पर उसके बाद उसे आगे बढ़ने के लिए काफी प्रयास करना होगा। भारत एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में अभी तक स्वर्ण पदक नही जीत पाया है हालांकि उसने 2018 और 2022 मे राष्ट्रमंडल खेलों में मिश्रित टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक जीता था। भारतीय टीम का हाल के दिनों में टीम प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने 2022 में थॉमस कप में स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय टीम की उम्मीदें एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, अश्विनी पोनप्पा, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर टिकी हैं। इसके अलावा पुरुष एकल और पुरुष युगल वह महिला युगल में भी टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें हैं।

# बुमराह के चैम्पियंस ट्रॉफी में खेलने पर संशय बरकरार

### -बीसीसीआई अंतिम समय तक करेगा इंतजार




मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में खेलना अभी तय नहीं है। बुमराह को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दौरान चोट लग गई थी। उसके बाद से ही वह बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भी बुमराह को लेकर जल्दबाजी में कोई भी फैसला नहीं लेना चाहती है। बीसीसीआई अभी इंतजार करो की नीति पर चल रही है। अगर बुमराह फिट नहीं होते हैं तो भारतीय गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हो जाएगा। वह अभी एनसीए में रिहैबिलिटेशन शुरू करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अपनी पीठ के स्कैन भी कराए हैं। उनके एक दो दिन में गेंदबाजी शुरु करने की भी संभावना है। बीसीसीआइ चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चयनित टीम में 11 फरवरी तक बदलाव कर सकता है। ऐसे में बोर्ड बुमराह को खेलने का हर मौका देने के लिए आखिरी समय तक इंतजार करने को तैयार है। एक रिपोर्ट के अनुसार अगर बुमराह के फिट होने की एक फीसदी भी संभावना रही तो बोर्ड उनका इंतजार करेगा। बीससीआई के पास टीम के नाम देने के बाद भी तकनीकी कमेटी से विकल्प की मांग का अवसर रहेगा।

# रचिन रवींद्र की चोट के लिए पीसीबी दोषी, 'चैंपियंस ट्रॉफी दुबई में आयोजित की जाए'

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) रविवार को लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के पहले वनडे के दौरान रचिन रवींद्र के चोटिल होने के बाद आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज के माथे पर चोट लग गई जिससे काफी खून बहा और उन्हें तुरंत मैदान छोड़ना पड़ा। इस घटना से नाराज सोशल मीडिया यूजर्स ने पीसीबी पर निशाना साधा और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से चैंपियंस ट्रॉफी के मेजबान के रूप में पाकिस्तान पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया।

यह घटना पाकिस्तान की पारी के 37वें ओवर में हुई जब खुशदिल शाह द्वारा माइकल ब्रेसवेल की गेंद पर शॉट खेला और रवींद्र ने कैच पकड़ने की कोशिश की लेकिन फ्लडलाइट्स के बीच गेंद को देख नहीं पाए और गेंद उनके चेहरे पर लग गई। रविंद्र कुछ सेकंड के लिए मैदान पर गिरे और उनके चेहरे से खून बहने लगा, जिससे स्टेडियम में सन्नाटा छा गया। पाकिस्तान टीम के डॉक्टर के साथ मेडिकल टीम तुरंत वहां पहुंची। उन्हें मैदान पर लेटा दिया गया, जहां वे कुछ मिनट के लिए लेटे रहे और फिर उन्हें तौलिया से चेहरा ढककर मैदान से बाहर निकाला गया।

इस घटना के बाद, जिसने सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के बीच भी चिंता पैदा कर दी, चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मेजबान देश के रूप में पाकिस्तान की साख पर सवाल उठाए गए और चोट के लिए पीसीबी को दोषी ठहराया गया। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान राशिद लतीफ ने खुलासा किया कि मुख्य मुद्दा आयोजन स्थल पर एलईडी लाइट्स का उपयोग था। उन्होंने कहा, 'ऐसी लाइट्स में चमक अधिक होती है। इसलिए, जब गेंद सपाट दिशा में जाती है, तो आप अक्सर इसे देखने में असमर्थ होते हैं।'

इस घटना के बाद पीसीबी पर लोगों का गुस्सा फुटा और एक यूजर ने तो यहां कर लिखा डाला कि आईसीसी ने पाकिस्तान के मैदान पर अंतरराष्ट्रीय मैच आयोजित करने की अनुमति कैसे दी? ICC को खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए और अगर




पाकिस्तान ऐसा नहीं कर सकता तो चैंपियंस ट्रॉफी को दुबई में शिफ्ट कर देना चाहिए। रचिन रविंद्र के लिए प्रार्थना।

### रचिन रविन्द्र पर अपडेट

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने दावा किया कि रविन्द्र 'ठीक' हैं, लेकिन सोमवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम के दूसरे मैच से पहले उनकी निगरानी जारी रहेगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट के बयान में कहा गया, '38वें ओवर में कैच लेने के प्रयास में माथे पर गेंद लगने के बाद रविन्द्र को मैदान से बाहर जाना पड़ा। उनके माथे पर चोट लगी है, जिसका इलाज मैदान पर ही किया गया है, लेकिन वे ठीक हैं। वे अपने पहले HIA (हेड इंजरी असेसमेंट) से ठीक हो गए हैं और HIA प्रक्रियाओं के तहत उनकी निगरानी जारी रहेगी।'

# शोएब अख्तर को इन तीन टीमों के चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनलिस्ट में पहुंचने की उम्मीदें




लाहौर। पाकिकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भारत और मेजबान पाक टीम के अलावा अफगानिस्तान भी आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनलिस्ट में पहुंच सकती है। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 19 फरवरी को शुरु होगी। इसमें भारतीय टीम के मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल की भी संभावना है। वहीं 23 फरवरी को होने वाले भारत-पाकिस्तान मुकाबले में उन्हें पाक टीम की जीत की उम्मीद है। अख्तर ने कहा, अगर अफगानिस्तान की टीम ठीक से खेले तो टूर्नामेंट वे सेमीफाइनल में पहुंच सकती है। मेरा मानना है कि पाकिस्तान, भारत और अफगानिस्तान 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। अख्तर ने कहा, मुझे उम्मीद है कि 23 फरवरी को पाकिस्तान भारत को हराएगा। मेरा मानना है कि पाक और भारत दोनों को टूर्नामेंट के फाइनल में खेलना होगा। पिछली बार 2017 में चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत और पाक में मुकाबला हुआ था। तब पाकिस्तान ने भारत को 180 रनों से हराया था। अफगानिस्तान ने पिछले कुछ समय से लगातार आईसीसी टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह 2023 एकदिवीसय विश्वप कप में वे छठे स्थान पर रही थी पर 2024 के टी20 विश्व कप में टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी। उन्हें न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद नहीं है।

# इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेथेल चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हुए



लंदन। इंग्लैंड की टीम को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी शुरु होने से पहले ही एक करारा झटका लगा है। उसके ऑलराउंडर जैकब बेथेल चोटिल होने के कारण 19 फरवरी से शुरु होने वाले इस टूर्नामेंट से बाहर हो गये हैं। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बेथेल चैम्पियंस ट्रॉफी में नही खेलेंगे। बटलर ने कहा, ' यह उसके लिए निराशाजनक है क्योंकि उसने भारतीय टीम के खिलाफ पहले एकदिवसीय में अच्छा प्रदर्शन किया था और वह इस टूर्नामेंट को लेकर उत्साहित था। बाएं हाथ के बल्लेबाज बेथेल ने नागपुर में खेले गए पहले एकदिवसीय में अर्धशतक बनाने के अलावा एक विकेट भी लिया था। वह चोटिल होने के कारण दूसरे एकदिवसीय में नही खेल पाए थे। इंग्लैंड ने उनकी जगह पर टॉम बैटन को टीम में शामिल किया है। इस टूर्नामेंट के लिए अंतिम टीम की घोषणा 12 फरवरी तक होगी। इंग्लैंड की टीम पाकिस्तान और दुबई में शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 22 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी। बेथेल अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी नहीं खेल पायेंगे। ऐसे में उन्हें नीलामी में 2.60 करोड़ में खरीदने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की मुश्किलें भी बढ़ गयी हैं।

# जडेजा के सामने टिक नहीं पाते रुट




कटक। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर रवींद्र जडेजा के सामने इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रुट टिक नहीं पाते हैं। दूसरे एकदिवसीय मैच में भी यह देखा गया कि जडेजा के सामने रुट बेबस नजर आये और उनका शिकार बने। पहले एकदिवसीय में भी वह जडेजा का शिकार बने थे। जडेजा और रूट के बीच साल 2012 में पहली बार टक्कर हुई थी। तब से दोनों के बीच रोमांचक मुकाबला होता रहा है। उन्होंने रूट को हर प्रारुप में परेशान किया है। जडेजा ने एकदिवसीय में रूट को 5 बार आउट किया है। वहीं इससे पहले केवल बोल्ट ने ही रूट को एकदिवसीय में 5 बार आउट किया था। इसके अलावा दुनिया में एक भी गेंदबाज ऐसा नही है। जिसने रूट को एकदिवसीय में इतनी बार पैवेलियन भेजा हो। वही टेस्ट में भी जडेजा के सामने रूट टिक नहीं जो हैं और 8 बार उनकी गेंद पर आउट हुए हैं। इस तरह उन्होंने रूट को कुल 13 बार पेवेलियन भेजा है। इसके अलावा जसप्रीत बुमराह ने भी जो रूट को 13 बार पेवेलियन भेजा है। उन्होंने रुट को टेस्ट में 9, एकदिवसीय में 3 और टी20 मैच में एक बार आउट किया है। इस तरह जो रूट को सबसे ज्यादा बार आउट करने का भारतीय रिकॉर्ड संयुक्त रूप से जडेजा और बुमराह के नाम है। रूट को जडेजा से ज्यादा बार केवल ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस हैं ने 14 बार आउट किया है।

# एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिपः सिंधु के बिना आसान नहीं होगी भारत की राह

**किंगदाओ (चीन) (एजेंसी)।** ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधु के चोटिल हो जाने से भारत की मंगलवार से यहां शुरू होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने की राह काफी मुश्किल हो गई है। भारत ने दो साल पहले दुबई में खेली गई प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था और उसमें सिंधु ने अहम भूमिका निभाई थी। उनके बाहर होने से भारत को करारा झटका लगा है।

सिंधु गुवाहाटी में अभ्यास शिविर के दौरान चोटिल हो गई थी जिस कारण उन्हें अंतिम समय में टूर्नामेंट से हटना पड़ा। उनकी अनुपस्थिति में विश्व रैंकिंग में 29वें नंबर के खिलाड़ी मालविका बांसोड़ को महिला एकल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत को प्रतियोगिता में ग्रुप डी में रखा गया है जहां उसका पहला मुकाबला बुधवार को मकाउ से होगा। भारतीय टीम को इसके बाद गुरुवार को दक्षिण कोरिया की मजबूत टीम का सामना करना होगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी।

भारत को क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए लेकिन इसके बाद आगे बढ़ने के लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में अभी तक स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया है लेकिन उसने 2018 और 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में मिश्रित टीम प्रतियोगिता में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता था। भारत ने हाल के दिनों में टीम प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने 2022 में थॉमस कप में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा उसने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में रजत और पिछले एशियाई खेलों में पुरुष वर्ग की टीम प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया था।

इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अधिकतर खिलाड़ी वर्तमान टीम का हिस्सा भी हैं। इन खिलाड़ियों में एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, अश्विनी पोनप्पा, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शामिल हैं। भारत को पुरुष एकल और पुरुष युगल में काफी उम्मीदें हैं। इनके अलावा महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली से भी काफी उम्मीद की जा रही है क्योंकि उन्होंने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है।



# मप्र में अंगदान करने वाले व्यक्तियों को दिया जाएगा राजकीय सम्मान : मोहन यादव

एजेंसी

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को एम्स भोपाल में 16 दिन पहले हृदय प्रत्यारोपण (हार्ट ट्रांसप्लांट) करवाने वाले मरीज दिनेश मालवीय से मुलाकात कर सफल हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही एम्स के चिकित्सकों की टीम को भी इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सफल ट्रांसप्लांट अंगदान के महत्व को दशार्ता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की कि राज्य सरकार अंगदान और देहदान को प्रोत्साहित करने के लिए नई योजनाएं लागू करेगी। अंगदान करने वाले व्यक्तियों को राजकीय सम्मान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री



डॉ. यादव ने कहा कि मृतक के परिवार की सहमति से उनके पार्थिव शरीर को उचित चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचाया जाएगा और अंतिम संस्कार के समय राजकीय सम्मान दिया जाएगा। इसके अलावा यदि अंगदान करने वालों के पास 'आयुष्मान कार्ड' नहीं है, तो सरकार इसे बनवाने में मदद करेगी। राष्ट्रीय पर्वों पर ऐसे लोगों को सम्मानित करने का भी प्रयास किया जाएगा। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले ब्रेन डेड घोषित सागर जिले के बलिराम कुशवाहा के परिवारजनों ने अंगदान-महादान का निर्णय लिया था। उनके हार्ट को पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा के माध्यम से जबलपुर में ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एम्स भोपाल लाया गया तथा मध्य प्रदेश में पहली बार हार्ट ट्रांसप्लांट किया गया। सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव एम्स भोपाल पहुंचे और मरीज दिनेश मालवीय से भेंटकर उनके स्वास्थ्य के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह आनंद की बात है कि वह स्वस्थ अनुभूत कर रहे हैं और उन्हें कल डिस्चार्ज कर दिया जायेगा। मैं बाबा महाकाल से उनके शीघ्र पूर्णतः स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अंग प्रत्यारोपण को बढ़ावा देने के लिए एक राज्य स्तरीय संस्थान स्थापित किया जाएगा, जिससे मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। साथ ही प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में अंगदान और प्रत्यारोपण की व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मरीजों के शीघ्र इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस और हेलिकॉप्टर सेवाओं का विस्तार करेगी, जिससे गंभीर मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। उन्होंने जनता से अपील की कि अधिक से अधिक लोग अंगदान और देहदान के लिए आगे आएं, ताकि जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिल सके और चिकित्सा विज्ञान को मजबूती मिले। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस दिशा में जनजागरूकता अभियान भी चलाएगी।

## एक नजर

### अहमदाबाद हवाईअड्डा को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**अहमदाबाद :** सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इंडिगो के एक विमान से सफाई के दौरान एक धमकी भरा पत्र मिलने से सनसनी फैल गई। पत्र में विमान को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी का पत्र मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं और जांच शुरू कर दी। विमान के यात्रियों को रोक कर उनकी हैंडराइटिंग के सैंपल लिए गए। अहमदाबाद हवाईअड्?डे के सूत्रों के अनुसार सोमवार सुबह 9.20 बजे जेद्दा से अहमदाबाद पहुंची इंडिगो फ्लाइट से सभी यात्रियों के बाहर निकलने के बाद विमान की सफाई की जा रही थी। इसी दौरान सफाईकर्मी को हाथ से लिखा एक धमकी भरा पत्र मिला। तुरंत इसकी सूचना हवाईअड्डा प्राधिकरण और पुलिस को दी गई। पुलिस ने तुरंत सक्रियता से एफएसएल की सहायता ली है। सुरक्षा एजेंसियों ने हवाईअड्डे पर जांच शुरू करते हुए सभी यात्रियों को फ्लाइट से बाहर निकलाने के बाद उनके हस्ताक्षर व राइटिंग सैम्पल के नमूने लिये। दिन के 12 बजे तक हैंडराइटिंग लेने की प्रक्रिया लेने की बजह से यात्री हवाई अड्डे पर ही फंसे रहे। इसी बीच हवाईअड्डा पर सीआईएसएफ के जवान भी सक्रिय हो गए। बम स्क्वॉड समेत विभिन्न जांच एजेंसियां मौके पर पहुंच गई हैं। अहमदाबाद जोन 4 के डीसीपी कानन देसाई ने बताया कि बम की धमकी मिलने के साथ ही पुलिस जांच कर रही है। धमकी देने वाले व्यक्ति के संबंध में जांच की जा रही है।

### बांग्लादेश में 'ऑपरेशन डेविल हंट', 40 लोग गिरफ्तार

**ढाका :** बांग्लादेश में हाल ही में हुई हिंसा के बाद प्रशासन ने 'ऑपरेशन डेविल हंट' शुरू किया, जिसके तहत 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई ढाका के बाहरी इलाके में हुई एक हिंसक घटना के बाद की गई, जहां एक छात्र समूह के कार्यकताओं पर हमला हुआ था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह हिंसा गाजीपुर जिले में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी, अवामी लीग, से जुड़े प्रतीकों और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के दौरान भड़की। भीड़ के इस हमले में 14 लोग घायल हो गए, जिसमें पूर्व मुक्ति संग्राम मामलों के मंत्री मोजम्मेल हक के आवास पर हुई तोड़फोड़ भी शामिल थी। स्थिति को नियंत्रित करने और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस की सरकार ने शुक्रवार रात विशेष अभियान का आदेश दिया। गाजीपुर के पुलिस अधीक्षक चौधरी जाबेर सादिक ने पुष्टि की कि यह अभियान जिले के विभिन्न हिस्सों में चलाया गया और अब तक 40 संदिग्धों को हिरासत में लिया जा चुका है।

### एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

**भागलपुर :** तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय की अराजक व्यवस्था को देखते हुए एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को धरना दिया। अखिल विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री कुणाल पांडे, विश्वविद्यालय कार्य आयाम प्रमुख हैप्पी आनंद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशुतोष सिंह तोमर एवं जिला संयोजक रोहित राज ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्वविद्यालय के विभिन्न मुद्दों पर निरंतर संघर्ष करेगी। आंदोलन विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ करेगी। उन्होंने कहा कि कई मुद्दों को लेकर आंदोलन किया गया लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सिर्फ आश्वासन मिला लेकिन अब विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ विद्यार्थी परिषद ने चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी कर ली है। विश्वविद्यालय प्रशासन हमारे मांगों को अविलंब पूरा करे अन्यथा विद्यार्थी परिषद बड़ा आंदोलन खड़ा कर विश्वविद्यालय के छात्र विरोधी नीतियों को उजागर करेगी।

## पाकिस्तान में सुरक्षाबलों ने सात आतंकवादियों को मार गिराया




एजेंसी

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में रविवार को अलग-अलग मुठभेड़ों में सात आतंकवादी मारे गए और एक सैनिक शहीद हो गया। सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, सुरक्षा बलों ने 8 और 9 फरवरी की रात को इलाके में हथियारबंद लोगों की मौजूदगी की सूचना पर डेरा इस्माइल खान जिले के मद्दी इलाके में खुफिया ऑपरेशन शुरू किया। डान समाचार पत्र के अनुसार, इस्माइल खान जिले के खुफिया ऑपरेशन में तीन आतंकवादी मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। तीनों आतंकवादी तात्कालिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और बम बनाने में विशेषज्ञ थे। इसके बाद आतंकवादियों के खिलाफ एक और ऑपरेशन उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली तहसील में चलाया गया। सुरक्षा बलों ने यहां चार आतंकवादियों को मार गिराया, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। इस बीच, पेशावर और कोहाट के बीच सीमा पर हसन खेल उपखंड में आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में एक सैनिक शहीद हो गया और तीन अन्य घायल हो गए।

## नामीबिया के पहले राष्ट्रपति सैम नुजोमा का 95 वर्ष की आयु में निधन

एजेंसी

**विंडहोएक :** नामीबिया के पहले राष्ट्रपति और स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेता सैम नुजोमा का 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने शनिवार रात विंडहॉक के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। वर्तमान राष्ट्रपति नांगोलो म्बुम्बा ने रविवार को उनके निधन की पुष्टि करते हुए कहा कि यह पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। नामीबियाई राष्ट्रपति नांगोलो म्बुम्बा ने कहा कि नुजोमा के निधन से नामीबिया गणराज्य की नींव हिल गई है। पिछले तीन हफ्तों में नामीबिया गणराज्य के संस्थापक को खराब स्वास्थ्य के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने कहा कि नुजोमा ने हमारे मुक्ति संग्राम के सबसे संकट काल में नामीबियाई लोगों का नेतृत्व किया। 1989 के अंत



में संसदीय चुनावों में लौटने से पहले उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के नेता के रूप में 30 साल निर्वासन में बिताए। महीनों बाद 1990 में नामीबिया की स्वतंत्रता की पुष्टि होने पर उन्हें राष्ट्रपति चुना गया। सैम नुजोमा ने नामीबिया को उपनिवेशवाद और रंगभेद से मुक्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कई दशक तक स्वाधीनता संग्राम का नेतृत्व किया और 1990 में देश की आजादी के बाद पहले राष्ट्रपति बने। उनके कार्यकाल में नामीबिया ने लोकतंत्र और स्थिरता की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाए। नुजोमा को उनके देश में एक दूरदर्शी नेता और राष्ट्र निमार्ता के रूप में याद किया जाता है। वे उन अफ्रीकी नेताओं की पीढ़ी का हिस्सा थे, जिन्होंने अपने देशों को औपनिवेशिक शासन से मुक्त कराया और स्वतंत्र राष्ट्रों के निर्माण में अहम भूमिका निभाई।

## एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन 5 के साथ पार की फिनिश लाइन से आगे जाने की सीमा

एजेंसी

**पटना :** गंगा नदी के किनारे बसा आधुनिक शहर पटना एक हरित भविष्य के महत्व को भली-भांति समझता है। इसी सोच को साकार करते हुए पटना के निवासियों ने एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन 5 में मिर्ची के साथ मिलकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया। इस मैराथन का आधार ही स्थिरता (सस्टेनेबिलिटी) है, और इसी के जरिए हमने पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया। एसबीआई ग्रीन मैराथन, जो मिर्ची के सहयोग से आयोजित किया जाता है, हमेशा से एक सस्टेनेबल लाइफस्टाइल को प्रोत्साहित करता आया है। यह हमारे आयोजन की हर एक प्रक्रिया में झलकता है—चाहे वो ऑर्गेनिक टी-शर्ट्स हों, प्लांटेबल बिब्स हों, या फिर ऑन-



ग्राउंड एलिमेंट्स, जो अधिकतम रिसाइक्लेबल मटेरियल से बनाए जाते हैं। ऐतिहासिक आंदोलनों के गवाह रहे गांधी मैदान ने इस बार भी एक अहम मोमेंट देखा—एसबीआई ग्रीन मैराथन का आयोजन। इस प्रतिष्ठित स्थल पर 4000+ से अधिक धावकों ने भाग लिया और सभी ने मिलकर फिनिश लाइन से आगे जाने का संकल्प लिया। इस मैराथन में 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी की दौड़ श्रेणियां थीं, जिससे हर तरह के धावकों के लिए एक सही मंच उपलब्ध हुआ। इस आयोजन को एआईएमएस द्वारा प्रमाणित किया गया, जिससे धावकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। भारतीय स्टेट बैंक हमेशा हरित भविष्य के लिए पहलों का समर्थन करता आया है। इस अवसर पर एसबीआई के वरिष्ठ अधिकारी—रविंद्र कुमार श्रीवास्तव (महाप्रबंधक, दक्षिण बिहार नेटवर्क), प्रभास बोस (महाप्रबंधक, झारखंड नेटवर्क), नरेश कुमार रहेजा (महाप्रबंधक, सर्कल ऑडिट ऑफिस), ने मैराथन के तीनों कैटेगरीज को फ्लैग-ऑफ कर इसकी शुरूआत की।

## पंजाब में आम आदमी पार्टी की उल्टी गिनती शुरू : चुघ

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने सोमवार को कहा कि दिल्ली के चुनावी नतीजों के बाद अरविंद केजरीवाल का फर्जी और धोखेबाजर चेहरा देश के सामने आने के साथ ही पंजाब में भी आम आदमी पार्टी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। चुघ ने दावा किया कि पंजाब में आम आदमी पार्टी ताश के पत्तों की तरह है, जो जल्द ही ढह जाएगी क्योंकि भगवंत मान सरकार जिस बहुचर्चित दिल्ली मॉडल को पंजाब में लागू करना चाहती थी, उसे दिल्ली ने सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल और उनके मॉडल को दिल्ली की जनता ने यमुना में फेंक दिया है। चुघ ने पार्टी मुख्यालय में मीडियाकर्मियों से कहा कि केजरीवाल का दिल्ली का फर्जी मॉडल कुछ भी नहीं है। दस साल तक दिल्ली की जनता को सिर्फ धोखा दिया, जिसका उदाहरण घोटालों की सूची है- शराब घोटाला, छात्रवृत्ति घोटाला, शिक्षा और स्वास्थ्य, जल बोर्ड घोटाला। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों को आम आदमी पार्टी के भ्रामक प्रचार से भ्रमित होने की गलती का एहसास हो चुका है और अब पंजाब मान सरकार का अंत देखने के लिए तैयार है। पंजाब में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, मान सरकार सभी मोर्चों पर पूरी तरह विफल है और गैंगस्टर एवं अन्य माफिया राज्य में खुलेआम घूम रहे हैं, पंजाब अब बदलाव की तलाश में है। पंजाब में आम आदमी पार्टी विधायकों के समर्थन का दावा करने वाली कांग्रेस से जुड़े सवाल पर चुघ ने चुटकी लेते हुए कहा कि देश के लगभग सभी हिस्सों में कांग्रेस का सफाया हो चुका है।

## नेपाल : सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं ने सोशल मीडिया के प्रस्तावित विधेयक का किया विरोध

एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल के केपी ओली की सरकार के सोशल मीडिया को नियंत्रण और नियमन करने के लिए संसद में पेश किए गए विधेयक का कई सत्तारूढ़ दल के नेताओं ने विरोध किया है। ओली सरकार को समर्थन कर रहे सबसे बड़े राजनीतिक दल नेपाली कांग्रेस की तरफ से ही इस प्रस्तावित विधेयक का खुलकर विरोध होने लगा है। पार्टी के महामंत्री गगन थापा ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया को नियमन करने के नाम पर जिस तरह का विधेयक संसद में पेश किया गया है, वह उसी रूप में पारित नहीं हो सकता है। काठमांडू में पत्रकार



सम्मेलन में कांग्रेस महामंत्री थापा ने कहा कि इस विधेयक में कई सुधार करने की आवश्यकता है। यदि सरकार इस विधेयक के कुछ आपत्तिजनक प्रावधानों को बदलने के लिए तैयार होती है तो ही इसका समर्थन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के नियमन के नाम पर लोगों के लिखने-बोलने की स्वतंत्रता को नियंत्रित करना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। सिर्फ सरकार को समर्थन कर रही पार्टी ही इसका विरोध नहीं कर रही है बल्कि इसके विरोध में स्वयं ओली की पार्टी के सांसद ने भी मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने इस विधेयक को लाने वाले अपने ही पार्टी के मंत्री की आलोचना करते हुए कहा कि सोशल मीडिया को भी नियमों के दायरे में लाया जाना ठीक है लेकिन इसकी आड़ में एक भी जनता की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने के किसी भी प्रयास का वो व्यक्तिगत रूप से विरोध करेंगे। पंत ने कहा कि इस विधेयक में सुधार की काफी गुंजाइश है और सरकार को इसका पुनरावलोकन करना ही होगा। सरकार को समर्थन करने वाली छोटी पार्टियां भी इस विधेयक के खिलाफ में कई संशोधन प्रस्ताव पेश कर चुकी है। जनमत पार्टी के सांसद अब्दुल खान ने कहा कि सरकार के खिलाफ लिखने और बोलने वालों को जो सजा का प्रावधान रखा गया है, उसको बदलने के लिए संशोधन प्रस्ताव पेश किया गया है। सरकार ने पिछल दिनों सभी प्रकार के सोशल मीडिया पर लिखने, बोलने, कंटेंट बनाने, कमेंट करने से लेकर लाइक और शेयर करने वालों तक को कानूनी दायरा में लाते हुए झूठ, अफवाह, गलत समाचार, गलत कंटेंट, सरकार की आलोचना करना और ट्रोल करने वालों के खिलाफ तीन से पांच साल तक की सजा और अधिकतम पांच लाख रुपये तक के जुर्माना लगाने का कानून बनाने के लिए यह विधेयक संसद में पेश किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 12 फरवरी तक नहीं मिलेगा वीआईपी पास



**अयोध्या :** महाकुम्भ के चलते राम मंदिर में वीआईपी और विशिष्ट दर्शन की भी होड़ लगी हुई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र प्रशासन ने बताया है कि 11 फरवरी तक राम मंदिर के वीआईपी पास फुल हो चुके हैं। इसलिए 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा के दिन वीआईपी पास जारी करने पर रोक रहेगी। वहीं बढ़ती भीड़ को देखते हुए दर्शन की अवधि फिर बढ़ा दी गई है। सुबह चार बजे से भगवान की मंगला आरती के बाद पांच बजे से श्रद्धालुओं को दर्शन मिलना शुरू हो जाता है। इस समय भीड़ के दबाव को देखते हुए राम मंदिर रात 11 बजे तक आम श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोला जा रहा है। राम मंदिर में प्रतिदिन चार हजार के लगभग वीआईपी दर्शन कराए जा रहे हैं। वीआईपी दर्शन के लिए ट्रस्ट की ओर से सात स्लॉट निर्धारित किए गए हैं। राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि वीआईपी दर्शन के सभी स्लॉट दो से तीन दिन पहले ही बुक कर लिए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अग्रिम बुकिंग की सुविधा की गई थी। अभी 11 फरवरी तक के सभी स्लॉट फुल हो चुके हैं। बता दें कि महाकुम्भ से लौटे और राम नगरी में दर्शन कर महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं से अयोध्या में भारी भीड़ है। सभी सड़कों पर जाम हैं। पिछले 20 दिनों में रामलला के दरबार में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। राम जन्मभूमि मंदिर में प्रतिदिन तीन लाख श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे हैं।

### 'एयरो इंडिया' में एचएएल ने स्वदेशी ट्रेनर एचजेटी-36 का नाम बदलकर किया 'यशस'




**बेंगलुरु :** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने अपने एचजेटी-36 प्रशिक्षण विमान का नाम बदलकर 'यशस' कर दिया है। रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार ने एयरो इंडिया के एचएएल पवेलियन में नामकरण के बाद ट्रेनर विमान का नया संस्करण लॉन्च किया। एचएएल के प्रमुख डीके सुनील ने कहा कि यह विमान किरण मार्क-2 की जगह ले सकता है और इसमें निर्यात की भी अच्छी संभावनाएं हैं। एचएएल के मुख्य जेट प्रशिक्षण विमान हिंदुस्तान जेट ट्रेनर एचजेटी-36 का नाम अब 'यशस' रखा गया है। यह बदलाव विमान के पूरे आवरण में प्रस्थान विशेषताओं और स्पिन प्रतिरोध को हल करने के लिए व्यापक संशोधनों के बाद किया गया है। एचएएल प्रमुख डॉ. डीके सुनील ने इस अवसर पर कहा कि बेसलाइन इंटरमीडिएट प्रशिक्षण प्लेटफॉर्म में बड़े पैमाने पर किए गए परिवर्तनों से इसकी क्षमताओं में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है। इसलिए अब यह आधुनिक सैन्य विमानन के लिए प्रशिक्षण प्रणाली के रूप में विमान की निरंतर प्रासंगिकता के अनुरूप एक नया नाम दिए जाने का अवसर प्रदान किया गया है। सीएमडी डॉ. सुनील ने एयरो इंडिया 2025 में निदेशकों और वरिष्ठ नेताओं के साथ एचएएल स्टॉल एचएएल-ई का उद्घाटन किया। लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच) एचएएल मंडप का मुख्य आकर्षण है। एचएएल लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर और इसके लाइट ऑब्जर्वेशन हेलीकॉप्टर को नागरिक और सैन्य अनुप्रयोगों के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के अनुसंधान और विकास अनुभागों में से एक रोटरी विंग रिसर्च एंड डिजाइन सेंटर ने डिजाइन और विकसित किया है। इसके अलावा एचएएल में विकसित विभिन्न नवीन उत्पाद भी प्रदर्शित किए गए हैं।

### दिल्ली की हार के लिए कांग्रेस का अड़ियल रुख जिम्मेदार : ममता बनर्जी

**कोलकाता :** दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम के दो दिन बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की करारी हार के लिए कांग्रेस का अड़ियल रुख जिम्मेदार है। अगर कांग्रेस आप के साथ समन्वय बनाकर चलती तो दिल्ली में इस तरह के नतीजे नहीं आते। साथ ही उन्होंने हरियाणा विधानसभा चुनाव के संदर्भ में अरविंद केजरीवाल की पार्टी पर भी तंज कसा। कहा कि अगर आप हरियाणा में कांग्रेस के साथ गठबंधन करती तो वहां पर भी परिणाम अलग हो सकते थे। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीत लीं हैं, जबकि आप को 22 सीटें मिलीं हैं। इस चुनाव में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला है। चुनाव परिणाम आने के तुरंत बाद तो ममता बनर्जी ने कोई औपचारिक बयान नहीं दिया, लेकिन सोमवार को विधानसभा परिसर में तृणमूल के विधायक दल की बैठक में उन्होंने इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कुछ प्रतिशत वोटों के अंतर से ही दिल्ली की सत्ता पर कब्जा किया है। अगर कांग्रेस आप के साथ गठबंधन करती तो ऐसा नहीं होता। कांग्रेस का महज पांच प्रतिशत वोट हासिल करना बेहद चिंताजनक है। इस दौरान ममता बनर्जी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव का भी जिक्र किया, जहां भाजपा ने 90 में से 48 सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस को 37 सीटें मिली थीं। वहीं केजरीवाल की पार्टी हरियाणा में एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। इस संदर्भ में ममता ने कहा कि अगर हरियाणा में आप कांग्रेस के साथ तालमेल बिठाकर चलती तो नतीजे कुछ और हो सकते थे।

### गुजरात के नडियाद में तीन लोगों की संदिग्ध मौत

**नडियाद :** गुजरात के खेड़ा जिले में रविवार देर रात 3 लोगों की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मृतकों के परिजनों का दावा है कि इन्होंने शराब पी थी, जिसके आधे घंटे के अंदर ही तीनों की मौत हो गई। पुलिस और प्रशासन ने लट्ठाकांड की आशंका को देखते हुए एफएसएल की सहायता से जांच शुरू कर दी है। नडियाद शहर की पुलिस टीम ने तीनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कर रही है। मृतकों में योगेश कुशवाहा (40), रविन्द्र राठौर (50) और कनुभाई चौहाण (59) हैं। जानकारी मिलने पर नडियाद शहर के मंजीपुरा रोड पर स्थित जवाहरनगर क्षेत्र में पुलिस और एफएसएल की टीम पहुंची और घटनास्थल जय महाराज सोसायटी के पास जांच शुरू की। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकता है। मृतक के परिजन पी के चौहाण ने बताया कि उसका भतीजा कनु चौहाण वजन कांटा लेकर जवाहरनगर फाटक के पास बैठता था। रोजाना शराब पीने की उसकी लत थी। रविवार शाम को भी उसने शराब पी थी, जिसके बाद उसकी तबियत बिगड़ गई। उसे एम्बुलेंस से नडियाड सिविल हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यहां आधे घंटे में भतीजे के अलावा दो अन्य लोगों की मौत हो गई, इन सभी ने शराब पी थी।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**